राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 239
लखनऊ, शनिवार 2 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





दबंगों ने घर में घुसकर महिला को पीटा, जेवरात लेकर भागे 10

वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की नींव हैं मजदूर : धर्मपाल 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,50,430/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,38,000/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,840/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## हर श्रमिक परिवार को मिलेगी स्वास्थ्य सुरक्षा : योगी

- 12.26 लाख निर्माण श्रमिकों को दी आयुष्मान कार्ड सुविधा, शेष 15.83 लाख श्रमिकों को भी शीघ्र मिलेगा लाभ : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को आयोजित 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' में श्रमिकों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश का विकास तभी सार्थक है, जब श्रमिक वर्ग सशक्त और सुरक्षित हो। इसी दृष्टि से राज्य सरकार श्रमिक परिवारों को व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच से जोड़ने का अभियान तेजी से आगे बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक 12 लाख 26 हजार निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड सुविधा दी जा चुकी है, जिससे उनके परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध हो रहा है। शेष 15 लाख 83 हजार श्रमिकों को भी शीघ्र इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। औसतन एक परिवार में पांच सदस्यों के आधार पर, यह पहल 75 से 80 लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देगी। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में कम से कम एक करोड़ श्रमिक परिवारों, यानी लगभग पांच करोड़ लोगों तक इस योजना का सीधा लाभ पहुंचाना है, जो प्रदेश के इतिहास में श्रमिक कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



### श्रमिकों के पसीने से ही नए भारत का निर्माण हो रहा

अटल आवासीय विद्यालय के पहले बैच के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2023 में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना एक नई मिसाल बनी। इन बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के अथक श्रम व पसीने की लाज रखी है। नए भारत के निर्माण में आप सभी श्रमिक भाई-बहन प्रधानमंत्री के विजन के वास्तविक शिल्पकार हैं। पहले विडंबना यह थी कि जो श्रमिक दूसरों को छत, अन्न और अस्पताल देते थे, स्वयं उनके पास आवास नहीं होता था, उनके बच्चे भूख से तड़पते थे और उन्हें इलाज की सुविधा नहीं मिलती थी। लेकिन अब प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 'श्रममेव जयते' मंत्र के साथ श्रमिकों को सम्मान और गौरव मिल रहा है।

### काम का पूरा दाम देना होगा, नहीं तो कार्रवाई तय

लखनऊ अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों के हितों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों से काम लेकर भुगतान में टालमटोल या कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि श्रमिक ने काम किया है, तो उसे उसका पूरा दाम मिलना ही चाहिए, अन्यथा सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले श्रमिकों का शोषण होता था, लेकिन अब सरकार उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में नोएडा में हुए श्रमिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में औद्योगिक अशांति किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी।

### श्रमिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में श्रमिकों के ठहरने के लिए डोरमेट्री और सस्ती कैंटीन की व्यवस्था की जाएगी, जहां उन्हें किफायती भोजन, स्नानघर, मनोरंजन और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है, जबकि 65 लाख लोगों को नया रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य की छवि से निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं, जहां श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का सैलाब

- तेरह लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**हरिद्वार, समृद्धि न्यूज।**



बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को हरिद्वार में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के अनुसार आज संध्याकालीन गंगा आरती तक 13 लाख 5 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। समाचार लिखे जाने तक स्नान जारी था।

भोर सवेरे से ही हरकी पैड़ी, मालवीय द्वीप, सुभाष घाट,गौ घाट व रोडीबेलवाला सहित सभी प्रमुख गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। हर-हर गंगे और बुद्धं शरणं गच्छामि के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने गंगा की पवित्र धारा में पुण्य की डुबकी लगाई। मान्यता है कि बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान और दान करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है और घरों में सुख-समृद्धि आती है। इस पावन पर्व पर भारत के विभिन्न शहरों और गांवों से लाखों श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में दर्शन किए तथा दान पुण्य कर मोक्ष की कामना की। वैशाख पूर्णिमा को ही भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था। वे भगवान विष्णु के नौवें अवतार माने जाते हैं। उदयातिथि के अनुसार आज ही बुद्ध पूर्णिमा का स्नान-दान किया जा रहा है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर रहा। सभी घाटों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 दिन तक टोल-फ्री रहेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनहित में बड़ा निर्णय लेते हुए गंगा एक्सप्रेस-वे को कमर्शियल ऑपरेशन डेट (सीओडी) से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने की घोषणा की है। इस फैसले के तहत प्रदेश की जनता बिना किसी शुल्क के यूपी के सबसे लंबे व अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव कर सकेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए परियोजना के कन्सेशनैयर्स आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर और अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर को 15 दिनों तक टोल कलेक्शन स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यूपीडा द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में यात्रियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**हैदराबाद।** नगर में शमशाबाद के पास आउटर रिंग रोड (ओआरआर) पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से कार ने टक्कर मार दी। शुक्रवार की शाम को हुई दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। मृतकों की पहचान मूल रूप से राजन्ना सिरसिला जिले के रहने वाले और वर्तमान में हैदराबाद के सनतनगर बोल्ली शिव कुमार (37) के रूप में हुई। शिव कुमार ही कार चला रहे थे। उनके अलावा उनकी पत्नी बोल्ली लास्या के अलावा बोल्ली ऋषिता, कोडम श्रीनिवास और दो बच्चे, जिनके नाम कृष्णा चंद्रा और कोडेम माधव की भी मौत हुई है। इस दुर्घटना में श्रीनिवास की पत्नी श्वेता गंभीर रूप से घायल हुई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले कीजांच कर रही है।

### केदारनाथ में वीआईपी दर्शन पर तीर्थ पुरोहितों में आक्रोश

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में वीआईपी दर्शन को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। शुक्रवार को देश के उद्योगपति गौतम अडाणी अपने परिवार के साथ धाम पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों में नाराजगी खुलकर सामने आ गई। वीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर पहले से ही असंतोष जता रहे तीर्थ पुरोहितों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। तीर्थ पुरोहित अंकुर शुक्ला ने आरोप लगाया कि वीआईपी दर्शन की व्यवस्था के कारण आम श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष लोगों को प्राथमिकता दिए जाने से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं और लंबी कतारों में लगे श्रद्धालुओं में असंतोष बढ़ रहा है।

## मई में सामान्य से 110 प्रतिशत अधिक बारिश, आईएमडी का पूर्वानुमान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार मई का महीना देश के अधिकांश हिस्सों के लिए राहत और चुनौतियों का मेल भरा रहेगा। एक तरफ जहां पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की अधिक संभावना है, वहीं कुछ राज्यों में लोगों को सामान्य से अधिक हीटवेव का सामना करना पड़ सकता है।



मई के लिए अनुमान जारी करते हुए शनिवार को भारतीय मौसम विभाग ने सामान्य से 110 प्रतिशत अधिक बारिश का अनुमान जताया है। विभाग ने बताया कि पूरे देश में औसत बारिश सामान्य से अधिक होने के संभावना है। साल 1971 से 2020 के आंकड़ों के आधार पर मई में औसतन 61.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार देश में अधिकांश स्थानों पर सामान्य से अधिक बारिश रहेगी सिवाय पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत तथा पूर्वी मध्य भारत के कुछ हिस्सों में बारिश सामान्य से कम रहेगी। लेकिन मई के महीने में गंगा के मैदानी क्षेत्र, पूर्वी तटीय राज्यों, गुजरात, और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन रहने की संभावना है। गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तटीय ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के कुछ अलग-अलग इलाकों में सामान्य से अधिक दिनों तक हीट वेब रहने की संभावना है। हिमालयी राज्यों में 3-4 दिन अतिरिक्त हीटवेव चलने और मानसून के दौरान अल-नीनो सक्रिय होने की भी चेतावनी दी गई है। वहीं, देश के अधिकांश राज्यों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

### देश में बढ़ रहे ऑटिज्म के मामले, एम्स के ताजा अध्ययन में सामने आया तथ्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश और दुनिया में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब हर 31 बच्चों में से 1 बच्चा इससे प्रभावित पाया जा रहा है, जबकि पहले यह आंकड़ा 89 में 1 था। भारत में ताजा राष्ट्रीय आंकड़े सीमित हैं लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यहां भी मामलों में बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ताजा अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। एम्स के बाल चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर शेफाली गुलाटी ने बताया कि ऑटिज्म सिर्फ एक आंकड़ा नहीं बल्कि लाखों परिवारों की सच्चाई है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, बढ़ता प्रदूषण और सामाजिक बदलाव इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। एम्स के अध्ययन में पाया गया कि 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों में मिर्गी, ध्यान की कमी, व्यवहारिक समस्याएं और नींद से जुड़ी दिक्कतें भी साथ में होती हैं, जिससे परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ऑटिज्म के शुरुआती लक्षण 12-18 महीने में दिखने लगते हैं, जैसे बोलने में देरी, आंखों से कम संपर्क और सामाजिक व्यवहार में बदलाव। समय पर पहचान और सही देखभाल से बच्चों के विकास में काफी सुधार संभव है।

## मप्र के उज्जैन-नागदा स्टेशन पर ट्रेन से अहमदाबाद ले जाए जा रहे 26 बच्चों का रेस्क्यू, तस्करी की आशंका

**एजेंसी, उज्जैन।**

मध्य प्रदेश के उज्जैन और नागदा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की रात बड़े स्तर पर तस्करी की सूचना पर बड़ा अभियान चलाकर अंत्योदय एक्सप्रेस से 26 नाबालिगों का रेस्क्यू किया गया है। इन बच्चों को बिहार के मुजफ्फरनगर से गुजरात के अहमदाबाद ले जाया जा रहा था। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को सूचना मिली थी कि करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उज्जैन में चार थानों का पुलिस बल, आरपीएफ, जीआरपी, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को अलर्ट किया गया। गुरुवार रात करीब 11 बजे जैसे ही अंत्योदय एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन पहुंची, टीम ने ट्रेन में सर्चिंग शुरू की। करीब आधे घंटे तक 50 से अधिक बच्चों और उनके साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें शुरुआती तौर पर चार बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इसी दौरान ट्रेन आगे बढ़ गई। रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहीं सीएसपी दीपिका शिंदे ने तत्काल नागदा स्टेशन को सूचना देकर ट्रेन रुकवाई। वहां करीब एक घंटे तक चली सर्चिंग के बाद 22 और नाबालिग बच्चों को ट्रेन से उतारा गया।

रात करीब तीन बजे तक चली इस कार्रवाई में कुल 26 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। नागदा से उतारे गए सभी बच्चे नाबालिग हैं। इनमें दो बच्चों की उम्र 14 साल से कम और अन्य की 14 से 18 साल के बीच है। उज्जैन सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि चार बच्चों को उज्जैन स्टेशन और 22 को नागदा स्टेशन से उतारा गया। सभी की उज्जैन में काउंसलिंग की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। सभी बच्चों को फिलहाल उज्जैन जीआरपी को सौंप दिया गया है। परिजनों से संपर्क कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चों को फिलहाल सीडब्ल्यूसी उज्जैन में रखा जाएगा। पुलिस को आशंका है कि बच्चों को मजदूरी के लिए गुजरात ले जाया जा रहा था। हालांकि कुछ बच्चे सोमनाथ और अन्य स्थानों पर घूमने जाने की बात भी कह रहे हैं। मामले की जांच जारी है।

### पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर और मगराहट पश्चिम के 15 बूथों पर पुनर्मतदान दो मई को



**एजेंसी, दक्षिण।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान के दौरान मिली गड़बड़ियों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने दो विधानसभा क्षेत्र के 15 बूथों पर पुनर्मतदान का फैसला लिया है। पुनर्मतदान के तहत मगराहट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के 4 बूथ शामिल हैं। यह पुनर्मतदान 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पुनर्मतदान कराया जाएगा। आयोग ने यह निर्णय 29 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मिली शिकायतों और रिपोर्टों की समीक्षा के बाद लिया। रिटर्निंग अधिकारियों, पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट, वीडियो फुटेज और जमीनी हालात के आधार पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 58(2) के तहत मतदान रद्द किया गया। सूत्रों के मुताबिक, मतदान के दिन ईवीएम खराबी, बूथ कैप्चरिंग और हिंसा जैसी घटनाओं की शिकायतें सामने आई थीं।

## नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून से शुरू होगी हवाई यात्रा

**एजेंसी, नोएडा।**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून से उड़ान सेवाएं शुरू होने जाएंगी। इसी के साथ दिल्ली एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत के यात्रियों को नोएडा एयरपोर्ट से यात्रियों के उड़ान और कार्गो की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने शुक्रवार को बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून को पहली उड़ान इंडिगो एयरलाइंस की होगी। उड़ान कहां के लिए होगी और किस समय होगी, इसको लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी और एयरलाइन जल्द ही घोषणा करेगी। सीईओ आरके सिंह ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट आधुनिक टर्मिनल, बुनियादी ढांचा, कुशल संचालन और मजबूत मल्टीमाडल कनेक्टिविटी का संगम है।




वाणिज्यिक संचालन की शुरुआत क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और व्यापक क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और निवेश के नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक सेवाओं के शुभारंभ से पहले हवाई अड्डे का सुरक्षा ढांचा, प्रणालियां और संचालन प्रक्रियाएं नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप पूरी कर लिया गया है। इंडिगो एयरलाइंस नोएडा एयरपोर्ट से पहली उड़ान संचालित करेगी, जिसके बाद जल्द ही अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी उड़ान भरेगी। एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए शुरू होने वाली उड़ानों की समय सारणी, गंतव्यों और यात्री सेवाओं के बारे में जल्द यात्रियों को जानकारी दी जाएगी।

### रांची के सात साल के इशांग ने श्रीलंका से धनुषकोडी तक तैरकर बनाया अनोखा विश्व रिकॉर्ड



**एजेंसी, रामनाथपुरम।** झारखंड के 7 साल के एक बच्चे ने समुद्र की लहरों पर तैरकर दुनिया के सबसे कम उम्र और सबसे तेज तैराक होने का दोहरा रिकॉर्ड बनाया है। बच्चे ने श्रीलंका के तलाईमन्नार से तैरना शुरू कर भारत के धनुषकोडी तक की दूरी केवल 9 घंटे 50 मिनट में पूरी की है। विश्व रिकॉर्ड बनाने के साथ ही असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे का नाम इशांग है। यह झारखंड राज्य के रांची निवासी है।

## चार सूबों के चुनाव समाप्त होते ही गैस के दाम बढ़े

- कॉमर्शियल गैस सिलेंडर अब 993 रूपये हुआ महंगा

**आर.बी.सिंह**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देश में एक बार फिर महंगाई ने आम लोगों की जेब पर दबाव बढ़ा दिया है। आज से 19 किलो वाले कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में रुपये 993 की बढ़ोतरी की गई है, जो एक मई से लागू भी हो गई है।

खाड़ी देशों से एलपीजी गैस का आयात रुकने के बाद अब सरकार के सामने कीमतें बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प बचा ही नहीं है, क्योंकि सरकार पर भी भारी कर्ज पहले से बना हुआ है और अब सरकार आगे



और बोझ उठा नहीं सकती। बढ़ी हुई कीमतों के आधार पर दिल्ली में एक कामर्शियल सिलेंडर की कीमत अब रुपये 3,071.50 हो गई है और लखनऊ में यही सिलेंडर रुपये 3,194.50 का मिलने लगा है। नतीजा इसका सीधा असर उन लोगों को प्रभावित करेगी जो अपने बिजनेस के लिए गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक देश की सरकारी तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बावजूद घरेलू विमानन टरबाइन ईंधन की दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।

माना जा रहा है कि सरकार को अधिकतम 15 दिनों में ही कीमतों में वृद्धि करना ही पड़ेगी। सरकार ने चार राज्यों के समाप्त होते ही बड़ी बढ़ोत्तरी की है। चुनाव के समय 1 मार्च को रुपये 28.31 पैसे, 7 मार्च को रुपये 114.50 पैसे, 1 अप्रैल को रुपये 195.50 बढ़ोत्तरी की थी और अब 1 मई को रुपये 993 की बड़ी बढ़ोतरी कर आम लोगों की जेब पर दबाव बढ़ा दिया है।

## राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली राहत

### संभल विवाद में एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शुक्रवार को राहत देते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।



सिमरन गुप्ता नाम की एक महिला द्वारा दायर इस याचिका पर न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने यह आदेश पारित किया। इससे पहले मामले में न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने याचिकाकर्ता के वकील और राज्य सरकार के वकील की दलीलें सुनने के बाद आठ अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता ने संभल की एक अदालत के आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। संभल की अदालत ने 2025 में राहुल गांधी की कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

याचिकाकर्ता के मुताबिक, राहुल गांधी ने 2025 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कथित तौर पर कहा था, हम भाजपा, आरएसएस और भारत सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। याचिकाकर्ता का कहना था कि इस टिप्पणी से देशभर में लोगों की भावनाएं आहत हुईं क्योंकि राहुल गांधी की टिप्पणी देशद्रोह के समान है जो देश को अस्थिर करने की मंशा से जानबूझकर की गई थीं। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने याचिकाकर्ता के वकील और राज्य सरकार के वकील की दलीलें सुनने के बाद आठ अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## मेधावी छात्रा को डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने टैबलेट देकर किया सम्मानित

- गाँव गंगलऊ परमनगर की बेटी अंशिका यादव ने रचा इतिहास, प्रदेश में पाया चौथा स्थान
- छात्रा बोली- आगे चलकर सिविल सेवा की तैयारी में यह टैबलेट मिशन का बनेगा आधार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 97.17 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में प्रथम एवं प्रदेश चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. अंशिका को उनके घर ग्राम गंगलउ परमनगर पहुंचकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने टैबलेट देकर सम्मानित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंशिका यादव जो मनीष कुमार की पुत्री हैं और एसके इंटर कॉलेज मंझना की छात्रा हैं।

डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व का पल है कि 10वीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान और पूरे प्रदेश में चौथा स्थान हासिल कर अंशिका ने अपने परिवार और गाँव का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने अंशिका यादव से मुलाकात की, उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने अंशिका यादव को वन-प्लस कंपनी का टैबलेट भेंट किया, ताकि वह आगे की पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि अंशिका जैसी बेटियां समाज और देश का भविष्य हैं, इनकी मेहनत और लगन हर किसी के लिए प्रेरणा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में हम लोग इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि सरकार बनने पर ऐसी योजना लाई जाए, जिसमें गरीब परिवार के मेधावी बच्चों को सरकार के सहयोग से आगे पढ़ने का मौका दिया जाए।



मेधावी छात्रा को टैबलेट देकर सम्मानित करते सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

इस दौरान मेधावी छात्रा कु. अंशिका ने कहा कि उनके पिता एक साधारण किसान हैं, बिना किसी कोचिंग और दिखावटी तामझाम के अपनी मेहनत और एकाग्रता से ये सफलता हासिल की है, जिन लोगों ने भी मेरी इस मेहनत का सम्मान किया उन सभी को धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ, आगे चलकर सिविल सेवा की तैयारी करने की योजना है ये टैबलेट हमारे उस मिशन का आधार बनेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनय यादव, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, रामपाल यादव, रानू गंगवार, अभय यादव, सर्वेश अम्बेडकर आदि लोग साथ रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मनरेगा श्रमिक सम्मानित

- जिला पंचायत सभागार में छात्र-छात्राओं व श्रमिकों को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अपर जिलाधिकारी ने किया सम्मानित
- ग्राम पंचायतों में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जनपद में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों तथा श्रम विभाग के तत्वाधान में श्रमिकों के साथ जिला पंचायत सभागार में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम मिश्र एवं अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर में अध्यनरत तथा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया।

जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान मनरेगा श्रमिकों को फूल-माला पहनाकर, अंग वस्त्र भेंट कर तथा मिष्ठान वितरित कर सम्मानित किया गया। खंड विकास अधिकारियों की उपस्थिति में श्रमिकों को सम्मानित करते हुए उनके परिश्रम और समर्पण की प्रशंसा की गई। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की भी सक्रिय सहभागिता रही।

अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा श्रमिक ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और उनके परिश्रम से ही गांवों में आधारभूत संरचना मजबूत हो रही है। सड़कों, तालाबों, जल संरक्षण एवं अन्य विकास कार्यों में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहते हुए उन्हें निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई तथा उन्हें योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अधिकारियों ने श्रमिकों से अपील की कि वे अपने कार्यों को पूरी निष्ठा एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न करें, जिससे जनपद के विकास को और गति मिल सके।

यह आयोजन श्रमिकों के सम्मान और उनके मनोबल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रमों में श्रमिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह ने श्रमिकों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को और मजबूत किया।

कार्यक्रम के दौरान उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा अनुभव वर्मा, सहायक श्रमायुक्त गोण्डा मोहम्मद अब्बास, उपायुक्त जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र गोण्डा श्री बाबूराम यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रधान सहायक योगेश सिंह, विभिन्न व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ-साथ श्रम विभाग एवं श्रमिकगण सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गोंडा में राजन महाराज सुनाएंगे नौ दिन श्रीराम कथा



- 2 लाख आमंत्रण पत्र वितरित, 3 से 11 मई तक चलेगी श्री राम कथा, 12 मई को होगा विशाल भंडारा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को एक पत्रकार वार्ता के दौरान भवानी भीख शुक्ला ने बताया की 2022 से हमारा सपना था और इसके लिए हमने तभी राजन जी महाराज को बुक कर लिया था और आज 4 वर्षों बाद राजन जी महाराज के कथा का नंबर आया है इसके लिए होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान श्री शुक्ल ने बताया कि इस कथा में हमने पूरे योगी मंत्रिमंडल को भी आमंत्रित किया है कथा 9 दिन चलेगी और दसवें दिन यानी 12 म ई को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## विद्यालय गेट के सामने की भूमि पर अतिक्रमण झोपड़ी व पशु को बांधते लोग, कार्रवाई शून्य




**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में लगातार अतिक्रमण हटाने को लेकर शासन प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है तो वहीं कुछ जगहों पर सरकारी विद्यालय के गेट पर पड़ी विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण कर रास्ता अवरोध की चर्चा जोरों पर है और इसका जिम्मेदार कौन? है ग्राम प्रधान या ग्राम सचिव अथवा लेखपाल फिर हाल अभी तो कुछ कहना मुश्किल है।जनजागरूक लोगों के बीच ये चर्चा का विषय बना पंडरी कृपाल ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोनवर्षा का कम्पोजिट विद्यालय जो शिक्षा क्षेत्र पंडरी कृपाल मे है।गेट के ठीक सामने रोड से लगा हुआ सरकारी विद्यालय की भूमि है जिसपर लगातार अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लोगों ने झोपड़ पड़ी आदि रख ली है चर्चा के मुताबिक सरकारी विद्यालय के सामने अवैध तरीके से कुछ लोग पशुओं को भी बांधते हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने तो जैसे मुंह मोड़ लिया हो और सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने की प ल करने के इंतजार में एक दूसरे की आंस लगाएं हुए हैं।कम्पोजिट विद्यालय की जो भूमि होती है उसपर सिर्फ विद्यालय के उपयोग हेतु ही अधिकृत मानी जाती है।कई लोगों से दबे जुबान में जानकारी मिली है कि अवैध अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया जाता है लेकिन कुछ दिनों बाद पुनः अतिक्रमण कर लिया जाता है।अब सवाल यह उठता है कि जब अतिक्रमण शासन प्रशासन के देखरेख में हटता है तो पुनः अतिक्रमण किसके सह पर हो जाता है।इस प्रकार के अवैध अतिक्रमण व विद्यालय गेट पर कब्जा करने के सम्बन्ध में हमारे मीडिया कर्मियों ने ग्राम प्रधान सोनवर्षा के दूरभाष पर सम्पर्क करने की कोशिश भी किया लेकिन किन्हीं कारणवश उनका पक्ष नहीं मिल सका।अब देखना यह है कि क्या खबरों का संज्ञान जिम्मेदार लेंगे और अतिक्रमण कारियों पर कड़ी कार्यवाही करके कम्पोजिट विद्यालय के सामने की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाकर भविष्य में ऐसा न है उचित कानूनी व्यवस्था होगी या सिर्फ नाममात्र ही होगा।

## खबरें एक नजर में

### विहान आवासीय बालिका विद्यालय में चिकित्सा शिविर आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विहान आवासीय बालिका विद्यालय हुजूरपुर रोड बहराइच में चिकित्सा शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए उप श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं तथा उनके अभिभावको के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। साथ ही नवीन श्रम संहिताओं तथा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिको हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जबकि विहान विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद के अध्यक्ष राकेश सनातनी सहित गणमान्य व संभ्रान्तजन, विद्यालय का शिक्षण स्टाफ, छात्राएं व उनके अभिभावक तथा श्रमिकगण मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए विशेष न्यायाधीश ने की बैठक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद में 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो)/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, अरबिंद गौतम की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को सिविल कोर्ट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें बहराइच जजशिप के न्यायिक अधिकारी व एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विनोद कुमार यादव मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्री गौतम द्वारा न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आगामी 09 मई 2026 को सम्पन्न होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण कराया जाय। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु मौजूद न्यायिक अधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किये गये। बैठक के माध्यम से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच द्वारा जन सामान्य से अपील की गई कि 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को नियत करवाकर सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित करवाये तथा राष्ट्रीय लोक अदालत का भरपूर लाभ उठाये।

### सांप काटने से मासूम की मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में सांप के काटने से एक 10 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। यह घटना देहात कोतवाली इलाके के गोकुलपुर गांव में हुई, जहां बच्चा खेत में खेल रहा था। परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। गोकुलपुर गांव निवासी केदार का 10 वर्षीय पोता रमन अपने दोस्तों के साथ शुक्रवार को घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में खेल रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया, जिससे वह बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने तुरंत रमन के परिजनों को घटना की सूचना दी। परिवार के लोग आनन-फानन में उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालांकि, डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद रमन को बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक रमन के बाबा ने बताया कि खेत में खेलते समय जहरीले सांप के काटने से ही रमन की जान गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महिला महाविद्यालय बहराइच में भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित पंच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह गुरुवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रेंजर्स प्रभारी डॉ. रीमा शुक्ला ने स्काउट ध्वज फहराकर एवं स्काउट झंडा गीत के साथ किया।शिविर के दौरान रेंजर्स को स्काउटिंग का इतिहास, उद्देश्य, विभिन्न प्रकार की गांठ एवं बंधन, साथ ही स्काउट तालियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर रेंजर्स की टोलियों ने महाविद्यालय परिसर में शिविर लगाकर रंगोली बनाई तथा सीमित संसाधनों में भोजन तैयार कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को मनमोहक बना दिया।समारोह के मुख्य अतिथि किसान डिग्री कॉलेज के विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाला समय स्त्री शक्ति का है, ऐसे में छात्राओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारित और जागरूक बनने की प्रेरणा दी। रेंजर्स प्रभारी डॉ. रीमा शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण श्रम, सामूहिकता और मानवता की भावना को विकसित करता है, जो समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा– दुनिया में वही शख्स है ताज़ीम के काबिल, जिसने हालात का रुख मोड़ दिया हो। कार्यक्रम में रेंजर्स का दीक्षा समारोह भी संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. प्रिया मुखर्जी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें समाज की रीढ़ बताते हुए आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने का संदेश दिया।अंत में सभी शिक्षकों ने रेंजर्स द्वारा तैयार भोजन ग्रहण किया और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। फ्लैग डाउन एवं राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त परिवार उपस्थित रहा।

### रोडवेज कर्मियों ने 16 सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी 16 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नाजिरपुरा इलाके में स्थित रोडवेज परिसर में आयोजित किया गया। कर्मचारियों ने लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। यूनियन के मंत्री विकास प्रजापति के नेतृत्व में शुक्रवार को यह धरना शुरू हुआ। इसमें बड़ी संख्या में रोडवेज कर्मी शामिल हुए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। मंत्री विकास प्रजापति ने बताया कि उनकी 16 सूत्री मांगों में सड़कों पर दौड़ रहे डग्गामार वाहनों पर रोक लगाना और संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित करना प्रमुख हैं। कर्मचारियों ने कहा कि अगर इन मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो 20 मई को रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले फिर से प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे रैली निकालकर पूरे प्रदेश में आंदोलन करेंगे।

# सम्पूर्ण विश्व को युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए : ए. के. नन्द

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




मानसिक गुलामी शारीरिक गुलामी से ज्यादा खतरनाक होती है। इसलिए तथागत बुद्ध की सबसे बड़ी खोज को «प्रतीत्य-समुत्पाद» कहते हैं। इसका अर्थ यह है कि कोई भी कार्य बिना कारण के नहीं होता। दोनों अतियों को दो अन्त कहा जाता है- एक काय क्लेश और दूसरा काय सुख।

इन दोनो को मध्यम मार्ग में ही रखना चाहिए किसी की चरमसीमा दुखदायक है। मध्यम मार्ग ही अष्टांगिक मार्ग है जिसमें सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प,सम्यक वचन, सम्यक कर्मान्त, सम्यक आजीविका, सम्यक व्यायाम, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि है। यह दुखमुक्ति का मार्ग है। सम्पूर्ण विश्व के मानव को एक सूत्र में पिरोने का मार्ग धम्म है जिसको मैत्री ही सम्पूर्ण धम्म कहा जाता है। कार्य-कारण का सिद्धांत ही विज्ञान का जनक है जिसके जन्मदाता तथागत बुद्ध ही हैं। बुद्ध धम्म को पूर्ण रूप से परिष्कृत करने के लिए कालाम सुत्त अर्थात स्वतन्त्र चिन्तन का घोषणा-पत्र तथागत बुद्ध ने बनाया है।

मन ही सभी कार्यों, धर्मो या अनुभूतियों के आगे आगे चलने वाला है। मन ही उसका प्रधान या मालिक है। कर्म मनोमय है। इसलिए सम्पूर्ण विश्व को युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए। उक्त विचार त्रिविधि पावनी बुद्ध (जयंती) पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मास के राष्ट्रीय संगठक ए.के.नन्द ने आशा बुद्ध विहार और सामणेर प्रशिक्षण केंद्र रानी पुरवा में व्यक्त किया। डा.राम लखन, (वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ) मुख्य अतिथि ने कहा कि भूख बहुत बड़ा रोग है। सभी प्राणी आहार पर ही निर्भर हैं। इसलिए आवश्यकता के अनुरूप उत्पादन होना चाहिए और उत्पादन का संतुलित वितरण होना चाहिए। आर्थिक गैरबराबरी का मुख्य कारण संग्रह प्रवृत्ति है। प्रत्येक मानव को चाहिए कि वह अपनी आमदनी को ठीक प्रकार से खर्च करे । प्रत्येक मानव को अपनी आमदनी को चार भागों में बांटना चाहिए। एक भाग से पालन-पोषण,दो भाग से जीविका चलाने का उद्यम और चौथे भाग को सुरक्षित भविष्य के लिए संरक्षित या बचत करना चाहिए। ऐसा करने से गरीबी उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त होगा। डा. लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि बुद्ध का धम्म सभी प्राणियों को दुखमुक्त करता है। घनश्याम प्रजापति ने कहा धम्म जोड़ने का सकारात्मक विकास करता है। उमेश कुमार ने कहा कि मानव मानव एक समान बुद्ध धम्म की है पहचान के जनक तथागत बुद्ध थे। आरके राव ने कहा कि तथागत बुद्ध ने जो कहा वह पूर्ण रूप से तर्क की कसौटी पर सत्य कहा। शिवकुमार विश्वकर्मा-प्रबंधक ने कहा कि तथागत बुद्ध का धम्म प्रारम्भ,मध्य और अन्त तक कल्याणकारी धम्म है।

# युवक को ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाने का आरोप, इलाज के दौरान मौत

- गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन, आश्वासन के बाद हुआ अंतिम संस्कार
- गांव में तनाव सुरक्षा के मद्देनज़र पीएसी तैनात



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विजयपुर अंतर्गत कुम्हारनपुरवा गांव में एक युवक को ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाने के आरोप का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक गणेश (उम्र लगभग 22 वर्ष) पुत्र अनिल कुमार ने गांव की ही एक 19 वर्षीय युवती से भागकर कोर्ट में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया था। परिजनों का आरोप है कि 25 अप्रैल 2026 को गणेश पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी गई। घटना के बाद परिजन व ग्रामीण उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल बहराइच रेफर किया गया। वहां से भी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेज दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद परिजनों व ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। परिजनों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया और न्याय की मांग पर अड़े रहे। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं कोतवाल राजेश कुमार शुक्ला ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव में पीएसी की तैनाती कर दी गई है तथा क्षेत्र में पुलिस लगातार गश्त कर रही है। थाना प्रभारी राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बदहाली के आंसू रो रही सुरक्षा की रक्षक

- झाड़-झंखाड़ों में गुम हुई त्रिमुहानी घाट पुलिस चौकी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिस पुलिस चौकी को राहगीरों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए बनाया गया था, आज वही चौकी खुद अपनी बदहाली पर आंसू रो रही है। बहराइच-नानपारा नए बाईपास पर स्थित त्रिमुहानी घाट पुलिस चौकी वर्तमान में विभाग की अनदेखी के चलते झाड़-झंखाड़ और जंगली झाड़ियों के बीच पूरी तरह से तब्दील हो चुकी है।देख-रेख के अभाव में चौकी का भवन अब झाड़ियों से पट गया है। आलम यह है कि दूर से देखने पर यह पहचानना मुश्किल है कि यह एक सरकारी पुलिस चौकी है।

**स्थापना का उद्देश्य:-** इस चौकी की स्थापना तत्कालीन एसपी सुजाता सिंह द्वारा की गई थी ताकि हाईवे पर आने-जाने वाले वाहनों और नागरिकों को 24 घंटे सुरक्षा मिल सके। राष्ट्रीय राजमार्ग (हा) पर स्थित होने के कारण यह पॉइंट सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

लाखो की लागत से बनने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावों के बीच, एक स्थापित पुलिस चौकी का इस कदर खंडहर में तब्दील होना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर क्यों एक महत्वपूर्ण हाईवे चौकी को लावारिस छोड़ दिया गया है? क्या प्रशासन किसी बड़ी वारदात का इंतज़ार कर रहा है?

### समाजसेवियों ने उठाए सवाल

स्थानीय समाजसेवी सचिन श्रीवास्तव ने इस मुद्दे पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की यह लापरवाही समझ से परे है। उन्होंने बताया जिस चौकी को जनता की सुरक्षा की दरकार पूरी करनी थी, आज वह खुद सुरक्षा और जीर्णोद्धार की बाट जोह रही है। झाड़-झंखाड़ के बीच तब्दील इस चौकी से पुलिसिंग होना तो दूर, यहाँ सांप-बिच्छुओं का डेरा लगने लगा है।वही स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस चौकी को तत्काल प्रभाव से साफ-सुथरा कर यहाँ पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि बाईपास पर सुरक्षा का माहौल फिर से बहाल हो सके।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

- विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की बिन्दुवार हुई गहन समीक्षा
- कुष्ठ उन्मूलन में बहराइच प्रदेश में अव्वल
- एनआरसी में कम बच्चे भर्ती रहने पर जताई नाराजगी





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। विकास भवन सभागार में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की बिन्दुवार गहन समीक्षा की गई। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में जनपद को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम की सराहना की और स्क्रीनिंग अभियान को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। वहीं, दूसरी ओर पोषण पुनर्वास केंद्र में बेड एक्यूपेंसी रेट 55 फीसदी रहने पर उन्होंने नाराजगी जताई और आशा एवं आंगनवाड़ी के माध्यम से अति कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें सुपोषित किया जा सके। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने का प्रयास किया जाए इस हेतु एक अलग बैठक आयोजित कर ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। परिवार कल्याण कार्यक्रम में खराब प्रगति वाले क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने मार्च एवं अप्रैल का मानदेय लंबित होने की जानकारी दी, इसके लिए सीडीओ ने बजट प्राप्त होते ही आशाओं व अन्य कर्मचारियों का भुगतान अविलंब करने के निर्देश दिए। सीडीओ द्वारा क्षय रोग उन्मूलन के तहत स्क्रीनिंग व उपचार सुनिश्चित करने और चिह्नित टीबी मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. संतोष राणा व डॉ. राजेश कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एम.एल. वर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह, बीईओ रंजीत कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, जेएसआई, पीएफआई के प्रतिनिधि और सभी ब्लॉकों के सीएचसी अधीक्षक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### आभा आई-डी बनाने का काम निरंतर जारी रखने के निर्देश

आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत समस्त लाभार्थियों की आभा आई-डी बनाने का काम निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए जिससे समस्त लाभार्थियों की आभा आईडी बनाई जा सके। ई-संजीवनी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सीएचसी अधीक्षकों को लक्ष्य के अनुसार प्रतिदिन कम से कम पांच मरीजों को पोर्टल के जरिए विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श दिलाने के निर्देश दिए। टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में लोग बच्चों के टीकाकरण से इनकार कर रहे हैं, उनकी पहचान कर विशेष टीमें गठित की जाएं और पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्कूलों में चल रहे डिफ्थीरिया टीकाकरण अभियान की भी समीक्षा की गई। साथ ही अन्य संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा कर प्रगति में सुधार हेतु दिशा निर्देश दिए गए। आरबीएसके कार्यक्रम के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए मेडिकल टीमों को निर्देशित किया गया कि वे स्वास्थ्य परीक्षण से दो दिन पूर्व संबंधित संस्थान को अनिवार्य रूप से सूचित करें। ताकि शत-प्रतिशत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित हो सके। बैठक के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय के साथ लागू किया जाए और जिन क्षेत्रों या कार्यक्रमों में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष रणनीति बनाकर तेजी लाई जाए।

# पहली बारिश में ही डूबा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा



सड़कें बनीं तालाब

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

पहली ही बारिश ने नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। बीती रात हुई हल्की बारिश से नगर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा से राजा मस्जिद तक की सड़कें जलमग्न हो गईं। पूरा इलाका तालाब में तब्दील नजर आया।

सुबह सड़कों पर पानी भरा होने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम की स्थिति से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। राहगीरों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

राजा मस्जिद क्षेत्र के दुकानदारों को जलभराव के बीच से होकर प्रतिष्ठान खोलने पड़े। कई दुकानों के सामने पानी भरने से ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित रही। लोग या तो दुकानों तक पहुंचने से बचते रहे या मजबूरी में गंदे पानी में उतरकर खरीदारी करते दिखे।

### व्यापार पर सीधा असर

यह क्षेत्र नगर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां रोज खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। दुकानदारों का कहना है कि जलभराव से व्यापार प्रभावित हो रहा है। जल्द समाधान न हुआ तो स्थिति और बिगड़ सकती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर साल बारिश में यही हाल होता है। नालों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से समस्या विकराल हो रही है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल जल निकासी दुरुस्त करने, नालों की सफाई कराने और स्थायी योजना बनाने की मांग की है।

# जल जीवन मिशन की पोल खोलती अधूरी पानी की टंकी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। ग्राम, सुहागिनपुरवा में बनी पानी की टंकी पिछले लंबे समय से अधूरी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, टंकी का निर्माण कार्य शुरू तो हुआ लेकिन बीच में ही बंद कर दिया गया। अब हालत यह है कि टंकी परिसर में झाड़ियां उग आई हैं और निर्माण सामग्री भी खराब हो रही है। लोगों को मजबूरन हैंडपंप और निजी साधनों से पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है।

ऐसे कई मामलों में देखा गया है कि टंकी बन जाने के बावजूद वर्षों तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाती, जिससे योजना का उद्देश्य अधूरा रह जाता है

वहीं ग्रामीण अधिवक्ता मृगेंद्र उपाध्याय, सुनील वर्मा, आनंद पटेल, ने बताया कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा।

### बेदखली सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र मो. सिराज उर्फ बबलू और उसकी पत्नी मेहनाज बानो के गलत आचरण व व्यवहार के कारण उनसे संबंध खत्म कर लिए हैं। दोनों मेरे छोटे पुत्र मो. मेराज को मारते-पीटते हैं और आए दिन गाली-गलौज करते हैं। उनके गलत बर्ताव के कारण मैं मो. सिराज उर्फ बबलू और उसकी पत्नी मेहनाज बानो को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।

**सज्जाद पुत्र स्व. अब्दुल रज्जाक**
**निवासी : ग्राम-सराय अलीपुर, परगना व थाना-काकोरी, जिला-लखनऊ (उ.प्र.)**

# पेयजल, सिंचाई व राहत प्रबंधन में शिथिलता स्वीकार्य नहीं : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▸ प्रजापति समाज एवं कुम्हार शिल्पकारों को निःशुल्क उपलब्ध होगी तालाबों से निकली मिट्टी

प्रदेश में भीषण गर्मी और इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन-प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था और राहत प्रबंधन में शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी विभाग परिस्थितियों का पूर्वानुमान लगाकर अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें।

शुक्रवार को कृषि, जलशक्ति, पशुधन, समाज कल्याण एवं उद्यान विभाग के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने पूर्व में सूखा प्रभावित रहे 18 जनपदों में विशेष निगरानी रखने, 15 जून से 30 जुलाई के बीच निर्धारित मानकों के अनुसार स्थिति का समयबद्ध आकलन करने तथा आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ से सहायता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन से लेकर जनपद स्तर तक कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश दिए और कहा कि आवश्यक जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव और डीजीपी को उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर मॉनिटरिंग करने और जल संरक्षण को गति देने के लिए 30 मई तक नहरों, तालाबों एवं पोखरों की डी-सिल्टिंग पूर्ण कराने को कहा। तालाबों से निकली मिट्टी प्रजापति समाज एवं पारंपरिक कुम्हार शिल्पकारों को निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा इस संबंध में जिलाधिकारियों द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि राहत कार्यों के साथ आजीविका के अवसर भी सृजित हो सकें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में कहीं भी पेयजल की कमी नहीं होनी चाहिए। पाइप्ड पेयजल योजनाओं के साथ वैकल्पिक व्यवस्थाएं, जैसे टैंकर आदि, पूरी तरह तैयार रखी जाएं। वन विभाग को अभ्यारण्यों एवं पक्षी विहारों में वन्यजीवों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में जल, चारा एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

### किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश

किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नलकूपों को क्रियाशील रखने, समय से मरम्मत सुनिश्चित करने तथा सिंचाई हेतु निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने को कहा। फसल सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने अनुदानित बीज वितरण तथा कृषि परामर्श के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े। हीट स्ट्रोक, लू एवं गर्मी जनित बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों में समुचित व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। पशुधन की सुरक्षा हेतु निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में पेयजल उपलब्ध कराने और पशु चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण रखने पर भी उन्होंने बल दिया।

# किसानों की समृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▸ मऊ में राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ, किसानों को मिलेगी बड़ी राहत
▸ एमएसपी पर सीधी खरीद से किसानों को मिलेगा उचित मूल्य

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में राजेंद्र नगर दरगाह स्थित राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ किया। श्री शर्मा ने बंद पड़ा दुवारी क्रय केंद्र आरंभ कराया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की उन्नति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि गेहूं क्रय केंद्रों की स्थापना से किसानों को अपनी उपज बेचने में पारदर्शी और सुगम व्यवस्था उपलब्ध हो रही है।

अब किसानों को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और वे अपनी फसल को सीधे न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर सरकारी केंद्रों को बेच सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। यह क्रय केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके संचालन से आसपास के गांवों के किसानों को समय, लागत और संसाधनों की बचत होगी तथा उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त होगा। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक किसान को उसकी मेहनत का सही मूल्य मिले और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है और उनके हित के डबल इंजन की सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में सभापति कांति मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं किसान उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### जनेश्वर एन्क्लेव में 11वीं मंजिल से गिरकर प्रॉपर्टी डीलर की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के गुडंबा इलाके में एक आवासीय इमारत की 11वीं मंजिल से गिरकर 31 वर्षीय एक प्रॉपर्टी डीलर की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लखनऊ पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, घटना बृहस्पतिवार रात करीब 8.45 बजे कुर्सी रोड स्थित जनेश्वर एन्क्लेव में हुई। एक व्यक्ति के 11वीं मंजिल से गिरने की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को जमीन पर गंभीर रूप से घायल पाया। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को तुरंत एम्बुलेंस से सरकारी मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। निरीक्षण और साक्ष्य एकत्र करने के लिए एक फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। बयान में कहा गया है कि शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पत्नी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, उस व्यक्ति की पहचान प्रबल जैन के रूप में की गई, जो सीतापुर जिले के महमूदाबाद का निवासी था। वह अपनी पत्नी के साथ जनेश्वर एन्क्लेव के डी-ब्लॉक के एक फ्लैट में किराए के मकान में रह रहा था। प्रारंभिक जांच और पत्नी से मिली जानकारी से पता चलता है कि जैन ने कथित तौर पर 11वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था, जबकि उसकी पत्नी यहां एक प्रीमियम शॉपिंग मॉल में फ्लोर मैनेजर के रूप में कार्यरत है। पुलिस ने कहा कि दंपती की शादी को लगभग एक साल हो गया था और मृतक के परिवार के सदस्य घटनास्थल पर मौजूद हैं। बयान में कहा गया है कि आगे की जांच चल रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ठाकुरगंज इलाके में 22 साल के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक एक स्कूल में चपरासी का काम करता था। शुक्रवार को बहन की चौथी लेने जाना था। इसके पहले घर में फंदे से लटका मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। ठाकुरगंज स्थित नेपियर रोड, मुफ्तीगंज निवासी 22 वर्षीय आयुष कश्यप ने फांसी लगाकर जान दे दी। आयुष, जुगल किशोर कश्यप का पुत्र था। वह गिरधारा सिंह इंटर कॉलेज में चपरासी की नौकरी करता था। पिता की आंखों की रोशनी कम होने के कारण वह उनकी जगह काम कर रहा था। जीजा आकाश कश्यप के अनुसार, गुरुवार शाम वह परिवार के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। रात करीब 2 बजे उसने फांसी लगा ली। छोटी बहन किसी काम से कमरे में पहुंची तो वह एंगल से रस्सी के सहारे लटका मिला। यह देख बहन चीख पड़ी। परिजन तुरंत उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गए।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीजा आकाश ने बताया कि 28 अप्रैल को आयुष ने अपनी बहन नैंसी की शादी कराई थी। शुक्रवार सुबह उसे चौथी लेने जाना था। जिसकी तैयारी घर में चल रही थी। घर में खुशी का माहौल था। आयुष भी काफी खुश था। अचानक से हुई घटना से पूरे घर में कोहराम मच गया। फांसी लगाने की वजह का पता नहीं चल पाया है। आयुष तीन बहनों में इकलौता भाई था। मामले में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह का कहना है शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। शिकायत के आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

### खेत में लगे ट्यूबवेल पर नहाने गये किसान की करंट लगने से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब में करंट लगने से किसान की मौत हो गई। वह खेत में लगे ट्यूबवेल में नहाने गया था। ट्यूबवेल को बिजली का कनेक्शन देने के लिए बिछाए गए तार की चपेट में आने से किसान बुरी तरह झुलस गया। आस पास खेत में काम कर रहे किसान जब तक उसे बचाते किसान की मौत हो गई। घटना बीकेटी के महिंगवा इलाके में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। मृतक की पहचान महिंगवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के रहने वाले अमित के रूप में हुई। अमित खेतों पर मजदूरी का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह अपनी पत्नी को खेत में लगे ट्यूबवेल पर नहाने की बात कहकर निकला था। बीकेटी के महिंगवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में खेत पर लगे ट्यूबवेल में नहाने गया किसान अमित अचानक नंगे वायर की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। इस दौरान आस पास के खेत से दौड़कर आए साथी किसानों ने उसको किसी तरह बचाया। तब तक उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना महिंगवा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। इधर, घटना की सूचना पहाड़पुर गांव पहुंचते ही मृतक के घर लोगों की भीड़ जमा हो गई। अमित के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

### मजदूर दिवस पर गर्मी-लू से बचाव के लिए ओआरएस वितरित

**लखनऊ, समृसिद्ध न्यूज।** जिगीषा सोसाइटी ने मजदूर दिवस के अवसर पर लखनऊ के फजुल्लागंज में गर्मी और लू से बचाव के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस पहल के तहत, शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों को मुफ्त में ओआरएस, इलेक्ट्रॉल और ग्लूकोस वितरित किए गए। यह कार्यक्रम तेज गर्मी में काम कर रहे श्रमिकों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया। संस्था की अध्यक्ष अंजली मिश्रा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने दोपहर 12 से 4 बजे तक काम न करने की सलाह दी है। हालांकि, कई मजदूरों को मजबूरीवश इस समय भी काम करना पड़ता है, जिससे लू और तेज धूप के कारण उनकी तबीयत बिगड़ने का खतरा रहता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, संस्था ने लोगों को लू से बचने के उपाय बताए। साथ ही, ओआरएस, इलेक्ट्रॉल और ग्लूकोस का वितरण किया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मजदूर तुरंत इनका उपयोग कर सकें और डिहाइड्रेशन से बच सकें।अभियान के दौरान श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की और वितरण कार्य में भी सहयोग दिया।

# वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की नींव हैं मजदूर : धर्मपाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर चक गंजरिया स्थित पराग फैक्ट्री में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने श्रमिकों को सम्मानित करते हुए कहा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में मजदूरों की भूमिका सबसे अहम है।

उन्होंने श्रमिकों के साथ बैठकर भोजन भी किया और उन्हें परिवार की तरह मिलकर काम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा- किसी भी अर्थव्यवस्था की प्रगति श्रमिकों के बिना संभव नहीं है। दुग्ध क्षेत्र में लगातार बढ़ती उत्पादन क्षमता के पीछे श्रमिकों का परिश्रम और समर्पण ही मुख्य कारण है।

उन्होंने कहा कि 'पराग' ब्रांड ने प्रदेश को दुग्ध क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। अब जरूरत है कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग और श्रमिकों के कौशल विकास के जरिए उत्पादन और गुणवत्ता दोनों को और बेहतर किया जाए, ताकि यह ब्रांड राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हो सके। मंत्री ने फैक्ट्री का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध प्लांट पूरी क्षमता और पेशेवर तरीके से संचालित किए जाएं। उन्होंने मार्केटिंग को मजबूत करने और नए उत्पाद जल्द बाजार में लाने पर जोर दिया। उन्होंने साफ कहा कि दूध में किसी भी प्रकार की मिलावट या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उत्पादन प्रक्रिया और मशीनरी की समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने कहा श्रमिक किसी भी संस्था की रीढ़ होते हैं।

उनके बिना उत्पादन प्रणाली मजबूत नहीं हो सकती। उन्होंने श्रमिकों के कौशल विकास और बेहतर सुविधाओं के लिए विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई। पराग के प्रबंध निदेशक वैभव श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारियों ने भी श्रमिकों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में मनोज मौर्य, हरीश दुबे, अभिषेक सिंह, राम बक्श, सोनू सिंह, विजय कुमार, हर्ष पांडे, मनोज कुमार सिंह, भगवती प्रसाद और बृजलाल यादव समेत कई कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# अभ्युदय योजना की मुफ्त कोचिंग के लिए आज से आवेदन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▸ लखनऊ के 9 सेंटर पर होगा संचालन
▸ अभ्यर्थी 12 जून तक कर सकेंगे आवेदन

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत वर्ष 2026-27 सत्र के लिए निशुल्क कोचिंग में आवेदन प्रक्रिया 2 मई से शुरू होगी। अभ्यर्थी 12 जून तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्र वर्किंग डे में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, एलयू के ओएनजीसी भवन और राजधानी के विभिन्न अभ्युदय केंद्रों से प्राप्त कर जमा किए जा सकेंगे। योजना के तहत सिविल सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। चयन प्रवेश परीक्षा, मेरिट और साक्षात्कार के आधार पर होगा। चयनित अभ्यर्थियों की कक्षाएं जुलाई से शुरू होंगी। रायबरेली में अभ्युदय योजना प्रभारी राम बरन सिंह के अनुसार प्रशिक्षण केंद्रों पर स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही हिंदी और अंग्रेजी माध्यम की किताबें भी छात्रों को उपलब्ध कराई जाएंगी। सिविल सेवा की कोचिंग लखनऊ विश्वविद्यालय ओएनजीसी भवन, डायट निशातगंज, कालीचरण पीजी कॉलेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला कॉलेज, महाराजा बिजली पासी राजकीय पीजी कॉलेज, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बीकेटी, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, सीबी गुप्ता बीएसएस महाविद्यालय और मंगलादेवी जूनियर हाईस्कूल कैंट में संचालित होगी।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर तमंचे के साथ पकड़ा गया गोंडा का युवक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ एयरपोर्ट पर एक युवक तमंचे के साथ पकड़ा गया है। उसने लगेज के अंदर तमंचा छिपा रखा था। काउंटर पर जैसे ही लगेज लेकर गया तो उसकी जांच हुई तो उसमें तमंचा निकला।

एयरपोर्ट के सिक्योरिटी गार्ड्स ने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। अधिकारियों ने सरोजनी नगर थाने से पुलिस बुला ली। इसके बाद युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस को तमंचा के दुबई में सप्लाई किए जाने का शक है। युवक की पहचान गोंडा के चांदपुर लखपत राय के महेश कुमार चौहान के रूप में हुई। वह 12वीं पास है। घटना शुक्रवार सुबह की है। युवक महेश कुमार चौहान सुबह एयरपोर्ट पहुंचा। वह एअर इंडिया की फ्लाइट (आईएक्स 193) से दुबई जाने वाला था। बुकिंग काउंटर पर लगेज की सुरक्षा जांच के दौरान उसके बैग की तलाशी ली गई। जांच में उसके बैग से 12 बोर का तमंचा निकला।

सुरक्षाकर्मियों ने महेश को तमंचे के साथ पकड़ा और सरोजनी नगर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में महेश ने बताया कि वह नौकरी के सिलसिले में दुबई जा रहा था। हालांकि, उसके बैग में तमंचा कैसे आया, इस बारे में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महेश पर दुबई में अवैध तमंचे के कारोबार के लिए इसे सैंपल के तौर पर ले जाने का संदेह है। पुलिस ने बरामद तमंचा जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लेवल 2ए सुपरवाइजर आदर्श मिश्रा की तहरीर पर सरोजनी नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

युवक के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। गोंडा के सभी थानों से उसकी डिटेल खंगाली जा रही है। शुरुआती जांच में आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। फिर भी पुलिस सतर्कता बरत रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक 2023 में दुबई गया था। वहां लेबर (मजूदरी) का काम करता था। करीब 5 महीने पहले दुबई से घर आया था। इसके बाद दोबारा दुबई जा रहा था।

## गैस सिलेंडर के दाम को लेकर बीजेपी पर भड़के अखिलेश यादव बोले-

# सीधे 1000 बढ़ाते, ये सात रुपये का एहसान क्यों

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर शुक्रवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इससे आम लोगों के लिए भोजन और भी महंगा हो जाएगा।

शुक्रवार को वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 993 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई, जो अब तक की सबसे तेज वृद्धि मानी जा रही है। यह लगातार तीसरा महीना है जब कीमतों में इजाफा हुआ है। यह बढ़ोतरी पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेजी से जुड़ी है।

नई दरों के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक सिलेंडर अब 3,071.5 रुपये में मिल रहा है, जबकि पहले इसकी कीमत 2,078.50 रुपये थी। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सिलेंडर महंगा नहीं होता, रोटी-थाली महंगी होती है।

यह बात वही समझता है जो खुद खरीदकर खाता है, वह नहीं जो दूसरों के यहां जाकर खाता है या दूसरों की थाली से चुराता है। उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार को कीमत बढ़ानी ही थी तो सीधे 1000 रुपये बढ़ा देती। उन्होंने सवाल किया 1000 में मात्र 7 रुपये कम करके भाजपा किस पर एहसान कर रही है? सपा प्रमुख ने यह भी पूछा कि भाजपा महंगाई, बेरोजगारी, बेकारी और मंदी पर निंदा प्रस्ताव कब लाएगी।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों ने बृहस्पतिवार को एक दिवसीय विशेष सत्र में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा में कथित रूप से पारित न होने देने के लिए समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया था।

# मजदूर दिवस पर मायावती ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद, श्रमिक समाज को दिया खास संदेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



बसपा प्रमुख मायावती ने मजदूर दिवस के अवसर पर देश के मजदूरों और श्रमिकों की स्थिति को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि देशभर में पुरुष और महिला मजदूरों तथा श्रमिक समाज की हालत में कई प्रयासों के बावजूद अब तक अपेक्षित सुधार देखने को नहीं मिला है। इस अवसर पर उन्होंने रोजाना जीवन संघर्ष में जुटे मेहनतकश वर्ग के सभी लोगों को बधाई दी और उनके बेहतर भविष्य तथा अच्छे दिनों की कामना की। मायावती ने कहा कि देश निर्माण में मजदूरों और मेहनतकश समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रयासों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने आजादी से पहले और बाद में भी मजदूरों के लिए सम्मानजनक और खुशहाल जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया था। हालांकि, उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ठेका प्रथा, दैनिक वेतन व्यवस्था और काम पर रखने तथा निकालने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण मजदूर वर्ग को नई समस्याओं और रोजगार की अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर उनके परिवारों के पालन-पोषण के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण का अभाव भी एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। मायावती ने सभी सरकारों से अपील करते हुए कहा कि देश के विकास में मजदूर और श्रमिक वर्ग की उचित भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी का संघर्ष हमेशा मेहनतकश बहुजन समाज के अधिकारों के लिए समर्पित रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

### भाजपा ने 'शिक्षा और चिकित्सा को बनाया व्यवसायः अजय राय



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में श्रमिक दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर कांग्रेस ने शिक्षक और चिकित्सक सम्मेलन के जरिए सरकार पर तीखा हमला बोला। कैसरबाग स्थित गांधी भवन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। सम्मेलन में अविनाश पांडेय, अजय राय और सुप्रिया श्रीनेत समेत कई नेताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा शिक्षक और चिकित्सक समाज के निर्माणकर्ता हैं, लेकिन मौजूदा नीतियों से यह व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा शिक्षक और चिकित्सक भविष्य के निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। यह वर्ग समाज को दिशा देने का काम करता है और सामाजिक न्याय की लड़ाई में भी अहम भूमिका निभा सकता है। अविनाश पाण्डेय ने पुरानी पेंशन योजना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर इसे फिर से लागू किया जाएगा। उनका कहना था कि कर्मचारियों, शिक्षकों और सैनिकों के लिए यह बुढ़ापे का सहारा है, जिसे खत्म करना गलत फैसला रहा। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल और अस्पतालों की हालत खराब होती जा रही है, जबकि निजी संस्थानों का विस्तार हो रहा है, जिससे आम लोगों की पहुंच बाहर होती जा रही है। कांग्रेस की सोशल मीडिया चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जिनकी अपनी डिग्री संदिग्ध है, उनके वादों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि देश में शिक्षकों और डॉक्टरों के लाखों पद खाली हैं, लेकिन सरकार इन्हें भरने के लिए गंभीर नहीं है।

**उपलब्धि** — यूपी में सर्वाधिक पौधरोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से सीखेगी दुनिया

# जलवायु परिवर्तन से जूझ रही दुनिया को रास्ता दिखाएगा यूपी

▸ 9 देशों के युवाओं ने माना योगी सरकार का लोहा
▸ केंद्रीय खेल मंत्रालय के वर्चुअल समिट में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, इथोपिया, ईरान व इंडोनेशिया के युवा प्रतिनिधि शामिल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ऐसा उदाहरण पेश किया है, जिसकी गूंज अब ब्रिक्स देशों तक पहुंच गई है।

पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू हुए 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान ने प्रदेश को पौधरोपण के मामले में नई ऊंचाई दी है। गत 9 जुलाई 2025 को एक ही दिन में 37 करोड़ से अधिक पौधे लगा यूपी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया जबकि पिछले 9 वर्षों में 242 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

उत्तर प्रदेश की उपलब्धि को दुनिया के अन्य देशों ने सराहा है और इस तरह के अभियान चलाकर अपने देश के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ना चाहते हैं। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की वर्चुअल समिट में 9 देशों के युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और यूपी के इस अभियान की खुलकर सराहना की। ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथोपिया, ईरान और इंडोनेशिया के युवाओं ने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती पर विचार व्यक्त किए। विश्व के अन्य देशों के युवाओं का कहना था कि 'एक पेड़ मां के नाम' जैसा विचार लोगों को प्रकृति से भावनात्मक रूप से जोड़ता है। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि वर्चुअल समिट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले बागपत के अमन कुमार ने भारत की आवाज बुलंद की है। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल सामान्य कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि इसे संस्कृति, संवेदना और सामूहिक जिम्मेदारी से जोड़ा गया है।सीएम बागपत के युवा अमन कुमार को स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित कर चुके हैं। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि जब किसी अभियान में भावनात्मक जुड़ाव होता है, तभी वह लंबे समय तक असर छोड़ता है। यूपी ने कर दिखाया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच उत्तर प्रदेश का यह मॉडल दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं। ब्रिक्स देशों के युवाओं की सराहना ने इस अभियान को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दी है। उत्तर प्रदेश की यह पहल अन्य देशों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

# कनिष्ठ कार्यकारिणी पद पर विजई हुए अंकित मिश्रा गोरखा

▸ साथी अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर व मालाएं पहना कर मनाया जीत का जश्न, दी बधाई

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ के वार्षिक चुनाव में तमाम अधिवक्ता अपना हाथ आजमा रहे थे जिसमें अधिवक्ता साथियों की पहली पसंद बने जानकीपुरम लखनऊ निवासी एडवोकेट अंकित मिश्रा गोरखा ने 662 मत प्राप्त कर कनिष्ठ कार्यकारिणी पद की कुर्सी पर अगले एक साल तक अपना सिक्का जमा दिया। इस शानदार जीत पर दोपहर से ही अंकित मिश्रा गोरखा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा किसी ने मिठाई खिलाकर तो किसी ने पुष्पगुच्छ देकर फूल मालाएं पहनाते हुए अंकित मिश्रा उर्फ़ गोरखा को जीत की बधाईयां दी। अंकित मिशा ने अपनी इस जीत का श्रेय उन साथियों को दिया जो उनके साथ निरंतर क़दम से क़दम मिलाकर चलते रहे। और उन्होंने वोट सपोर्ट करने वाले सभी अधिवक्तागणों का दिल से धन्यवाद अदा किया। साथ ही मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जबतक वह इस पद पर रहेंगे अधिवक्ता हित में होने वाले हर कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। और अधिवक्ता हित में कई अहम मुद्दों पर निर्णायिक फैसले भी जल्द लिए जा सकते हैं।

# श्रमिक दिवस पर विकास भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- श्रमिक कल्याण योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी
- लेबर डे पर शाहजहांपुर में मुख्यमंत्री के श्रमवीर गौरव समारोह का लाइव प्रसारण
- श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं से किया गया जागरूक



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस (लेबर डे) के अवसर पर विकास भवन सभागार में श्रमिकों एवं कर्मचारियों के हितों से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ से आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 का शुभारंभ एवं श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी विकास भावन सभागार में अधिकारियों एवं श्रमिकों द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, श्रम कानूनों एवं पेंशन संबंधी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, उपयुक्त उद्योग संजय सिंह, उप श्रमायुक्त नासिर खान सहित उद्यमी एवं श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के साथ हुआ, जिसमें श्रमिक कल्याण एवं श्रम अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित किए गए। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर द्वारा संबोधन दिया गया तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में श्रमिकों की सुविधा हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया जिसे जनपद में अधिकारियो, उद्यमियों एवं श्रमिकों ने देखा। मुख्यमंत्री द्वारा श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया, जिसमें शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए अटल आवासीय योजना अंतर्गत सम्मान, मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण, श्रमिकों को प्रमाणपत्र एवं टूलकिट प्रदान करना शामिल रहा। साथ ही औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में श्रमिक सुविधा केंद्र निर्माण का शिलान्यास तथा ग्रेटर नोएडा में 7.2 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित 300 बेड के ईएसआईसी अस्पताल हेतु भूमि आवंटन पत्र का वितरण भी किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा श्रम कानूनों, सामाजिक सुरक्षा संहिताओं, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु ई-श्रम पंजीकरण की उपयोगिता एवं लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि श्रमिक समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं तथा सरकार उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से जुड़ने, पंजीकरण कराने एवं उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में श्रमिक संगठन इंटक से पवन सिंह, असंगठित मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि एवं लघु भारती से राकेश अग्रवाल और नवनीत गुप्ता एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## श्रमिक अधिकार और सामाजिक न्यायः वर्तमान चुनौतियां एवं समाधान विषय पर एक विचार गोष्ठी



**शाहजहांपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से स्वामी शुकदेवानन्द लॉ कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर ÷श्रमिक अधिकार और सामाजिक न्याय ¬ वर्तमान चुनौतियाँ एवं समाधान÷ विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित विचार गोष्ठी में प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. अमित कुमार यादव, डॉ. मृदुल शुक्ला, सचिन कुमार, मो. अफजल, अनिल कुमार एवं छात्रों ने विचार व्यक्त किया। गौरव गुप्ता, सुनील चौहान, अमित सैनी, शिव ओम शर्मा, रोहित कुमार, अभिलाष पाण्डेय आदि की उपस्तिथि में कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रंजना खण्डेलवाल जी ने किया।

इस अवसर प्रणाम लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा ने कहा कि श्रमिक अधिकारों का मुख्य उद्देश्य काम करने वाले लोगों के लिए सम्मान, सुरक्षा और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। प्रमुख अधिकारों में न्यूनतम मजदूरी, कार्य समय की सीमा, सुरक्षित कार्यस्थल, सामाजिक सुरक्षा, भेदभाव से मुक्ति, संगठन एवं सौदेबाजी का अधिकार, अनुशासनात्मक कार्यवाही से संरक्षण, बाल श्रम का निषेध शामिल है। साथ ही भारत में ये अधिकार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, कारखाना अधिनियम, सामाजिक सुरक्षा संहिता, श्रम संहिता आदि कानूनों के तहत सुरक्षित हैं। डॉ. पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि भारत में अधिकांश श्रमिक असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं। इस क्षेत्र में कई गंभीर चुनौतियों जैसे स्थायी नौकरियों की कमी और मौसमी रोज़गार पर निर्भरता, न्यूनतम मज़दूरी न मिलना और मज़दूरी में भेदभाव, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, पेंशन जैसी सुविधाओं से वंचित, सुरक्षा मानकों की कमी और दुर्घटनाओं का खतरा, लंबे समय तक काम, शारीरिक तनाव, और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच, यूनियन बनाने या सामूहिक सौदेबाजी की कमज़ोर क्षमता, नौकरी की तलाश में दूर जाना और सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ना आदि समस्याएँ श्रमिकों को गरीबी और असुरक्षा के दुष्चक्र में फँसाए रखती हैं। इनके समाधान के लिए ठोस नीतियाँ और प्रभावी कानूनी लागू होना ज़रूरी है। डॉ. मृदुल शुक्ला ने बताया कि कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से सरकार ने औद्योगिक दुर्घटनाओं के मद्देनजर, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता, 2020 में कड़े सुरक्षा मानक और श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। नियमित सुरक्षा जांच और रखरखाव को अनदेखा करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई के प्रावधान हैं। साथ ही केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने एक ऑनलाइन पोर्टल बनाया है, जहाँ श्रमिक वेतन, अवैध निष्कासन, मातृत्व लाभ और औद्योगिक विवादों से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। कई राज्य सरकारों ने श्रमिकों के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये सरकारी प्रयास एक सुरक्षित, न्यायसंगत और सम्मानजनक कार्य वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## श्रमिकों का स्वास्थ्य और सम्मान रेडक्रॉस की प्राथमिकता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




विश्व श्रमिक दिवस के शुभ अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगण में स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, के कार्यालय में मुरारी दीक्षित जिला अध्यक्ष सीटू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव संगठन की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने समाज के अदृश्य नायकों यानी श्रमिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्रमिक दिवस पर रेडक्रॉस की सोच और भविष्य की कार्ययोजना को साझा करते हुए बताया कि रेडक्रॉस का मानना है कि एक स्वस्थ श्रमिक ही एक सशक्त राष्ट्र का आधार है। रेडक्रॉस का संकल्प है कि अंतिम पंक्ति में खड़े मजदूर तक प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाई जाएं। औद्योगिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों को सुरक्षा उपकरणों के प्रति जागरूक करना अनिवार्य है, ताकि दुर्घटनाओं को शून्य पर लाया जा सके। रेडक्रॉस सोसाइटी केवल आपदा के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य दिनों में भी श्रमिकों के सामाजिक सम्मान और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाती रहेगी। रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी जी ने कहा कि श्रमिक दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि उनके संघर्षों को समझने और उन्हें बेहतर जीवन देने के संकल्प का दिन है। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाहजहाँपुर आने वाले समय में श्रमिकों के लिए विशेष रक्त ग्रुप कार्ड और फर्स्ट-एड ट्रेनिंग कैंप आयोजित करेगी ताकि वे स्वयं और अपने साथियों की जान बचाने में सक्षम हो सकें। रेडक्रॉस सोसाइटी ने जनपद के सभी नियोक्ताओं और उद्यमियों से अपील की है कि वे अपने यहाँ कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य बीमा और नियमित जांच की व्यवस्था करें। डॉ. जौहरी ने दोहराया कि मानवता की सेवा ही रेडक्रॉस का मूल मंत्र है और श्रमिक इस मानवता के सबसे बड़े ध्वजवाहक हैं। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे मुरारी दीक्षित ने बताया की मजदूर हमारे समाज की आधारशिला हैं और उनके कल्याण के लिए इस प्रकार के मानवीय प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। रेड क्रॉस का यह सेवा कार्य मानवता और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। अभी का आभार प्रकट करते हुए मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के श्रमिक अग्रज जौहरी ने कहा की किसी भी कारखाने के निर्माण एवं उसके सञ्चालन को गति प्रदान करने में श्रमिको की अहम् भूमिका होती है. रेडक्रॉस सोसाइटी विश्व का प्रथम संघठन है जोकि मानवतावादी है। गोष्ठी में चुन्नू लाल तिवारी, सुधांशु, पंकज, विश्वास मिश्रा तोहिद, आलम, अंकित शुक्ला, नीरज राहुल, अभिषेक, आरिफ, डॉ. विजय जौहरी, बाल कृष्ण पाण्डेय, ब्रजेश गुप्ता, रवि कुमार, अनुज जौहरी, अग्रज जौहरी अवनीश सक्सेना इत्यादि रेडक्रास के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### 50 प्रतिशत अनुदान पर बीजों व निःशुल्क मिनीकट की बुकिंग शुरू

10 मई तक ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों को ही मिलेगा लाभ



**शाहजहांपुर।** जनपद के किसानों के लिए खरीफ सत्र 2026 में खेती को अधिक मुनाफेमंद बनाने का शानदार मौका है। कृषि निदेशालय लखनऊ द्वारा सामान्य बीज एवं संकर बीज व मिलेट्स पुनरुद्धार श्री अन्न और नि:शुल्क दलहन तिलहन बीज मिनीकिट कार्यक्रम के तहत जनपद को निशुल्क बीज वितरण का लक्ष्य मिल गया है। इसके तहत 50 फीसदी अनुदान पर कैंचा, धान सामान्य, धान बासमती, उर्द, मूंग, तिल, मूंगफली व हाइब्रिड संकर धान, बाजरा व मक्का के बीज के साथ-साथ ज्वार, बाजरा, रागी, सावा और कोदो जैसे मोटे अनाजों के साथ अरहर, मूंग, उर्द और तिल के नि:शुल्क मिनीकिट बांटे जाएंगे। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि उक्त बीजों का लाभ लेने के लिए कृषक भाइयों को कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग करना अनिवार्य है। बुकिंग चयन होने के बाद किसान के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज आएगा जिसके बाद वे अपने विकास खण्ड-ब्लॉक के राजकीय कृषि बीज भंडार से पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर बुकिंग किया गया। सामान्य व हाईब्रिड संकर बीज व नि:शुल्क मिनीकिट बीज प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा कैंचा, बीजों की उपलब्धता हो गई है। कृषको से अनुरोध है कि कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग कराकर अपनी जरूरत मांग के अनुसार बीज को प्राप्त कर सकते है। 1 कृषक को सभी बीजों को मिलाकर अधिकतम 2 हेक्टेयर तक ही अनुदान देय होगा।

### पति, सास व ससुर सहित सात के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**रोजा-शाहजहांपुर।** गुरुवार की तड़के सुबह रोजा क्षेत्र के गांव बिलन्दापुर गौटिया में विवाहिता में फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली थी, मृतका के भाई ने पति, सास ससुर सहित सात लोगों पर चार पहिया वाहन एक लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव लटका देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। ज्ञात हो कि थाना रोजा के गांव बिलन्दापुर गौटिया निवासी राजकपूर की शादी लगभग सात साल पूर्व थाना तिलहर के गांव कपसेड़ा निवासी लल्लन की बहन शेतलता (35) के साथ हुई थी। शादी के कई साल बीत जाने के बाद उसके कोई औलाद नहीं थी। बताते हैं इसी बात को लेकर अक्सर पति पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। मृतका शेतलता मायके रहती थी। अभी दो सप्ताह पूर्व दोनों का विवाद थाने तक पहुंच गया था, मगर ग्राम प्रधान ने थाने में दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। गुरूवार की तड़के सुबह मृतका शेतलता का पति राजकपूर शौच के लिए चला गया। इसी बीच शेतलता ने कमरा अंदर से बंद कर लिया था और दुप्पटे के सहारे छत के कुंडे से लटक कर आत्महत्या कर ली। राजकपूर जब घर लौटा तो कमरा अंदर से बंद देख कर उसका माथा ठनका। दीवार की एक ईट निकाल कर कमरें में झांका तो उसकी आंखे फटी रह गई थी। शेतलता फांसी के फंदे से झूल रही थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार व डायल 112 मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वीडियोग्राफी कर कमरें का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा था। विवाहिता के फांसी लगाये जाने की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। वही मृतका के भाई लल्लन ने पति राजकपूर, सास सुषमा देवी, ससुर आशाराम, जेठ विजय,राजीव, शेखर व नन्द रूबी पर चार पहिया वाहन व एक लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव लटका देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं।

### पुत्र, पुत्रवधू से महिला परेशान, की शिकायत

**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार के मोहल्ला बीवीजई हद्दफ निवासी शिखा शर्मा पत्नी स्वर्गीय उमेश चंद्र शर्मा ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक विधवा एवं वृद्ध महिला है, उसके एक पुत्र है। जिसकी शादी हो चुकी है, उसकी पत्नी मथुरा की रहने वाली है। बताया उसकी शादी 2023 में की थी। पीड़िता का कहना है कि उसके एक अविवाहित पुत्री भी है। आरोप है कि पुत्र और उसकी पत्नी में आए दिन झगड़ा होता रहता है, बहु दीक्षा झगड़ालू किस्म की महिला है जो हर समय छोटी-छोटी बातों पर अपने पति से झगड़ती रहती है। पति पत्नी के झगड़े के बीच में पीड़िता व उसकी पुत्री की झूठी शिकायतें पुलिस में करती रहती है, जिसके कारण आए दिन पुलिस आकर पीड़िता व उसकी पुत्री को परेशान करती है और जिस कारण पीड़िता व उसकी पुत्री की बदनामी होती है। पीड़िता का कहना है की पुत्री की शादी नहीं हो पा रही है जबकि उसने अपने पुत्र विक्रांत शर्मा व उसकी पत्नी दीक्षा से बहुत पहले संबंध विच्छेद भी कर लिए थे। परंतु उसके बावजूद भी पीड़िता के पुत्र की पत्नी दीक्षा उसकी पुत्री के विरुद्ध झूठी शिकायत कर रही है और पुलिस बराबर उसे व उसकी पुत्री को परेशान कर रही है। बताया वह एक बेसहरा महिला है और उसका पुत्र व पत्नी उसके साथ व उसकी पुत्री के साथ कोई अपनी घटना घटित कर सकते हैं। उन्होंने पुत्र पुत्रवधू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### सांड़ ने बाइक में टक्कर मार महिला के पेट में घुसाया सींग, गंभीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के भक्शी तिराहे पर आवारा पशुओं के बीच हो रही भिड़ंत के चलते एक सांड ने गुजर रही बाइक में टक्कर मार दी । बाइक के गिरते ही दंपति उठ पाते उससे पहले ही सांड ने महिला के पेट में सींग मार दिया। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव सरसवा निवासी रामवीर अपनी पत्नी सुषमा के साथ कहीं से अपनी बाइक से गांव बापस जा रहे थे । इसी दौरान नगर के भक्सी तिराहे से बाइक के गुजरने के दौरान अन्य पशुओं से भिड़ रहे एक सांड ने बाइक में टक्कर मार दी । आनन फानन में घायल सुषमा को सीएचसी ले जाया गया । जहां से गंभीरावस्था में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बस-टैंकर की भिड़ंत में 14 यात्री घायल, गंगा स्नान जा रही बस पलटी

- बुद्ध पूर्णिमा पर बड़ा हादसा टला, 6 गंभीर घायलों को किया गया रेफर

**अल्हागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना अल्हागंज क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब हरदोई से फर्रुखाबाद जा रही एक यात्री बस और टैंकर की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बस सवार 14 यात्री घायल हो गए। गनीमत रही कि किसी भी यात्री की जान को खतरा नहीं हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 7:30 बजे बस संख्या UP30AT0923 रघुनाथपुर स्थित राधा स्वामी आश्रम के पास पहुंची ही थी कि विपरीत दिशा से आ रहे टैंकर ने साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार सभी यात्री बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना अल्हागंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने यातायात को सुचारू कराया तथा घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अल्हागंज भेजा।

**6 घायलों की हालत गंभीर, फर्रुखाबाद रेफरः** डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद 6 घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए फर्रुखाबाद रेफर कर दिया, जबकि अन्य को उपचार के बाद घर भेज दिया। पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा गया। क्षेत्राधिकारी जलालाबाद ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल सभी घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। साथ ही यातायात व्यवस्था को भी जल्द सामान्य कर दिया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन समय रहते राहत कार्य शुरू होने से स्थिति नियंत्रित कर ली गई।

**इन यात्रियों को आई चोटें**

हादसे में श्रीकृष्ण (62), उमाकांति, गयालाल (63), आशा (52), नन्ही (60), गुड्डी (63), रामदेवी (65), रामकली (50), रामलड़ैते (47), विश्वप्रताप सिंह (30), जदुवीर सिंह (60), राजू राठौर (30), रणजीत सिंह (36) व छोटे लाल (50) सहित कुल 14 यात्री घायल हुए। इसके अलावा चार अन्य यात्रियों को भी हल्की चोटें आई हैं।




### बाबा साहेब का 136वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया

**शाहजहांपुर।** डॉ भीमराव अंबेडकर सद्भावना शिक्षा समिति की ओर से परम पूज्य बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 136 वां जन्मोत्सव समारोह नई बस्ती शहवाज नगर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा खमानी राम भीमसेन इंटर कॉलेज शहवाजनगर से प्रारंभ होकर मोहल्ला मनिहार खेड़ा, जामा मस्जिद, कश्यप, बेहटा, कटरा, कछियाना, बड़ा मोहल्ला, होते हुए पुरानी पुलिस चौकी बड़ा नीम बाजार से भोजवाल वाली गली, पाल मोहल्ला बा लालबाग होकर नई बस्ती डा.बी.आर अंबेडकर पार्क पर जाकर सभा में परिवर्तित हो गई। शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।बसभा को मुख्य अतिथि इंजीनियर मनोज कुमार ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वंदना, सिद्धार्थ, राजाराम सिद्धार्थ, डॉक्टर वाई. पी.गौतम, सियाराम दिनकर, मातादीन शर्मा, भगवत राम ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में रामेश्वर दयाल गौतम, राम औतार, राजकुमार वर्मा, रामगोपाल कोरी, अवधेश शर्मा, रामाश्रय गौतम, विमलेश गौतम, कमलेश गौतम, कुमार सानू, रघुवीर गोस्वामी, धर्मेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे। सभा के अंत में आभार महेश चंद्र गौतम ने व्यक्त किया।

## तार में फंसने से हिरण की मौत



**सिधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली क्षेत्र के तेरा गांव में एक हिरण जंगल से भटककर खेतों में पहुंच गया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि खेतों में पहुंचे हिरण को कुत्तों के झुंड ने दौड़ा लिया। बचने के प्रयास में हिरण घबराकर पास की झाड़ियों में घुस गया और वहीं फंस गया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफी प्रयास के बाद झाड़ियों में फंसे हिरण को बाहर निकाला। इसके बाद तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम गांव के लिए रवाना हुई, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही हिरण की मौत हो चुकी थी। वन दरोगा वीरेंद्र गंगवार ने बताया कि जब तक टीम मौके पर पहुंची, तब तक हिरन दम तोड़ चुका था। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी एकत्र हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृत हिरन को पोस्टमार्टम के लिए सिधौली पशु चिकित्सालय भेज दिया गया है। ग्रामीणों ने घटना पर दुख जताया है।

## प्राथमिक स्कूल के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने उड़ाया हजारों का सामान, रिपोर्ट दर्ज

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर स्थित प्राथमिक स्कूल द्वितीय में अज्ञात चोरों ने शिक्षण कक्षों और रसोई घर के ताले तोड़कर पर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस चोरी की घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार मूल निवासी 126 ग्राट गंज, निकट छोटी जेल चौराहा थाना कोतवाली फतेहगढ़ (फर्रुखाबाद) ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 30 अप्रैल को सुबह जब वह स्कूल खोलने गया तो स्कूल के तीन शिक्षण कक्षों और रसोई घर के ताले टूटे पड़े थे दर्ज रिपोर्ट में प्रधानाध्यापक का कहना है कि स्कूल में चोरी की आशंका में जब उसने शिक्षण कक्षों और रसोई घर में जाकर देखा तो रसोई घर में रखे तीन कुकिंग गैस सिलेंडर, वर्तन, दो पैकेट चावल (100 किलोग्राम), एक पैकेट गेंहू (50 किलोग्राम), रिफाइंड तेल, मसाले, शिक्षण कक्षों में लगे दो बिजली के पंखे, चार कुर्सी, एक मेज, इनवर्टर, बैटरी, खेलकूद का सामान, स्कूल के दस्तावेज, चाबी का गुच्छा आदि सामान गायब था।

पुलिस ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक महेन्द्र कुमार की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। स्कूल में चोरी की इस घटना से आबादी से दूर बने सरकारी प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों में भी व्याप्त है। उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों से स्कूलों की संपत्ति की सुरक्षा के लिए रात्रि कालीन चौकीदार तैनात किए जाने की मांग की है।

## लोक सभा में नारी शक्ति बंधन अधिनियम के विरोध को लेकर भाजपाइयों ने पुतला फूंका

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा में नारी शक्ति बंधन अधिनियम के विरोध को लेकर विपक्षी पार्टियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपाइयों ने पुतला दहन किया। भारतीय जनता पार्टी नगर व ग्रामीण मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में नारी शक्ति बंदन अधिनियम का विरोध करने बाली विपक्षी पार्टियों के खिलाफ जन आक्रोश मार्च निकालकर जबरदस्त विरोध जताया। नारी शक्ति के साथ गांव फतेहपुर गैसरा, मोहद्दीपुर में नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, महामंत्री आशीष अवस्थी, पुष्पेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मिथिलेश्वर सिंह, मीना शर्मा, आरती सिंह, मिथिलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र कुमार मौर्य समेत तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जमीन कब्जा के विरोध पर निजी कर्मचारी पर जानलेवा हमला

- आधा दर्जन आरोपी नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मालिक की जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों ने कर्मचारी को उसकी दुकान में घुसकर जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की ओर से पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला मीरगंज निवासी अलीमुद्दीन पुत्र सरफुद्दीन ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह नगर के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी सुमन गुप्ता पत्नी स्व राकेश कुमार गुप्ता के यहां नौकरी कर उनकी जमीन आदि की देखभाल करता है। 28 अप्रैल को शाम करीब पांच बजे सुमन गुप्ता हिन्दुपट्टी अंदर चुंगी स्थित आराजी पर वह बैठा थी। आरोप है कि मोहल्ला पक्का कटरा निवासी हारून शाह पुत्र शब्बन शाह ने सुमन गुप्ता की आराजी पर कब्जा करने का प्रयास किया। उसके विरोध करने पर हारून अंजाम भुगतने की धमकी देकर चला गया। रात करीब नौ बजे हारून मोहल्ले में ही उसकी दुकान पर बांका लेकर साथियों के साथ घुस आया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान उसका पोता अहद पुत्र आसिफ का भी सिर फट गया। पीड़ित ने हारून शाह व फैजान शाह पुत्रगण शब्बन शाह व शब्बन शाह पुत्र बन्ने शाह व हसीव पुत्र नाजिम शाह , जमीर हशन व चांद हसन पुत्रगण छिद्दू शाह के खिलाफ जानलेवा हमले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। घटना स्थल के समीपस्थ के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत





**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र खुटार में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह अपने घर से सवारी लेकर खुटार की ओर जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गुरघिया निवासी श्रीराम (60), पुत्र मूला, ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे वह अपने घर से ई-रिक्शा लेकर खुटार की तरफ जा रहे थे। रास्ते में कुइया के पास स्थित बिल्ला ढाबा के सामने पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनके ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और श्रीराम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, अज्ञात वाहन की तलाश के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं, जिससे क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन की पहचान करने का प्रयास जारी है।

## कार की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, दो लोग घायल



**बंडा, शाहजहांपुर।** शादी समारोह से घर वापस लौट रहे बाइक सवार युवकों को स्विफ्ट डिजायर कार ने टक्कर मार दी थी जिसके बाद एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दो अन्य को जिला अस्पताल रेफर किया गया था । घटना के पांचवें दिन अब दूसरे युवक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है जिसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। 27 अप्रैल को बंडा के आलमपुर पिपरिया गांव निवासी रामसेवक का पुत्र रजनीश (20), बाबूराम का पुत्र सत्यपाल (24) और रूपन का पुत्र राजाराम (22) बाइक से बंडा के ही सिंगापुर पनई गांव में एक शादी समारोह हो शामिल होने गए थे । जहां से देर रात वह बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे तभी पूरनपुर बंडा नेशनल हाईवे पर गांव महोलिया के पास उनकी बाइक में तेज रफ्तार से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार ने पीछे से टक्कर मार दी थी जिसके बाद कार भी खाई में जाकर रुक गई थी । वहीं टक्कर लगने के बाद रजनीश की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि सत्यपाल और राजाराम को जिला अस्पताल रेफर किया गया था । जहां से सत्यपाल को इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे इलाज के दौरान सत्यपाल की भी मौत हो गई । उसकी मौत से मां माया देवी,भाई धर्मेंद्र, सर्वेश, पत्नी गिरजा देवी और पांच साल के पुत्र रितेश का रो रो कर बुरा हाल है।

# पत्रकारों पर अभद्र टिप्पणी करने वाला एक हिरासत में, पुलिस ने मंगवाई माफी

- पठान साहब नामक युवक गिरफ्तार
- ठाकुर पुस्पेंद्र कुमार सिंह ने भी पत्रकारों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

खुदागंज पुलिस ने सोशल मीडिया पर पत्रकारों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई की। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति को चेतावनी देते हुए सार्वजनिक रूप से अपनी टिप्पणी वापस लेने और माफी मांगने के लिए कहा, जिसे स्थानीय स्तर पर सोशल रिपेयरिंग बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी व्यक्ति द्वारा भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री प्रसारित किए जाने पर कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। खुदागंज पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें और बिना पुष्टि के कोई भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट न करें।

# मतगणना स्थल का एसडीएम ने सीओ संग लिया जायजा, दिए निर्देश

- सात मई को ब्लॉक परिसर में होगी कटरा नगर पंचायत उप चुनाव की मतगणना

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कटरा नगर पंचायत चेयरमैन पद के उपचुनाव की के लिए बनाए गए मतगणना का एसडीएम ने सघन अवलोकन कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यवस्था चाक चौबंद कर ली हैं । तिलहर ब्लॉक परिसर बनाए गए मतगणना स्थल का शुक्रवार को एसडीएम जीत सिंह राय , सीओ ज्योति यादव एवं कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने



पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मतगणना स्थल के अंदर और बाहर की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए परिसर की टूटी हुई बाउंड्री को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए । इसके अलावा मतगणना के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए तीन अलग-अलग स्थल चिन्हित किए गए। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ब्लॉक परिसर के चारों ओर करीब 200 मीटर तक बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने परिसर में लगी लाइटों का भी अवलोकन किया और पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित कराने को कहा । ताकि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो सके। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि मतगणना निष्पक्ष , पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराई जा रही हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की विचार गोष्ठी आयोजित

**शाहजहांपुर।** त्रिविध पावन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से गौतम बुद्ध पार्क, बेरी चौकी में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान गौतम बुद्ध के सिद्धांतों, शांति, करुणा और मानवता के संदेश पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीके कपिल, सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजन सिंह, प्राचार्य राजकीय पालीटेक्निक सोरों मौजूद रहे। मुख्य वक्ता ऋषिपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी शाहजहांपुर ने बुद्ध के विचारों को वर्तमान समाज के लिए प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसके मित्रा ने की। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन त्याग, तपस्या और मानव कल्याण का प्रेरक उदाहरण है। वक्ताओं ने पंचशील, अहिंसा, सत्य और सद्भावना के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने बुद्ध पूर्णिमा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# बेहद अमानवीय कृत्यः हादसे में मरी महिला का माल जेवर गायब

- बोलेरा और बाइक की टक्कर में दंपती और दो बच्चों की हुई थी मौत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मानवता नाम की चीज बिल्कुल खत्म होती नजर आ रही है, जिसका एक पर मां पुवाया में हुए हादसे में देखने को मिला है। हादसे में जिस दपति और दो बच्चों की मौत हुई थी उसे मामले में एक अमानवीय कृत्य

सामने आया है। जिस महिला की हादसे में मौत हुई थी उसे महिला के माल जेवर किसी ने गायब कर दिए। जिसकी जानकारी मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को दी है लेकिन सबसे सोचनीय विषय है कि इतने बड़े हादसे के बाद वह कौन है जिसने यह कृत्य किया। पुलिस का कहना है कि जब तक वहां पहुंचे तब तक एंबुलेंस महिला को अस्पताल लेकर निकल गई थी अब इस मामले में कई सवाल खड़े होते हैं कि आखिर ऐसा कृत्य किसने किया जो की जांच का विषय है।

हालांकि देश और प्रदेश में कई ऐसी घटनाएं सामने आती हैं जो लोगों की मानवता पर सवाल खड़ी करती हैं लेकिन पुवाया में जो हुआ उसने कई सवाल खड़े कर दिए है। बतादे कि 30 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे निगोही कस्बा के मोहल्ला रामनगरिया निवासी अरुण कुमार अपनी पत्नी सीमा और बेटा नैतिक और बेटी दीक्षा के साथ अपनी ससुराल से शादी समारोह से वापस बाइक से जा रहे थे। पुवायां के भूड़ा मेनारी फ्लाईओवर पर शाहजहांपुर की ओर से आ रही बोलेरो गाड़ी ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी थी, जिससे अरुण कुमार और उनकी बेटी और बेटा की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उनकी पत्नी सीमा को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इस हादसे के बाद क्षेत्र ही नहीं पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई थी। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लिया था और शोक व्यक्त किया था। अधिकारियों को पीड़ितों की मदद करने के निर्देश दिए थे। लेकिन इस घटना में जो एक कृत्य सामने आया है उसने अमानवीयता की पराकाष्ठा को तोड़ दिया। जिस महिला की मृत्यु हुई उसके पहने हुए माल जेवर गायब मिले। जिसकी जानकारी परिजनों को होने के बाद उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। इस कृत्य ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए कि आखिर पुलिस कितनी देर में पहुंची कि किसी व्यक्ति ने माल जेवर गायब कर दिया और यदि पुलिस तत्काल पहुंच गई तो माल जेवर कैसे गायब हुए। जबकि एंबुलेंस से महिला को अस्पताल ले जाया गया, तो किस टाइम उसके माल जेवर गायब हुए। हालांकि इस मामले में कई सवाल हैं लेकिन पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि वह जब तक पहुंचे थे तब तक एंबुलेंस महिला को लेकर अस्पताल जा चुकी थी। घटना स्थल पर केवल तीन ही लोगों के शव पड़े हुए थे। मामले की जांच की जा रही है और कार्रवाई की जाएगी।

## चार शव निकले, तो भर आई हर किसी की आंखें

**शाहजहांपुर।** निगोही कस्बा निवासी अरुण कुमार और उनकी पत्नी और बेटा बेटी की मौत बीते दिन पुवायां में हादसे में हो गई थी। शुक्रवार को चारों शवों का अंतिम संस्कार किया गया, जब कस्बा से चारों शव निकल तो हर किसी की आंखें भर आई और लोगों के मुंह से एक ही बार निकल रही थी कि ईश्वर इस तरह की घटना किसी के साथ ना हो जिस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया और एक परिवार को ही खत्म कर दिया। हालांकि अरुण के एक बड़ी बेटी बची है जो की घर पर थी। उसके मुंह से एक ही बात निकल रही थी कि उसके पिता उसके लिए किताबें लाने के लिए कह रहे थे, लेकिन अब उसके लिए कौन किताबें आयेगा। उसकी आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे तो वही बूढ़े माता-पिता की आंखें रोते-रोते पथरा गई थी। शव यात्रा में जो भी हुआ शामिल हुआ उसकी आंखों में आंसू भरे रहे। गमगीन माहौल में चारों शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

## खबरें एक नजर में

### भगवान बुद्ध जयंती बुद्ध विहार पर धूमधाम से मनाई गई



**शाहजहांपुर।** भगवान तथागत गौतम बुद्ध की जयंती बुद्ध विहार पुवायां रोड मे बड़े धूम धाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाई गयी। इस मौके पर सभी लोगो ने बच्चे, युवा, बुजुर्गों एवं भारी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम प्रारम्भ में पूज्यभंते बसुबन्ध द्वारा बुद्ध वन्दना के साथ-साथ उपस्थित सभी लोगो को त्रिशरण, पंचशील आदि ग्रहण कराया गया। तत्पश्चात खीर तथा मिष्ठान वितरण हुआ। कार्यक्रम मे वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये जो कि तथागत गौतमबुद्ध के दर्शन और बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के द्वारा किये गये संघर्ष पर एवं बहुजन महापुरूषों के विचारों पर आधारित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कुमार अग्रवाल वृन्दावन गार्डेन एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों में कमल किशोर कठेरिया, डा.राकेश कुमार आजाद प्राचार्य एसएस पीजी कालेज, डा.कमलेश गौतम, सरनाम सिंह यादव अध्यक्ष सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, डा. एमपी सिंह, डा.वाईपी गौतम, डा. पीके कपिल एवं जिले के वक्ता समाजसेवी लोगो ने अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता भगवंतराम, डा.अम्बेडकर मेमोरियल संस्थान तथा कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में भगवान बुद्धविहार समिति के अलावा कई अन्य सामाजिक संस्थाओ ने अपना तन मन धन से सहयोग किया। समिति के संयुक्त मंत्री अजय वर्मा, प्रचार मंत्री ईश्वर चन्द्र गौतम, उपमंत्री विनोद सम्राट, राकेश रंजन सदस्य, ब्रजेश कुमार एडवोकेट आदि समिति सदस्यों और पदाधिकारियों ने जयंती को सफल बनाने के लिये पूर्ण सहयोग प्रदान किया तथा कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री नेवाजी ने किया।

# जिला कारागार पहुंचे मानवाधिकार आयोग के सदस्य, महिला बंदियों का जाना हाल-चाल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला कारागार का शुक्रवार को उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग, लखनऊ के सदस्य न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और महिला बैरक में पहुंचकर बंदियों से संवाद किया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने महिला बंदियों से उनकी समस्याओं, सुविधाओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बंदियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने महिला बैरक में चल रहे पठन-पाठन कार्यक्रम की भी जानकारी प्राप्त की। महिला बंदियों के



हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सुधारात्मक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। कारागार परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जे.पी. तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, कारापाल अनिल कुमार विश्वकर्मा, उपकारापाल राघवेंद्र वर्मा, सुभाष चंद यादव, पूनम तिवारी, शिक्षाध्यापक मयंक चतुर्वेदी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## वैशाख पूर्णिमा पर 22वीं भोजन प्रसादी सेवा सफलतापूर्वक संपन्न

**शाहजहांपुर।** वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री लंगोटी वाले बाबा सेवा समिति द्वारा आयोजित 22वीं विशाल भोजन प्रसादी सेवा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री हनुमान चालीसा पाठ से हुआ, जिसके बाद मंदिर के पुजारी द्वारा पूड़ी-सब्जी का भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत कन्या पूजन किया गया तथा श्रद्धालुओं और भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि समाज सेवा और जनकल्याण की भावना से प्रत्येक पूर्णिमा पर भोजन प्रसादी वितरण कराने का संकल्प लिया गया है, जो बाबा की कृपा और भक्तों के सहयोग से लगातार जारी है। समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक लवकुश मिश्रा ने इस पुनीत कार्य में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सेवादारों और भक्तगणों का आभार व्यक्त किया।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कैंप कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र की जनता की समस्याओं के निस्तारण और संवाद को सुगम बनाने के लिए शुक्रवार को बरेली रोड स्थित श्री राम टॉकीज परिसर में कैंप कार्यालय का भव्य शुभारंभ हुआ। वैदिक रीति-रिवाजों और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शुरू हुए इस कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्रवासी और प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का आगाज हुआ। उद्घाटन से पूर्व परिसर में भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच अपूर्वा ठाकुर एवं अजय गुप्ता ने विधि-विधान से पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूरी तरह पारंपरिक ढंग से संपन्न हुए इस अनुष्ठान ने आयोजन को आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया। धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहूति के पश्चात परशुरामपुरी स्थित भगवान



परशुराम मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सत्यदेव पांडे ने फीता काटकर कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने आशीर्वाद देते हुए कहा कि जनसेवा के लिए समर्पित यह स्थान निश्चित रूप से विकास की नई इबारत लिखेगा। कार्यालय के शुभारंभ को लेकर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से उत्साह का माहौल था। उद्घाटन के दौरान भाजपा नेता आशुतोष गुप्ता, वैभव त्रिवेदी, दिनेश राठौड़, जितेंद्र सिंह राठौड़, मंजू, वंदना शुक्ला सहित भारी संख्या में समर्थक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने इसे जनसंपर्क का एक सशक्त माध्यम बताया और कहा कि अब क्षेत्रवासियों को अपनी बात रखने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। लोगों का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र 132 के अंतर्गत इस प्रमुख स्थान पर कार्यालय खुलने से विकास कार्यों में तेजी आएगी और आमजन की सुनवाई आसान होगी।

## भीषण सड़क हादसे ने छीनी चार जिंदगियां, शोक सभा में उमड़ा जनसैलाब

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना पुवायां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अगौना बुजुर्ग में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब रौतापुर पेट्रोल पंप के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार से जुड़े चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। दिवंगतों में अनिल वर्मा की नवविवाहिता बहू, बहन, साढू की बेटी और भांजे शामिल हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम का माहौल छा गया। इस दुखद घटना के बाद ग्राम अगौना बुजुर्ग में शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोक सभा में वरिष्ठ सर्जन डॉ. के पी गुप्ता (अर्नव सर्जिकेयर हॉस्पिटल, शाहजहांपुर) भी शामिल हुए और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया की उपस्थिति भी रही। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। पूरा क्षेत्र इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध है और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थनाएं की जा रही हैं।

# कथित सपा नेता क्षत्रिय समाज को कर रहा है गुमराह

- सांसद के बेटे की कार पर हुई तोड़फोड़, दी जाति सूचक गालियां
- सासंद ने जारी किया जाति सूचक गाली-गलौज का आडियो
- कोतवाली पुलिस कब करेगी गुंडई करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर के बेटे के साथ कथित अभद्रता और गुंडई का मामला तूल पकड़ गया है। घटना के बाद सांसद अरूण सागर ने भाजपा कार्यालय पर मीडिया के सामने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि साउथ सिटी निवासी नीटू सिंह ने उनके बेटे के साथ बदसलूकी की, जातिसूचक गालियां दीं और कार के बोनट पर हाथ मारते हुए बाहर निकलने की धमकी दी। सांसद ने साफ कहा कि यह सिर्फ उनके परिवार पर हमला नहीं, बल्कि सामाजिक मर्यादा और कानून व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि दबंगई और जातिवाद की राजनीति अब ज्यादा



दिन नहीं चलने वाली। उन्होंने ददरौल विधानसभा के कथित सपा नेता पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग जातिवादी मानसिकता के सहारे समाज को बांटने और गुमराह करने में लगे हैं, लेकिन जनता सब देख रही है। ऐसे लोगों को समय आने पर करारा जवाब मिलेगा। अरुण कुमार सागर ने कहा कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। किसी को भी गुंडई, धमकी और जातिसूचक भाषा बोलने की छूट नहीं दी जा सकती। उन्होंने प्रशासन से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि दोषियों पर कानून का डंडा चलना चाहिए। सांसद ने जातिसूचक गाली-गलौज का एक आडियो भी जारी किया हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता आदि मौजूद थे।

# प्रेम और सद्भाव से रहें, अहंकार त्यागें: दाजी

- बाबूजी महाराज जयंती समारोह के प्रथम चरण का समापन, हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में बाबूजी महाराज जयंती समारोह के प्रथम चरण का शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यासियों ने सामूहिक ध्यान साधना कर विश्व शांति, मानव कल्याण और सद्भाव की कामना की। प्रातःकाल कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक ध्यान से हुआ, जिसमें हजारों साधकों ने एकात्म भाव से भाग लिया। इस दौरान मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' का वर्चुअल संदेश प्रसारित किया गया। दाजी ने कहा कि इस उत्सव का मूल उद्देश्य अहंकार का त्याग करना है। विनम्रता कृपा को आकर्षित करती



है, जिससे जीवन का मार्ग सरल बनता है। चेतना के विस्तार के लिए अहंकार छोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अभ्यासी अपने माता-पिता और गुरु के प्रति निष्ठावान रहें तथा स्वयं महान बनने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी साधक अपने महान गुरुओं की आध्यात्मिक संतान हैं। आपसी मतभेद दूर कर प्रेम, सद्भाव और सहयोग का व्यवहार करें। बाबूजी महाराज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, माधो गोपाल अग्रवाल, राज गोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, सुयश सिन्हा, सुनील अग्रवाल, ममता सिंह, एसके शर्मा सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## बुद्ध पूर्णिमा पर निकली शोभायात्रा, श्रद्धालु हुए शामिल



**बण्डा, शाहजहांपुर।** जनपद के बण्डा विकास खंड में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली गई। इसका उद्देश्य भगवान बुद्ध के ज्ञान, करुणा और शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ सुबह नौ बजे ग्राम ढका घनश्याम स्थित पेट्रोल पंप से हुआ। यह यात्रा खखरा बुजुर्ग, पिपरिया हरिश्चंद्र नगर पंचायत बण्डा से होते हुए ग्राम रनमस्तपुर बुजुर्ग स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची। शाम पांच बजे भगवान बुद्ध और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर शोषित समाज मिशन और गौतम बुद्ध एजुकेशन एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता शोभित कुमार गौतम, सचिव मनीष कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सचिन निगम, मंडल विधि सलाहकार राजीव गौतम, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल, प्रधान राममूर्ति राज उर्फ गुड्डू और बसपा विधानसभा अध्यक्ष जयपाल गौतम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र राजेश को गलत आचरण के कारण चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **रामाधार पुत्र जोरावर नि. ग्रा.-सिंघापुर कुरसंडा थाना-बंडा, जिला-शाहजहांपुर।**

## राहतकारी हो आईसीयू

अक्सर ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं कि देश के किसी भाग में किसी निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती मरीज के ठीक होने या ठीक होने की संभावना के बावजूद उसे डिस्चार्ज नहीं किया जाता है। वजह होती है कि अस्पताल का अनवरत गति से चलने वाला कमाई का मीटर। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा खर्चीली हो गई और बेहतर सुविधाओं के लिए बड़ी रकम चुकानी होती है। लेकिन इस व्यवस्था का मानवीय व संवेदनशील होना अपरिहार्य है। इसके नियमन का कार्य यूं तो देश के नीति-नियंताओं और शासन-प्रशासन को करना चाहिए था। लेकिन विडंबना यह है कि अदालत को ऐसे मामलों में पहल करनी पड़ती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समान गहन चिकित्सा ईकाई दिशा निर्देशों की जरूरत बताना विसंगतियों से जूझती आईसीयू प्रणाली के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। इन दिशानिर्देशों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके या जिन मरीजों के अंगों को बाहरी सहायता अथवा शारीरिक निगरानी की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जानी चाहिए। उन्हें अन्य सामान्य वार्डों में स्थानांतरित किया जा सकता है। निश्चित रूप से न्यायालय के ये निर्देश चिकित्सकीय और नैतिक दोनों ही हैं। जो बताते हैं कि जरूरी न होने के बावजूद मरीज को लंबे समय तक आईसीयू में रखना अनुचित है। यह एक हकीकत है कि मानकीकृत आईसीयू प्रोटोकॉल के अभाव में एक अस्पष्ट स्थिति पैदा हो जाती है, जिसकी वजह से मरीज से जुड़े निर्णय असमंजस का शिकार होकर रह जाते हैं। वास्तव में आईसीयू में भर्ती मरीजों के तिमारदारों को चिकित्सा प्रक्रिया की गहन जानकारी अक्सर नहीं होती है। वे केवल चिकित्सक के दिशा-निर्देशों पर ही निर्भर होकर रह जाते हैं। यही वजह है कि अस्पताल प्रबंधन के रहमो-करम पर मरीज को महंगे आईसीयू में लंबे समय तक भर्ती रहने को मजबूर होना पड़ता है। कई बार ऐसा भी होता है कि गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती रहने के बावजूद मरीज को उपचारीय लाभ नहीं मिल रहा होता है। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट के ये दिशानिर्देश एक सरल व सामान्य सिद्धांत की पुष्टि करते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास करते हैं कि किसी भी अस्पताल का आईसीयू मरीज की अनिश्चितकालीन देखभाल के लिए नहीं होता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत ने समस्या के यथाशीघ्र समाधान की जरूरत पर बल दिया है। अदालत ने डॉक्टरों की प्रतिष्ठा को संरक्षित करते हुए चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया है। इस दिशा में व्यवस्थागत मुद्दों पर जोर दिया गया है, जिसमें नर्स व मरीज के अनुपात, विशेषज्ञ पर्यवेक्षण, मानक बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कराना एक सराहनीय पहल कही जाएगी। निश्चित रूप से भारत जैसे देश में जहां स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में भारी असमानता है, ये न्यूनतम मानदंड अधिक न्यायसंगत देखभाल के लिए आधार बन सकते हैं। सही मायनों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने और समयबद्ध कार्य योजना तैयार करनी चाहिए। साथ ही निर्देश नीति के क्रियान्वयन हेतु तत्परता दिखानी चाहिए। लेकिन विगत के अनुभव बताते हैं कि एक अच्छे इरादे वाली कार्ययोजना तब अपने लक्ष्य पाने में विफल हो जाती हैं जब उसका क्रियान्वयन आधे-अधूरे ढंग से किया जाता रहा है। निश्चित रूप से निगरानी ढांचे और समन्वित राष्ट्रीय स्तर की कार्रवाई पर अदालत की पहल सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन इसकी अनुपालन की सफलता राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्त पोषण और प्रशासनिक क्षमता पर निर्भर करेगी। साथ ही दक्षता के अलावा, मानवीय पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। गहन चिकित्सा कक्ष में लंबे समय तक भर्ती रहना मरीजों और उनके परिवारों के लिए बेहद कष्टदायक होता है। स्थिर मरीजों को कम स्तर पर देखभाल की जरूरत वाले वार्डों में स्थानांतरित किए जाने से न केवल अनावश्यक चिकित्सा खर्च बचता है। बल्कि यह मानवीय दृष्टिकोण का भी परिचायक है। निश्चित रूप से आईसीयू के लिए एकसमान मानदंड लागू करने का प्रयास भारत की स्वास्थ्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने और तर्कसंगत निर्णय लेने को बढ़ावा देने वाला साबित हो सकता है।

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मजदूर आंदोलन, वेतन से आगे, सामाजिक न्याय की लड़ाई?

*अरुण कुमार डनायक*



**इतिहास बताता है कि श्रमिक वर्ग केवल वेतन और सुविधाओं की लड़ाई नहीं लड़ता, बल्कि लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के आंदोलनों का प्रमुख वाहक रहा है। परिवर्तन की सबसे सशक्त पटकथा अक्सर उन्हीं हाथों से लिखी जाती है, जिनमें मेहनत के निशान होते हैं। अमेरिका में सामाजिक कार्यकर्ताओं को कई बार कम्युनिस्ट, विध्वंसक या व्यवस्था के लिए खतरा बताकर आरोपित किया गया। भारत में भी सामाजिक आंदोलनों पर ऐसे आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं और उन्हें राजनीतिक द्वेष व वित्तीय पाबंदियों का सामना करना पड़ता है। फिर भी, श्रमिक आंदोलनों की लौ आरोपों से नहीं बुझती, वह हर चुनौती के साथ और प्रखर होती जाती है। आज, गिग और असंगठित अर्थव्यवस्था के दौर में श्रमिक अधिकार और गरिमा की यह लड़ाई पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई है।**

मजदूर दिवस पर श्रमिक आंदोलनों की चर्चा अक्सर फैक्टरी गेट पर विरोध, नारेबाजी, अति-आवश्यक सेवाओं को ठप कर देने या हड़तालों की हिंसक छवियों, शहरों के उद्योग बंद होने की कहानियों तक सीमित रह जाती है। यह दृष्टि उस बड़े सत्य को अनदेखा कर देती है कि दुनिया के मजदूर केवल अपने अधिकारों के लिए ही नहीं, बल्कि देशहित, लोकतंत्र और मानव गरिमा की रक्षा के लिए भी निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। भारत में भी श्रमिक वर्ग ने यह भूमिका निभाई है।

चम्पारण सत्याग्रह में खेतिहर मजदूर नील किसानों के साथ खड़े रहेय 1918 में अहमदाबाद, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई की मिल हड़ताल और दांडी यात्रा में कारीगरों, नमक निर्माताओं और तटीय मजदूरों ने औपनिवेशिक अन्याय के विरुद्ध व्यापक जनशक्ति खड़ी कर मजदूरों की सामूहिक शक्ति प्रदर्शित की थी। डॉ. आंबेडकर के नेतृत्व में महाड़ के चवदार तालाब सत्याग्रह में दलित श्रमिकों ने सामाजिक समानता की लड़ाई को नई दिशा दी थी। इसी वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अमेरिका का नागरिक अधिकार आंदोलन एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। जिम क्रो नियमों के तहत अमेरिका में अश्वेत नागरिकों को अलग, लेकिन समान के नाम पर अपमानजनक भेदभाव का सामना करना पड़ता था। सार्वजनिक सुविधाएं, जैसे- बस, ट्रेन, पार्क, स्कूल आदि में व्यवस्थाएं अलग-अलग थीं और मतदान में बाधा डालने के लिए साक्षरता परीक्षण व पोल टैक्स जैसे उपाय थे। इन असमानताओं के विरुद्ध 1950-60 में व्यापक जनांदोलन उभरे, जिनमें श्वेत और अश्वेत सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अश्वेत श्रमिकों ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर संघर्ष को दिशा दी।

इन आंदोलनों की रीढ़ घरेलू कामगार, औद्योगिक श्रमिक और उनके संगठन थे, जिन्होंने हर स्तर पर संघर्ष को जीवित रखा। ग्रामीण इलाकों में हिंसा और दमन के बावजूद खेतिहर मजदूरों व बटाईदारों ने यूनियनें बनाई और फ्रीडम समर जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई। इन सबके बीच पादरी मार्टिन लूथर किंग (जूनियर) इस आंदोलन के सबसे प्रेरक और नैतिक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे। उन्होंने महात्मा गांधी की अहिंसा, सविनय अवज्ञा आंदोलन व सत्याग्रह से प्रेरित होकर श्रमिक वर्ग की शक्ति को संगठित कर संघर्ष को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। एक दिसंबर 1955 को एक साधारण कामकाजी महिला रोजा पार्क्स द्वारा मॉन्टगोमरी की बस में श्वेत अमेरिकी नागरिक के लिए अपनी सीट छोड़ने से इंकार करना अचानक उपजा विद्रोह नहीं था। यह वर्षों से सहते आ रहे अपमान के विरुद्ध एक शांत, पर निर्णायक प्रतिकार था। उनकी गिरफ्तारी ने अश्वेत समाज को झकझोर दिया और 381 दिनों तक चलने वाले मॉन्टगोमरी बस बहिष्कार की शुरुआत हुई। इस बहिष्कार की असली ताकत घरेलू कामगार महिलाएं, औद्योगिक श्रमिक, खेतिहर मजदूर और निम्न आय वर्ग के वे लोग थे, जो रोजमर्रा के आवागमन के लिए इन्हीं बसों पर निर्भर थे। बहिष्कार का सबसे बड़ा बोझ भी इन्हीं ने उठाया। लोग मीलों पैदल चले, चर्चों की वैनें चलीं, कार-पूल बने, टैक्सी चालकों ने कम किराए पर यात्राएं कराई। सुबह अंधेरे में निकलने वाली घरेलू कामगार महिलाएं और मजदूर, लंबी दूरी पैदल चलने की कठिनाइयों के बावजूद डटे रहे। दूसरी ओर श्वेत प्रतिरोध लगातार हिंसक होता गया, किंग के घर पर बम फेंके गए, कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेलों में प्रताड़ित किया गया और आंदोलनकारियों को निरंतर धमकियां दी गईं। इसके बावजूद आंदोलन की आत्मा गांधीजी की अहिंसा के अनुरूप ही रही। जेल की कोठरियों और सड़कों पर वी शैल ओवरकम जैसे आशा भरे गीत गूंजते रहे। मनुष्य की गरिमा और समानता का प्रतीक यह गीत भारत में भी श्हम होंगे कामयाब एक दिन के रूप में लोकप्रिय हुआ। मॉन्टगोमरी बस आंदोलन की श्रमिक आधारित नैतिक शक्ति ने विद्यार्थियों में भी प्रतिरोध की नई चेतना जगाई। इसी प्रेरणा से 1960 का सिट इन मूवमेंट जन्मा, जब ग्रीन्सबोरो के चार छात्रों ने श्वेत आरक्षित लंच-काउंटर पर बैठकर अलगाव को चुनौती दी। कुछ ही महीनों में हजारों छात्रों ने इस अहिंसक सत्याग्रह के माध्यम से नस्लीय भेदभाव के खिलाफ बिगुल फूंक दिया। 1961 का फ्रीडम राइड आंदोलन, जिसकी रीढ़ श्रमिक और छात्र थे, अमेरिकी लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा बन गया। बसों में सवार शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों पर श्वेत भीड़ की क्रूर हिंसा और गिरफ्तार अश्वेत यात्रियों को प्रताड़ित किये जाने की खबरों ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय छवि को गहरा आघात पहुंचाया। 1963 का मार्च ऑन वॉशिंगटन आज भले ही किंग के आई हैव अ ड्रीम भाषण से पहचाना जाता हो, पर इसकी नींव श्रमिक नेता ए. फिलिप रैंडोल्फ और ब्रदरहुड ऑफ स्लीपिंग कार पोर्टर्स यूनियन ने रखी थी। इस मार्च का आधिकारिक नाम नौकरियों और स्वतंत्रता के लिए वॉशिंगटन मार्च स्पष्ट करता है कि यह आंदोलन मूलतः श्वेत और अश्वेत मजदूरों के बीच समानता, आर्थिक न्याय और श्रमिक अधिकारों की मांग से उपजा था। वॉशिंगटन मार्च ने न केवल नस्लीय भेदभाव के खिलाफ एक सशक्त आवाज उठाई, बल्कि सिद्ध किया कि श्रमिक आंदोलन, अहिंसा और शांतिपूर्ण अनुशासन के द्वारा व्यापक सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

मार्टिन लूथर किंग द्वारा आंदोलन की जननी कही जाने वाली सेप्टिमा क्लार्क का योगदान नस्लीय भेदभाव के इतिहास में अद्वितीय है। उनके सिटीजनशिप स्कू लों ने अश्वेत श्रमिकों को साक्षर बनाया, उन्हें मतदान के लिए पंजीकरण कराने में सक्षम किया, यूनियनों और आंदोलनों में नेतृत्व विकसित किया। उनके प्रयासों का ही सुखद परिणाम है कि आज अमेरिकी कांग्रेस में अश्वेत प्रतिनिधित्व अपने ऐतिहासिक उच्च स्तर पर है और यह सब बिना किसी आरक्षण के संभव हुआ है। इन आन्दोलनों से बढ़ते दबाव के कारण राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी को हस्तक्षेप करना पड़ाय उन्होंने आंदोलन को टकराव और हिंसा से हटाकर मतदाता पंजीकरण जैसे लोकतांत्रिक कदमों की ओर मोड़ा, अंतरराज्यीय परिवहन में नस्लीय भेदभाव समाप्त करने के लिए संघीय आदेश लागू किए और नागरिक अधिकारों पर व्यापक कानून लाने की घोषणा की। दुर्भाग्य से 1963 में कैनेडी की हत्या हो गई और उनके बाद 1964 में सिविल राइट्स एक्ट पारित हुआ।

इतिहास बताता है कि श्रमिक वर्ग केवल वेतन और सुविधाओं की लड़ाई नहीं लड़ता, बल्कि लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के आंदोलनों का प्रमुख वाहक रहा है। परिवर्तन की सबसे सशक्त पटकथा अक्सर उन्हीं हाथों से लिखी जाती है, जिनमें मेहनत के निशान होते हैं। अमेरिका में सामाजिक कार्यकर्ताओं को कई बार कम्युनिस्ट, विध्वंसक या व्यवस्था के लिए खतरा बताकर आरोपित किया गया। भारत में भी सामाजिक आंदोलनों पर ऐसे आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं और उन्हें राजनीतिक द्वेष व वित्तीय पाबंदियों का सामना करना पड़ता है। फिर भी, श्रमिक आंदोलनों की लौ आरोपों से नहीं बुझती, वह हर चुनौती के साथ और प्रखर होती जाती है। आज, गिग और असंगठित अर्थव्यवस्था के दौर में श्रमिक अधिकार और गरिमा की यह लड़ाई पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई है।

**(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

**विचार**

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना से नीरज दुबे ने गढ़ी आत्मनिर्भरता की मिसाल

उत्तर प्रदेश को स्वावलंबी और उद्यमशील राज्य बनाने के माननीय मुख्यमंत्री जी के विजन को साकार करने में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना एक मील का पत्थर साबित हो रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के शिक्षित और कुशल युवाओं को रोजगार मांगने वाले की बजाय 'रोजगार देने वाला' (जॉब क्रिएटर) बनाना है। योजना के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए युवाओं को प्रथम चरण में रु. 5.0 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण (अथवा वित्तीय सहायता) सुगमता से उपलब्ध कराया जाता है। इसके सफल संचालन और ऋण अदायगी के उपरांत, उद्यम के विस्तार हेतु द्वितीय चरण में भी वित्तीय सहायता का भी प्रावधान है।

इसमें न केवल पूंजीगत लाभ है, बल्कि युवाओं को उद्योग लगाने हेतु तकनीकी बारीकियों और बाजार की रणनीतियों से भी अवगत कराया जाता है। प्रदेश सरकार की इसी कल्याणकारी योजना के सुदृढ़ धरातल पर जनपद अमेठी के अंतर्गत बालीपुर, सवनगी के निवासी नीरज दुबे ने आत्मनिर्भरता की एक जीवंत मिसाल कायम की है। नीरज की जीवन यात्रा आज के उन तमाम युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का जज्बा रखते हैं। एक समय था जब नीरज आर्थिक अस्थिरता और रोजगार के स्थायी साधनों की कमी के कारण अपने भविष्य को लेकर संशय में थे। उनके पास उद्यमशीलता का विचार तो था, लेकिन पूंजी का अभाव उनके कदमों को आगे बढ़ने से रोक रहा था। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना उनके लिए आशा की एक नई किरण बनकर आई और उनके सपनों को उड़ान दी।

नीरज दुबे के इस साहसिक सफर में जिला प्रशासन की भूमिका एक मार्गदर्शक और उत्प्रेरक के रूप में रही है। जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग और पारदर्शी कार्यप्रणाली के कारण ही योजना का लाभ उन तक सुगमता से पहुंच सका। जब नीरज ने उद्योग विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के वित्तीय लाभों के बारे में विस्तार से जाना, तो उनके मन में वर्षों से दबा स्वरोजगार का सपना फिर से जाग उठा। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों ने आवेदन की प्रक्रिया से लेकर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने तक नीरज का हर कदम पर मार्गदर्शन किया। प्रशासन की इसी तत्परता का परिणाम था कि उनके आवेदन को त्वरित गति से मंजूरी मिली और योजना के तहत उन्हें रु. 5.0 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। यह धनराशि केवल एक कर्ज नहीं, बल्कि नीरज के उद्यमी बनने के सपने की ठोस नींव थी। जिला प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि वित्तीय सहायता मिलने के बाद नीरज को कच्चा माल प्राप्त करने और मशीनरी स्थापित करने में कोई तकनीकी बाधा न आए, जिससे उनके आत्मविश्वास को और मजबूती मिली।





मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना से मिली इस संजीवनी का नीरज दुबे ने भरपूर सदुपयोग किया। उन्होंने प्राप्त ऋण राशि से दोना-पत्तल निर्माण की एक आधुनिक इकाई स्थापित की और उच्च श्रेणी की मशीनरी खरीदी। योजना के लाभ ने उनके व्यवसाय को वह गति प्रदान की, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। शुरुआत में जो व्यवसाय एक छोटे स्तर पर था, वह सरकारी सहयोग और नीरज की कड़ी मेहनत के उत्कृष्ट तालमेल से बहुत कम समय में एक बड़े उद्यम के रूप में विकसित हो गया। आज नीरज की इकाई में तैयार होने वाले दोना-पत्तल अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और मजबूती के कारण स्थानीय बाजारों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। उनके व्यवसाय की प्रगति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उत्पादन शुरू होने के कुछ ही महीनों के भीतर उनके उत्पादों की मांग में चार गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। इस निरंतर बढ़ती मांग ने नीरज को अपने व्यवसाय के दायरे को और अधिक विस्तार देने के लिए प्रोत्साहित किया है। सरकारी योजना के सफल क्रियान्वयन से नीरज के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव केवल आर्थिक उन्नति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसने उनके सामाजिक गौरव को भी बढ़ाया है। व्यवसाय में हुई इस असाधारण वृद्धि का सीधा असर उनकी आय पर पड़ा है। आज नीरज का मासिक टर्नओवर और लाभ उनकी पिछली परिस्थितियों की तुलना में कई गुना अधिक है, जिससे उनके परिवार का जीवन स्तर काफी उन्नत हुआ है। व्यवसाय की इस सफलता ने नीरज को एक सफल नियोक्ता (एंपलॉयर) के रूप में स्थापित कर दिया है। योजना के मूल उद्देश्य को सार्थक करते हुए वर्तमान में वे अपनी इकाई के माध्यम से 03 अन्य स्थानीय युवाओं को भी स्थायी रोजगार प्रदान कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। नीरज अब अन्य युवाओं के लिए एक सलाहकार की भूमिका भी निभा रहे हैं, जो उन्हें जिला प्रशासन और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हैं।

नीरज दुबे की यह सफलता की कहानी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि यदि सरकार की नीतियां सही दिशा में हों और जिला प्रशासन का क्रियान्वयन प्रभावी हो, तो प्रदेश का युवा किसी भी ऊंचाई को छू सकता है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना ने नीरज जैसे हजारों युवाओं के भीतर छिपी उद्यमिता को पहचान दी है और उन्हें आर्थिक स्वावलंबन के मार्ग पर अग्रसर किया है। आज नीरज की दोना-पत्तल इकाई न केवल सुचारू रूप से संचालित हो रही है, बल्कि भविष्य में इसके और बड़े स्तर पर विस्तार की प्रबल संभावनाएं दिख रही हैं। उनकी प्रगति यह स्पष्ट करती है कि सरकारी सहयोग जब व्यक्ति के दृढ़ संकल्प और परिश्रम से मिलता है, तो सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित होते हैं। अमेठी के ग्रामीण अंचल से निकलकर एक सफल उद्यमी बनने तक का नीरज का यह सफर प्रदेश के हर उस युवा के लिए एक मार्गदर्शिका है, जो स्वरोजगार के माध्यम से अपना और उत्तर प्रदेश का भविष्य संवारना चाहता है।

साहित्य



## अप्रैल की चेतावनी मई में सुन...!

**संजय एम तराणेकर**

अप्रैल की धूप ने आग-सी बोली,
धरती की साँसें लगती हैं डोली।
हवा में भी तपिश, लू का है शोर,
सूरज बरसाए अंगारों का ज़ोर।

शहरों की दीवारें भी तपने लगीं,
सड़कों की छाया यूं जलने लगीं।
पेड़ों की छाँव अब कम पड़ गई,
नदियों की धड़कन थम-सी गई।

यह केवल मौसम का खेल नहीं,
ये मानव के कर्मों का मेल कहीं।
कांक्रीट के जंगल ज्यों बढ़ते गए,
हरियाली को निगल सिमटते गए।

ओ रे मानव, अब तो चेत जा तू,
प्रकृति का संतुलन सँभाल ले तू।
पेड़ लगा, जल को ज़रा सहेज ले,
अब धरती को फिर से संवार ले।

अप्रैल की चेतावनी मई में सुन ले,
भविष्य की राहों को पुनः चुन ले।
वरना ये तपिश तो बढ़ती जाएगी,
जीवन की धारा सूखती जाएगी।



## राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**वृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुनः-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंहः-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# प्रदेश सरकार द्वारा वन्यजीवों को दिये गये संरक्षण से उनकी संख्या में हुई बढ़ोत्तरी

वन और वन्यजीव इस धरती की प्राकृतिक धरोहर है। वनों और वन्यजीवों से पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहता है, जो मानव जीवन को समृद्ध और सुखमय बनाते हैं। भारत में विभिन्न प्रजातियों के कई वन्यजीवों का वास है। वन्यजीव भी प्राणी हैं। मानव की तरह उनमें भी शरीर के सभी अंग होते है। वन्य प्राणियों में हृदय की धड़कन भी आम मनुष्यों की तरह ही धड़कते है। आज वन्य प्राणियों के प्रभावी संरक्षण व संवर्द्धन हेतु व्यापक जन जागरूकता करते हुए उनके प्रति करूणा व स्नेह का भाव जागृत करना जरूरी है। वन्यजीवों को सुरक्षित रखने की हमारी समृद्ध परम्परा का ही परिणाम है कि इस धरती पर शहरीकरण एवं औद्योगिक विकास होने तथा अत्यधिक जैविक दबाव होने पर भी विभिन्न प्रकार के वन, वनस्पतियों एवं वन्यजीव की प्रजातियां जीवित पाई जाती है। धरती की प्राकृतिक सुन्दरता का संतुलन बनाये रखने के लिए विभिन्न प्रजाति के जीवों में समन्वय जरूरी होता है।

वन्य जीव उस हर वृक्ष, पौधे, जानवर, पक्षी और अन्य जीव को कहा जाता है, जो मानव द्वारा पालतू न बनाया गया हो। जंगली जीव दुनिया के सभी क्षेत्रों रेगिस्तान, वन, घास भूमि, मैदान, पर्वत, जलीय क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में भी पाये जाते हैं और मानव बसेरों से दूर वनों-पर्वतों आदि प्राकृतिक वासों में रहते है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में वन्यजीवों के प्राकृतिकवासों, संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु विशेष कार्य किये जा रहे है। वन्य प्राणियों के प्राकृतिकवास देने और अनुकूल वातावरण बनाये रखने के लिए प्रदेश सरकार ने वृहद् वृक्षारोपण अभियान चलाकर पौधरोपण कराया है। प्रदेश सरकार के 09 वर्षों के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में 242.13 करोड़ पौधे रोपित करते हुए वनावरण/वृक्षावरण बढ़ाया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये वृक्षारोपण से प्रदेश में वर्ष 2017 से 2023 तक 03 लाख 38 हजार एकड़ में वनावरण व वृक्षावरण की वृद्धि हुई है।

प्रदेश सरकार ने वन्यजीवों को प्राकृतिक वास देकर उनकी आबादी में बढ़ोत्तरी की है। वन्यजीवों को जब प्राकृतिक और उनकी प्रकृति, स्वभाव सहित भरपेट भोजन मिलता रहेगा और नर-मादा प्राकृतिक रूप से मिलेगे तो उनका कुनबा निश्चय ही बढ़ेगा। प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्था का ही परिणाम है कि प्रदेश में राष्ट्रीय पशु बाघों की संख्या जो 173 थी वह बढ़कर 205 हो गई है। प्रदेश में बाघों की संख्या में 18 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। देश में सबसे अधिक 2397 डॉल्फिन उ0प्र0 में है। प्रदेश सरकार ने झीलों, तालाबों की संख्या में बढ़ोत्तरी की है। जो झीले, नदियां, तालाब आदि जल के क्षेत्रों में भराव, घास उगे थे उनकी सफाई, मरम्मत आदि कराकर मूल स्वरूप में लाया गया हैं। प्राकृतिक वातावरण और पूर्ण संरक्षण देने का ही परिणाम है कि राज्यपक्षी सारस की संख्या गत वर्षों में 19994 से बढ़कर 20281 हो गई है। राज्यपक्षी सारस को प्रदेशवासी बहुत प्यार करते है और उनके वास से छेड़छाड़ नहीं किया जाता। इसी प्रकार प्रदेश में हाथी की संख्या 232 से बढ़कर 352 हो गई है। प्रदेश के वन क्षेत्रों में हाथियों को पूर्ण संरक्षण दिया जा रहा है।

प्रदेश सरकार प्रदेश के 27 वन्यजीव विहार व पक्षी विहार को संरक्षित कर रही है। इन विहारों में वन्यजीवों को प्राकृतवास मिल रहा है और उनका कुनबा बढ़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद चित्रकूट के अन्तर्गत विन्ध्य पर्वतमाला में स्थित लगभग 53000 हेक्टेयर का विशालकाय तथा रमणीय वन क्षेत्र, जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण 19 अक्टूबर 2022 को रानीपुर टाइगर रिजर्व के नाम से प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया है। प्रदेश के जनपद गोरखपुर में कैम्पियरगंज रेंज के अन्तर्गत रेडहेडेड गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र बनाकर गिद्धों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जा रही है। उत्तर प्रदेश में वेटलैण्डस की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इन वेटलैण्ड रामसर साइट में पक्षी सहित विभिन्न जलीय जीव-जन्तु निवास करते है। प्रदेश में 12 वेटलैण्ड रामसर साइट घोषित हुए है, जो देश में सर्वाधिक हैं।

### प्रदेश में गौरैया संरक्षण अभियान को मिली रफ्तार

पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में विश्व गौरैया दिवस धूमधाम से मनाया गया। लोगों को गौरैया के महत्व, उसके संरक्षण के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित भी किया गया। प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य तेजी से घटती गौरैया की संख्या पर उसके संरक्षण के लिए व्यावहारिक उपायों को जन-जन तक पहुंचाना है। कभी घरों के आंगन और छतों पर चहचहाने वाली गौरैया आज शहरीकरण, प्रदूषण और बदलती जीवनशैली के कारण तेजी से गायब हो रही है। गौरैया पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी पक्षी है। यह कीड़े-मकोड़ों को खाकर फसलों की रक्षा करती है और बीजों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र संतुलित रहता है। कृत्रिम घोंसले, मिट्टी के बर्तन, पौधे, दाना देना एवं लोगों को अपने घरों में गौरैया के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रदेश सरकार प्रेरित कर रही है। विश्व गौरैया दिवस पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था। भारत से शुरू हुआ यह अभियान आज वैश्विक स्तर पर फैल चुका है। गौरैया को बचाना केवल एक पक्षी को बचाना नहीं, बल्कि अपने पर्यावरण और भविष्य को सुरक्षित करना है। प्रदेश सरकार द्वारा वन्यजीव सुरक्षा तथा संरक्षित क्षेत्रों के समुचित संरक्षण तथा तकनीकी नवाचार के प्रयोग से वन्यजीवों के संरक्षण में नई दिशा मिली है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति केंद्र की पहल से गुमशुदा महिला बरामद



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ फ रविकांत गोंड के नेतृत्व में गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महोबकंठ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गुमशुदगी नं. 02/2022 से संबंधित गुमशुदा गायत्री पुत्री दयाराम अहिरवार उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी ग्राम कुनाटा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत गुमशुदा के भाई अंकित पुत्र दयाराम अहिरवार को सूचना दी गई, जिस पर वह थाना महोबकंठ उपस्थित आए। तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र की पहल के तहत गुमशुदा गायत्री की काउंसलिंग कर उसका बयान अंकित किया गया। काउंसलिंग के दौरान गायत्री द्वारा बताया गया कि उसने अपनी इच्छा से जहीर खान पुत्र सलीम खान उम्र 27 वर्ष निवासी मोहल्ला भगवंतपुरा थाना सदर जनपद झांसी के साथ विवाह कर लिया है तथा वर्तमान में उनके दो पुत्रियां हैं। उसने अपने पति के साथ ही रहने की इच्छा व्यक्त की। गुमशुदा गायत्री को उसकी इच्छानुसार उसके पति जहीर खान के साथ थाना हाजा से सकुशल एवं सम्मानपूर्वक रुखसत किया गया। यह कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### नारी सम्मान को लेकर महिलाओं ने पनवाड़ी में निकाली पदयात्रा



**पनवाड़ी/महोबा।** नारी सशक्तिकरण व सम्मान को लेकर पनवाड़ी कस्बा में महिलाओं का जनाक्रोश सड़क पर नजर आया, उन्होंने नारीशक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान के नारे बुलंद करते हुए ब्लाक प्रमुख अंजना अनुरागी के नेतृत्व में एक पदयात्रा निकाली गई। जिसमें पूरे कस्बा में माहौल बदल दिया, यह पद यात्रा सिर्फ एक विरोध नहीं बल्कि महिलाओं की गरिमा तथा सुरक्षा को लेकर सन्देश देने वाला आन्दोलन बन गया है। इस पद यात्रा की शुरुआत कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुई महिलाएं, युवतियों, तथा भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारा बुलंद करते दिखाई दिए। इससे साफ हो गया है कि नारी के सम्मान के साथ किस भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री इंजीनियर श्रीप्रकाश वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान हमारी संस्कृति व राष्ट्र की आत्मा है, भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए पूर्ण तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। ब्लाक प्रमुख अंजना अनुरागी ने भी तीखे साफ शब्दों में सन्देश देते हुए कहा कि समय आ गया है महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए आगे आयें। यह पदयात्रा उन लोगों को चेतावनी है जो ठेस पहुंचाने का काम करते हैं। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष संतोष पाठक, निवर्तमान सन्तोष विश्वकर्मा, ज़िला मंत्री किसान मोर्चा श्रीप्रकाश मिश्रा, सन्तोष अग्निहोत्री, नरेंद्र कुशवाहा सहित पार्टी के पदाधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

### अपनी मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने दिया धरना



**फतेहपुर।** शहर के शांति नगर स्थित रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद लखनऊ के आवाहन पर डिपो कार्यशाला प्रांगण में 15 सूत्रीय मांग पत्र के बाबत धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ट्रैफिक शाखा एवं कार्यशाला शाखा की संयुक्त आम सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रांतीय उप महामंत्री बी0एस0 वाजपेई ने किया। वही सभा का संचालन शाखा अध्यक्ष जयचंद्र प्रकाश ने किया। इस दौरान तमाम रोडवेज कर्मियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया और उनके निराकरण के लिए बात रखी गई इस दौरान इन लोगों ने मांग किया की राष्ट्रीय कृत मार्गों पर निजी बसों के संगठित अवैध व अनधिकृत संचालन व इन्हीं मार्गों पर अन्य छोटी गाड़ियों द्वारा की जा रही डग्गामारी एवं हाईएंड की बहुमूल्य संपत्तियां एवं इसके कारोबार को निजी हाथों में सौंपने की विभिन्न प्रस्तावित व लागू की जा रही योजनाओं पर पुनर्विचार कर इसे रोकने तथा परिवहन निगम के नियमित संविदा आउटसोर्स कर्मचारी की प्रमुख सामूहिक मांगों की समयबद्ध पूर्ति हेतु रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित नोटिस15 मार्च में घोषित आंदोलनात्मक कार्यक्रम और नोटिस के साथ संलग्न मांग पत्र का पूर्ण समर्थन व सहमति व्यक्त करने की बात कही गई। इस अवसर पर धरना देने वालों में राजवीर सिंह, राकेश कुमार, रोशन लाल, दिनेश कुमार,संजय शुक्ला, विजय यादव,रामू तिवारी, रवि सिंह चौहान, विनोद कुमार, महेंद्र कुमार, संजय पाल,अनीश सिंह, महेश तिवारी, प्रदीप, आलोक गौतम, राजेंद्र तिवारी सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

### सटीक जनगणना की मजबूत तैयारी, डीएम ने खुद कक्षा में बैठकर परखा प्रशिक्षण



**उरई (जालौन)।** भारत की जनगणना 2027 को सफल, सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए जनपद में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गांधी इंटर कॉलेज में चल रहे प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया और स्वयं कक्षा में बैठकर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से सीधे संवाद कर उन्हें जनगणना कार्य की महत्ता समझाई और कहा कि यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की योजनाओं और विकास की नींव तैयार करने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बिंदु को व्यावहारिक रूप में समझा जाए, ताकि फील्ड कार्य के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत यह प्रशिक्षण 20 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 5 मई 2026 तक जनपद की सभी तहसीलों एवं नगर निकायों में संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक बैच में लगभग 45 से 50 प्रगणक एवं पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं, जिन्हें तीन दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना के डिजिटल स्वरूप, मोबाइल एप आधारित डेटा संग्रहण, मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया एवं फील्ड में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। यह भी बताया गया कि फील्ड कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक निर्धारित किया गया है, जिसके लिए प्रशिक्षित कार्मिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। जनगणना मैनुअल के अनुसार यह प्रक्रिया देश के सामाजिक, आर्थिक और आवासीय ढांचे की सटीक तस्वीर प्रस्तुत करती है, जिससे सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ट्रेनरों द्वारा दी जा रही प्रशिक्षण सामग्री, प्रतिभागियों की सहभागिता तथा कक्षा के वातावरण का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं जाएगी और सभी कार्मिकों को निर्धारित समयसीमा में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करना होगा। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील आदि अधिकारी, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# डैम में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से दर्दनाक मौत

- डैम के पास डेरा डालकर रहने वाले परिवार से हैं दोनों मृतक, साथी 4 वर्षीय बच्ची ने दी सूचना
- क्षेत्राधिकारी चरखारी, थाना पुलिस एवं एनडीआरएफ की टीम की रेस्क्यू आप्रेशन के बाद सुबह बरामद हुए शव

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





जनपद के श्रीनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पिपरा माफ स्थित उर्मिल बांध में बीते शाम को नहाने समय दो बच्चों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की मदद से मृतकों के शवों को निकालकर पंचनामा भर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है मौत खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया है। डैम के पास डेरा डालकर रहने वाले परिवार से बीते शाम तीन बच्चे नहाने के लिए गए थे जिसमें जिसमें रितेश करीब 7 वर्ष और आर्यन 8 वर्ष एवं प्राची 4 वर्ष यह तीनों बच्चे उर्मिल बांध में नहाने चले गए। जबकि उनके माता-पिता फेरी का काम करते हैं जो की फेरी लगाने देहात में चले गए मां-बाप जब वापस अपने निवास पर आए तो उन्होंने देखा कि हमारे बच्चे वहां नहीं है उन्होंने खोजबीन की तो पता चला कि तीनों बच्चे नहाने के लिए गए हुए थे। तभी सायं को प्राची 4 वर्ष वापस आई और उसने बताया की दोनों भाई बांध में डूब गए , जिससे आनन-फानन में मां-बाप मौके पर पहुंचे और काफी खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला तब उन्होंने श्रीनगर पुलिस को इसकी सूचना दी । जिस पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने काफी खोजबीन की मगर बच्चों का कहीं कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को सूचित किया और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर सर्च आपरेशन चलाया दूसरे दिन सुबह एक बच्चे की डेड बॉडी पानी में तैरती दिखाई तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसको निकाला, इसके बाद उसी के पास दूसरी डेड बॉडी भी मिल गई। घटनास्थल पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे ने दोनों शवों को पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। एक साथ दो बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो रो के बुरा हाल हो गया।

क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे का कहना है कि श्रीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा माफ स्थित उर्मिल डेम के पास दो बच्चों के डूबने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची गोताखोरों की सहायता से सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जांच में पता चला कि रितेश 7 बर्ष, व आर्यन 8 बर्ष सायं को नहाते समय फिसल कर गहरे पानी में चले गए, 4 वर्षीय बच्ची द्वारा परिजनों को सूचना दी। नियमानुसार पंचनामा भर शवों को पोस्टमार्टम भेज अग्रिम विधि कार्यवाही प्रचलित है।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का 21 महीने से धरना जारी



**फतेहपुर।** ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार का धरना नहर कॉलोनी में पिछले 21 महीने से चल रहा है। इस दौरान धरने में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय संयोजक मदनलाल आजाद व राष्ट्रीय संरक्षक सूरजदीन विश्वकर्मा ने भाग लिया। इस दौरान इन लोगों ने कहा की ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार के द्वारा 1 सितंबर 2024 से लगातार नहर कॉलोनी परिसर में अनिश्चितकालीन आंदोलन चल रहा है जिसमें ठगी का शिकार हुए तमाम निवेशक अपने भुगतान के लिए बार-बार मांग कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस दौरान जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल भी धरने में पहुंचकर निवेशकों की बातें सुनी और इस मुद्दे को शीघ्र संसद में उठाने की भी बात कही। अब देखने वाली बात यह होगी की आखिर कब तक सरकार इनकी बातों को सुनकर इनके भुगतान के लिए अग्रिम कार्रवाई करती है। धरने पर बैठे हुए लोगों में जिलाध्यक्ष अंबिका प्रसाद, महासचिव सतीश कुमार विश्वकर्मा, हरिओम प्रजापति, राकेश कुमार साहू,राम अवतार, बिंदा प्रसाद, रामकरण राजपूत, दीपक कुमार सैनी, धनीराम, रामबाबू, चंद्रशेखर प्रजापति, शिवसागर गोस्वामी, जगदीश, नरेंद्र मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अधिकारी तालाबों को चिन्हित कर खुदवाएं: जिलाधिकारी

- गर्मी के मौसम को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए तालाबों को भरवाने के भी दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारियों, एडीओ पंचायत, डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से नियमों का पालन कराना सुनिश्चित करें तथा ग्रामों में बड़े तालाबों का चिन्हीकरण करके उनको खुदवाया जाए एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुओं, पक्षियों एवं आम जनमानस के लिए तालाबों को भरवाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल की बाउंड्री बाल का कार्य जल्द शुरू करवाया जाए तथा हर ब्लॉक स्तर से गौशालाओं को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जाए। अधिकारियों द्वारा मॉडल गौशाला को गोद लेकर इन गौशालाओं का संचालन प्रभावी रूप से किया जाए। गौशालाओं में पशुओं के लिए नैपियर घास उगाई जाए, जिससे पशुओं को हरा चारा मिल सके।निराश्रित पशुओं की देखभाल प्रभावी रूप से की जाए। साथ ही खेल मैदानों को हर हाल में प्रभावी रूप से रणनीति बनाकर जल्द से जल्द पूर्ण कराये एवं रंगाई पुताई कराकर मॉडल खेल मैदान के रूप में विकसित किया जाए। जिलाधिकारी नें फैमिली आईडी और फॉर्मर रजिस्ट्री में खराब स्थिति होने पर नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने कहा कि हर रोज समीक्षा करके फैमिली आईडी और फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति को बढ़ाया जाए।सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लाक स्तर पर कोई भी पेंडेंसी ना रहे हर रोज सचिव के साथ वर्चुअल बैठक करके कार्य की समीक्षा की जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव, पीडी विपिन कुमार, डीसी मनरेगा अशोक कुमार सहित समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव



**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित बुद्ध पार्क में डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर मिशन भारत के तत्वाधान में गौतम बुद्ध का 2589 वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर प्रार्थना की गई और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इन लोगों ने कहा की गौतम बुद्ध ने धार्मिक एवं सामाजिक क्रांति की। सभी अवरोधों को पार करके मानवता की स्थापना की। जिसे इस संसार में दोबारा कोई नहीं कर पाया।इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बौद्धप्रिय गौतम, राष्ट्रीय महासचिव सकठूराम मयंक, रमेश बौद्ध, अतुल कुमार, बाबूराम गौतम, शकुंतला बौद्ध, सावित्री बौद्ध, सिया दुलारी, कामिनी, प्रशांत प्रिय गौतम, बृजेंद्र कुमार, मुन्ना शेख,भैरव प्रसाद, अनिल बाबू, राम अवतार, छोटेलाल, रमेश गौतम, शिवकुमार गौतम, सोहनलाल गौतम, बृजेंद्र गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ठिकाना कैफे मारपीट कांड में 4 नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था तोड़फोड़ का वीडियो, पुलिस जांच के बाद दर्ज हुई एनसीआर



**जालौन (उरई)।** नगर के चुर्खी रोड स्थित ठिकाना कैफे में 29 अप्रैल को हुई मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की गई। उप निरीक्षक द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जिसके बाद कैफे संचालक पुनीत मुद्गल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना जालौन में एनसीआर संख्या 61/2026 धारा 115 (2), 352, 351 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। इन आरोपियों पर दर्ज हुआ मुकदमा नमन दीक्षित पुत्र देवेन्द्र दीक्षित, निवासी मोहल्ला चौधरयाना, रामजी चतुर्वेदी पुत्र अज्ञात, निवासी आवास विकास, पियूष शर्मा पुत्र अज्ञात, निवासी कहैयाधाम गेस्ट हाउस के पास, अभिलाख राजावत पुत्र अज्ञात, निवासी बैठगंज जालौन है। पुलिस का कहना है कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## शिवसेना शिंदे ने मजदूर दिवस पर श्रमिकों को अंगवस्त्र देकर किया अभिनंदन



**उरई (जालौन)।** मजदूर दिवस के अवसर पर शिवसेना (शिंदे) एनडीए गठबंधन द्वारा इंदिरा स्टेडियम के पास श्रमिकों के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूरों को आमंत्रित कर उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने मजदूरों के योगदान को देश और समाज की प्रगति का आधार बताते हुए उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर वर्ग समाज की रीढ़ है, जिनके अथक परिश्रम से देश की अर्थव्यवस्था और विकास की गति निरंतर आगे बढ़ती है। कार्यक्रम में झांसी मंडल प्रभारी सत्यम सक्सेना, मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य, नगर अध्यक्ष अरविंद राजपूत, नगर उपाध्यक्ष हरी सिंह, डॉ. जगदीश कठेरिया, बूथ अध्यक्ष शिव कुमार पाल, सुनील, राहुल, संजीव वर्मा, अनिल वर्मा, मंगल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों मजदूरों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने मजदूरों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। अंत में सभी ने मजदूरों के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लेते हुए सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर सम्यक महिला संघ ने किया खीरदान, गूंजा बुद्ध वंदना का संदेश



**उरई (जालौन)।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सम्यक दृष्टि महिला संघ के तत्वावधान में झांसी चुंगी चौराहा पर खीरदान, सामूहिक बुद्ध वंदना एवं धम्म देशना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक जयरामदास आनंद ने किया। इस दौरान दीपा संघमित्रा बुद्ध द्वारा बुद्ध वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा। ग्रुप संयोजक रिचा आनंद ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथागत ने अष्टांगिक मार्ग का संदेश दिया, जिसमें सम्यक दृष्टि का विशेष महत्व है। हमें सभी के प्रति समान भाव और करुणा का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। अंत में खीरदान कर सभी ने सेवा और समता का संदेश दिया। अंत में खीरदान कर सभी ने सेवा और समता का संदेश दिया। इस अवसर में जिला पंचायत सदस्य जैसारीकला अर्चना दिनेश जैसारी मालती, मीरा चौधरी, सुनीता बौद्ध, अरुणा भारती, अनीता सिंह, अंजली गौतम, निशा सिंह, शीलेश शांति, एडवोकेट अंजना वर्मा, आरती गौतम, बबीता, अनुराधा वर्मा, कस्तूरी, गायत्री सहित सैकड़ों उपासक-उपासिकाएं उपस्थित रहीं।

## सभासद सुनील गुप्ता ने त्रिपाठी नेचुरल्स प्रतिष्ठान का किया उद्घाटन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के ईशाइन पुरवा वार्ड अंतर्गत भिखारीपुर देवीगंज में त्रिपाठी नेचुरल्स के प्रतिष्ठान का उद्घाटन सभासद व वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान प्रतिष्ठान के संचालक अजय त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सभासद सुनील गुप्ता का अंगवस्त्र भेंटकर व बुकें देकर उनका जोरदार स्वागत किया। वही संचालक अजय त्रिपाठी ने बताया कि उनकी इस कंपनी के द्वारा पावर 360 डिग्री की मॉस्किटो अगरबत्ती के अलावा धूप बत्ती, सुगंधित अगरबत्ती और हवन सामग्री बनाई जाएगी जो फतेहपुर के साथ-साथ अन्य जनपदों में भी सप्लाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी जो यह मच्छर अगरबत्ती है इसके धुंआ से आंखों को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं है और ना ही बच्चों को इससे दिक्कत है। उन्होंने कहा अन्य तमाम मच्छर की अगरबत्तियां आंखों को नुकसान पहुंचती हैं लेकिन यह नेचुरल अगरबत्ती है। इससे आंखों को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा की त्रिपाठी नेचुरल्स का उद्देश्य प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है साथी स्थानीय उद्योग को सशक्त बनाना भी है। वही सभासद व वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से त्रिपाठी नेचुरल्स द्वारा पावर 360 डिग्री की अगरबत्ती बनाई जा रही है जो पूरी तरीके से नेचुरल है और मच्छर की अगरबत्ती में आंखों को कोई दिक्कत भी नहीं है तो इससे अच्छी और क्या बात हो सकती है। साथ ही तमाम लोगों को इस प्रतिष्ठान में रोजगार भी मिल सकेगा। इस अवसर पर लखनलाल, सुनीता त्रिपाठी, कन्हैयालाल, अनूप त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में जुटी: अनुरागी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

- श्रमवीरों के सम्मान का उत्सव मुख्यमंत्री ने किया 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' का शुभारंभ
- जनपद में भी गूंजा सम्मान का संदेश, पात्र श्रमिकों को मिली आर्थिक सहायता



प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' का भव्य शुभारंभ करते हुए श्रम विभाग एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं श्रमिकों ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन देखा और सुना।

जनपद स्तर पर कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को सम्मानित करते हुए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, उरई द्वारा 'मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना' के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि वितरित की गई। इसमें अभिषेक, नीरज, अरविंद राठौर एवं राज कुमार को 31-31 हजार रुपये तथा दीपेन्द्र को 26 हजार रुपये की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे वास्तविक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद में श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, श्रम अधिकारी जगदीश कुमार आदि अधिकारी सहित बड़ी सख्यां में श्रमिक मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से 05/02/2018 को अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश आयुष सिंह अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम अद्वैत सिंह है। अब मेरे पुत्र को अद्वैत सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**अरविन्द मोहन सिंह पुत्र स्व0 होरीलाल निवासी- म0नं0 5/305, आवास विकास कालोनी, थाना कादरीगेट, फर्रुखाबाद।**

# गंदगी देख डीएम नाराज, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

- विद्यालय के रसोईघर की व्यवस्था भी पाई गई संतोषजनक
- परियोजना समयबद्ध पूरी होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने एसडीएम अनुराग सिंह के साथ क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित कस्तूरबा भवन के आसपास गंदगी पाए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सीनियर कक्षाओं के भवन परिसर में खड़ंजा न होने पर खंड विकास अधिकारी को जल्द निर्माण कराने को कहा, ताकि छात्र-छात्राओं को आवागमन में असुविधा न हो। कक्षाओं में जाकर उन्होंने शिक्षण व्यवस्था देखी और कंप्यूटर कक्ष में बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति जानी। बच्चों द्वारा कंप्यूटर संचालन देख उन्होंने संतोष जताया।

विद्यालय के रसोईघर की व्यवस्था भी संतोषजनक पाई गई।

इसके बाद डीएम व एसडीएम ब्रहद गौशाला कन्धईपुर पहुंचे, जहां नवनिर्मित गौशाला का निरीक्षण किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण होने की जानकारी पर डीएम ने 15 दिनों के भीतर भवन हैंडओवर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई, भूसा भंडारण व्यवस्था का जायजा लिया और गौवंशों को केला व गुड़ खिलाया। साथ ही कर्मचारियों को पशुओं के नियमित चारा-पानी व रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र का भी दौरा किया और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परियोजना समयबद्ध पूरी होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# आंधी से टूटे विद्युत पोल, ट्रांसफॉर्मर गिरा दो दिन से अंधेरे में डूबा भैरमपुर गांव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत भैरमपुर में बीते दो दिन पूर्व आई तेज हवा व आंधी से कई विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं ट्रांसफॉर्मर भी जमीन पर गिर गया। इसके चलते पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। लगातार दो दिनों से बिजली न आने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव निवासी विवेकानंद शास्त्री ने बताया कि तेज आंधी के चलते करीब सात विद्युत पोल टूटकर गिर गए हैं। साथ ही ट्रांसफॉर्मर और बिजली के तार भी जमीन पर पड़े हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। हालात यह हैं कि मोबाइल फोन और इनवर्टर पूरी तरह डिस्चार्ज हो चुके हैं, जिससे लोगों का बाहरी संपर्क भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय पूरे गांव में घोर अंधेरा छाया रहता है, जिससे सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग को सूचना दे दी गई है, लेकिन अभी तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पोलों और ट्रांसफॉर्मर की जल्द मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके। वहीं इस संबंध में क्षेत्रीय जेई से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## कोटवाधाम में बैशाखी के मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बैसाखी पूर्णिमा के अवसर पर श्री कोटवाधाम में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा गोंडा, बहराइच, सीतापुर, अयोध्या सहित कई जनपदो से पहुंचे श्रद्धालु लाइन में लगकर बड़े बाबा जगजीवन दास साहेब को प्रसाद चढा कर मनोकामनाएं मांगी। शुक्रवार की दोपहर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह में कोटवाधाम मेला का निरीक्षण किया। उन्होने बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर मे दर्शन किए और मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने अधिकारियो को दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज,क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पन्त,तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और बदोसराय कोतवाल राम अवतार सरोज सहित अन्य अधिकारियो के साथ बैठक की। उन्होने मेले से संबंधित जानकारी ली और कोटवाधाम के लिए स्वीकृत डेढ़ करोड़ रुपये के विकास कार्यों की स्थिति जानी।

# दुकान खाली करने के विवाद में दर्जी की मौत



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

दुकान खाली करने को लेकर हुए 15 दिन पूर्व हुए विवाद में घायल दर्जी की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने देर शाम कोटवा सड़क से कोटवा धाम मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया, जिससे करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सूचना पर पहुंचे कोतवाली निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। जानकारी के मुताबिक जहमतिया का पुरवा मजरे गाजीपुर निवासी श्याम यादव कुंटी गांव में किराए की दुकान लेकर सिलाई का काम करते थे और उसी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में तीन छोटे बेटे और दो बेटियां हैं।परिजनों के अनुसार, 15 अप्रैल की शाम दुकान मालिक मोनू यादव अपने साथियों अनील और अमन के साथ पहुंचे और श्याम पर तत्काल दुकान खाली करने का दबाव बनाने लगे थे। श्याम द्वारा मोहलत मांगने पर आरोपियों ने कथित रूप से उसे दुकान से खींचकर बाहर ले जाकर बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया था।जहां से हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया जहां पर शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। श्याम यादव की मौत से आक्रोशित परिजनों ने देर शाम कोटवा सड़क कोटवा धाम मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने परिजनों को आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का शासन देकर प्रदर्शन समाप्त करा दिया। पुलिस ने मृतक के भाई संदीप कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीमारी से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर समाप्त की जीवनलीला

**बेलहरा,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

- मृतक के बेटे गुड्डू ने पुलिस को तत्काल दी घटना की सूचना

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बंजरियापुरवा गांव में गुरुवार देर शाम बीमारी से परेशान एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बंजरिया पुरवा निवासी प्यारे (52) पिछले कई महीनों से विभिन्न बीमारियों से परेशान थे। इस वजह से वह मानसिक तनाव में रहने लगे और गुरुवार की शाम छप्पर नुमा घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।काफी देर तक जब वह दिखाई नहीं दिए,तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान उनका शव घर के अंदर लटका हुआ मिला, जिससे परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक के बेटे गुड्डू ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अवधेश सैंगर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला बीमारी से तंग आकर आत्महत्या करने का प्रतीत हो रहा है, शव पीएम भेजा गया है।

# गौशालाओं के लिए भूसा दान अभियान शुरु

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र की गौशालाओ मे भूसा दान करवाने का अभियान तेज हो गया है। राजस्व कर्मचारी गांव जाकर किसानों से संपर्क कर दानदाताओ को प्रेरित कर रहे है।प्रशासन के प्रयासो और समाजसेवियों के सहयोग से सभी गौशालाओं में भूसे का स्टॉक हो रहा है। शुक्रवार सुबह उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा ने स्वयं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भूसा औलिया लालपुर गौशाला पहुंचाया।उपजिलाधिकारी सरोज ने बताया कि गौशालाओ में किसी प्रकार की समस्या न हो,इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। भूसा,पानी और चारे की व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है और सभी लेखपालों को इसकी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।गो सेवा-पुण्य संचय अभियान के तहत 50-50 क्विंटल भूसा दान करने वाले तीन समाजसेवियों को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इनमें थानाडीह निवासी पुष्पेन्द्र शुक्ला अंशू, कोटवाधाम के महंत नीलेन्द्र बख्श दास और सीतादेवी पीजी कॉलेज, पारिजात धाम बरौलिया शामिल हैं। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह,मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कुमार द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र में कहा गया कि यह योगदान केवल दान नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और करुणा का संकल्प है। पत्र में गो सेवा का प्रत्येक संकल्प, पुण्य का अक्षय संचय है वाक्य भी अंकित है। तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में गौवंशों के लिए चारे की कमी न हो,इसलिए भूसा स्टॉक करवाया जा रहा है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे गो सेवा-पुण्य संचय अभियान से जुड़कर गौशालाओं में भूसा,हरा चारा दान करें।

## खबरें एक नजर में

### एएसपी ने दी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को विदाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में नियुक्त उ.नि. हरिशंकर वर्मा, उ.नि. धर्मेन्द्र व उ.नि. शबीब खां को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे-फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने की बात कहकर, पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया।

### दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 3 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। आबकारी टीम द्वारा तहसील लालगंज के थाना खीरों अंतर्गत ग्राम महारानी गंज एवं खरगापुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 50 किग्रा. लहन मौके पर नष्ट किया गया तथा 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### विभिन्न वादों से संबंधित आठ वारण्टी गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित वारण्टी के धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न वादों, अभियोगों में 8 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में जमील पुत्र झब्बार निवासी भवसिंहपुर कनू, मुन्नवर पुत्र झब्बार निवासी भवसिंहपुर, रसीद पुत्र झब्बार उम्र निवासी भवसिंहपुर, राम प्रकाश पुत्र रामलाल निवासी रामापुर गडेरी, भवानी पुत्र रामकृपाल निवासी डेहरा पूरे शिवपाल, कृष्णदेव पुत्र चन्द्रभूषण शुक्ला निवासी शुकुलपुर डेहरा, हरदेव पुत्र चन्द्रभूषण शुक्ला निवासी शुकुलपुर डेहरा व रीता पत्नी छोटेलाल उर्फ सरजू निवासी ग्राम डेहरा थाना संग्रामपुर वर्तमान पता ग्राम लोनियापुर थाना अमेठी शामिल हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया त्रिविध पावन पर्व बुद्ध पूर्णिमा

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



त्रिविध पावन पर्व बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर जिले में बुद्ध जयंती और बुद्ध कथाओं और खीर दान भंडारों की धूम रही। हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध जयंती के अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा विशाल धम्म यात्रा निकाल कर बुद्ध की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। यह धम्म यात्रा श्रावस्ती नगर लखपेड़ाबाग स्थित बुद्ध विहार से शुरू हुई जो कुशीनगर, कुटिया, बड़ेल, शुक्लाई, डॉ अम्बेडकर छात्रावास पैसार, डॉ अम्बेडकर चौक नाका चौराहा, छाया चौराहा आदि स्थानों पर स्थापित बुद्ध एवं डॉ आंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि, दीपांजलि कर त्रिशरण पंचशील का पाठ किये गए और लोगों को करुणा का संदेश दिया गया। धम्म यात्रा में महासभा के अध्यक्ष सुंदरलाल भारती, संतलाल,हरिनंदन सिंह गौतम,कल्लू प्रसाद, आरपी गौतम, रत्नेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग बाइकों पर पंचशील झंडे के साथ धम्म यात्रा में भाग लिया। डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति द्वारा डॉ अम्बेडकर चौक स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि दीपांजलि व वुद्ध वंदना कर खीरदान,भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने किया। फतेहपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में बुद्ध पूर्णिमा पर स्थापित बुद्ध विहार का लोकार्पण सांसद तनुज पुनिया ने किया। इस अवसर पर व्याख्यान में सांसद ने कहा कि बुद्ध जी की शिक्षा ही मानव मानव में प्रेम सौहार्द ला सकती है, इसे जितनी जल्दी स्वीकार कर लिया जाए, उतना ही हम प्रगति कर सकते है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं पत्रकार रत्नेश कुमार ने कहा कि धर्म को जब राजाश्रय मिलता है तब उसका प्रसार होता है। अशोक सम्राट का राजाश्रय मिलने के कारण बौद्ध धर्म पूरे विश्व मे अपना प्रकाश किया था। आज बौद्ध धर्म को राजाश्रय की जरूरत है। का संचालन राम औतार ने किया, अतिथियों का स्वागत सन्त रविदास सेवा समिति के अध्यक्ष प्रवेश कुमार ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता आरपी गौतम, पूर्व राजस्व निरीक्षक कल्लू प्रसाद, समाजसेवी भागीरथ गौतम, रमेश चौधरी, मंशाराम कनौजिया राजेन्द्र कनौजिया आदि तमाम गणमान्य लोगों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# निलंबित सचिव का चार्ज लंबित अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत नैपालापुर से जुड़ा निलंबित ग्राम विकास अधिकारी गीतांजलि वर्मा का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। भ्रष्टाचार के आरोपों में पूर्व में निलंबित की जा चुकीं गीतांजलि वर्मा वर्तमान में विकासखंड बिसवां से संबद्ध हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी सक्रियता खैराबाद ब्लॉक और विकास भवन सीतापुर में लगातार देखी जा रही है, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहराता जा रहा है।

ग्राम पंचायत नैपालापुर में उनके कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यों का चार्ज अब तक वर्तमान सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह को नहीं सौंपा गया है। वहीं, मखुवापुर, निजामाबाद, सुजावलपुर और डहेलियाश्रीरंग ग्राम पंचायतों का चार्ज भी मौजूदा सचिव राजकुमार को नहीं दिया गया है। संबंधित सचिवों द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद चार्ज हस्तांतरण लंबित है। चार्ज न मिलने के कारण नैपालापुर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और अभिलेखों की पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह आशंका जताई जा रही है कि यदि समय से चार्ज हस्तांतरित हो जाता, तो पूर्व में कराए गए कार्यों और वित्तीय लेन-देन की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती थी। इस पूरे प्रकरण में खंड विकास अधिकारी नीरज दुबे और एडीओ पंचायत ओपी सिंह की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। आरोप हैं कि उनकी ओर से प्रभावी कार्रवाई न किए जाने के कारण ही यह मामला लंबा खिंचता जा रहा है। वहीं, निलंबन के बावजूद गीतांजलि वर्मा का खैराबाद ब्लॉक और विकास भवन में लगातार सक्रिय रहना भी चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था के संबंध में हुई बैठक



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन, शांति व कानून व्यवस्था कार्यों संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अभियोजन विभाग द्वारा एजेंडा प्रस्तुत करते हुये कानूनी कार्यवाहियों एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने विभिन्न वादों की स्थिति पर चर्चा कर वादों पर गुणवत्तापूर्ण पैरवी करने के निर्देश दिए। विभिन्न वादों के अभियोजन अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। महिला सम्बन्धी अपराधों एवं एससीएसटी एक्ट के वादों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अपीलों को समय से दाखिल कराया जाये। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी सजा मिले, इसके लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद की कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। भूमि से संबंधित विवादों का नियमानुसार निस्तारण कराया जाये।

## तूफान से आम की फसल तबाह, मुआवजे की मांग

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिले में आए तेज तूफान ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। विकास खण्ड जगदीशपुर की ग्राम पंचायत वलीपुर में तेज आंधी के कारण आम की कच्ची फसल भारी मात्रा में पेड़ों से गिर गई, जिससे बागवानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मियां के पुरवा निवासी किसान ओम प्रकाश ने बताया कि उनके बाग में लगे कच्चे आम लगभग पूरी तरह नष्ट हो गए। उनके अनुसार, उन्हें करीब 4 लाख की आर्थिक क्षति हुई है। ओम प्रकाश कहा, ऋसाल भर की मेहनत और जमा पूंजी इस बाग में लगाई थी, लेकिन एक झटके में सब कुछ खत्म हो गया। अब समझ नहीं आ रहा कि परिवार का गुजारा कैसे होगा। क्षेत्र के अन्य किसानों ने भी बताया कि तेज हवा के साथ आए तूफान ने आम के साथ-साथ अन्य फसलों को भी प्रभावित किया है।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, तीन घायल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

कार और ई-रिक्शा की टक्कर से सड़क हादसे में एक ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार तीन श्रद्धालु घायल हो गए। घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के थौरा गांव के पास की बताई जा रही है। सभी घायल बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सुल्तानपुर स्थित गोमती नदी में स्नान कर वापस लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, ई-रिक्शा अमेठी शहर की ओर आ रहा था, तभी अमेठी से सुल्तानपुर जा रही एक आर्टिगा कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। घायलों की पहचान तिवारीपुर निवासी सरोज तिवारी, थौरा गांव निवासी उर्मिला तिवारी और उनके पति करुणा शंकर तिवारी के रूप में हुई है। सभी ई-रिक्शा चालक विनोद अग्रहरि के साथ गोमती नदी में स्नान करने गए थे। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक को भी मामूली चोट आई। घायलों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना की सूचना 108 एंबुलेंस सेवा को दी गई, लेकिन एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। इसके बाद ई-रिक्शा चालक ने घायलों को दूसरे ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी पहुंचाया। डॉक्टर सौरभ सिंह ने बताया कि अस्पताल में दो महिलाएं और एक पुरुष सहित तीन घायल लाए गए थे। एक महिला के चेहरे पर और दूसरी के पैर में चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस, जनपद अमेठी

पत्रांकः 1398/न.पा.प.जायस/सीवरेज एवं जल निकासी/2026-27 दिनांक- 28.04.2026

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 में नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 29.04.2026 से 19.05.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 19.05.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदाएं खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

टेण्डर शेड्यूल(www.etender.up.nic.in पर)

| क्रमांक | विवरण | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 29.04.2026 | - |
| 2. | | Tender Download | 29.04.2026, 2:00 PM | 19.05.2026, 2:00 PM |
| 3. | | Bid Submission | 29.04.2026, 2:00 PM | 19.05.2026, 2:00 PM |
| 4. | Bid Opening | | 19.05.2026, 4:00 PM | |

कार्य-विवरण

| क्र. सं. | कार्य/स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (GST सहित) | जमानत धन राशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद जायस के अर्न्तगत वार्ड नं.3 में लेबर मण्डी से वार्ड नं.10 मे चाँद लॉन तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 6698000.00 | 669800.00 | 11,900.00 | 3 माह |
| 2. | नगर पालिका परिषद जायस के अर्न्तगत वार्ड नं.07 के मौलवी खुर्द में हरिश्चन्द्र के मकान से नन्द कुमार के दुकान तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 6232000.00 | 623200.00 | 11,100.00 | 3 माह |
| 3. | नगर पालिका परिषद जायस के अर्न्तगत वार्ड नं.05 में पदुमलाल मुर्गी फार्म से रामकमल के घर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 2348000.00 | 234800.00 | 4200.00 | 3 माह |
| 4. | नगर पालिका परिषद जायस के अर्न्तगत वार्ड नं. 12 में पकरी में हौसिला के मकान से पीताम्बर के दुकान तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 6232000.00 | 623200.00 | 11,100.00 | 3 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, जायस
जनपद-अमेठी

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, जायस
जनपद-अमेठी

# अग्निकांड पीड़ितों से मिले डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, दी आर्थिक सहायता

**डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव बोले, भविष्य में भी वे इन परिवारों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा 193 अमृतपुर के मोहम्मदाबाद क्षेत्र के श्योगनपुर गाँव में बीते दिन लगी भीषण आग ने कई परिवारों की जिंदगी पल भर में तहस-नहस कर दी। अग्निकांड से प्रभावित गाँव के मेहनती किसान और छोटे व्यापारी राजकुमार, सुनील, विनोद कुमार और अनिल कुमार के बीच समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव पहुंचे और पीड़ित परिजनों का हालचाल जाना और घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों की आर्थिक सहायता देकर मदद की।



अग्नि पीड़ितों को राहत सामग्री देते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव आदि

बताते चले कि किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग इतनी भयानक थी कि गाँव के रहने वाले राजकुमार की दुकान, एक भैंस एक पड़िया, एक बकरी और सुनील कुमार की तीन भैंस, एक गाय की जलकर मौत हो गयी थी।

वहीं विनोद कुमार का रखा भूसा जल कर राख हो गया था। घरों में रखा अनाज, दुकानें और सालों की मेहनत से खड़ा किया गया सामान सब कुछ जलकर राख हो गया था। इतना ही नही, कई बेजुबान मवेशी भी इस आग की चपेट में आ गए। जिससे पीड़ित परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जहां एक तरफ ये परिवार अपने नुकसान से उबरने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफमदद के लिए लोग भी आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मौके पर ही कुछ आर्थिक सहायता दी और पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि उनकी जली हुई दुकान, जिसे स्थानीय भाषा में खोका कहा जाता है उसे दोबारा बनवाने में पूरी मदद की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने एक परिवार को बकरा देने और आगे भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में वे पीड़ितों के साथ हैं और उनकी भावनाओं को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी वे इन परिवारों के साथ खड़े रहेंगे। इस मुश्किल घड़ी में उनकी यह पहल पीड़ित परिवारों के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मकान में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख



आग लगने के दौरान का दृश्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर कस्बे में गुरुवार शाम एक रिहायशी मकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में घर का सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भयावह थी कि रसोई तक पहुंचने के बाद गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार यह घटना कस्बा निवासी पिंटू के घर में हुई। आग संदिग्ध परिस्थितियों में लगी और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। उस समय चल रही तेज हवाओं ने आग को और भड़का दिया, जिससे लपटें तेजी से फैलती चली गईं। आग लगते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत निजी समरसेबल पंप चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण आग पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो रहा था। इसी दौरान आग रसोई घर तक जा पहुंची, जहां रखे गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली और वह तेज धमाके के साथ फट गया। गनीमत रही कि धमाके के वक्त सभी लोग घर से सुरक्षित दूरी पर थे। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पाया। हालांकि, तब तक पिंटू के घर में रखा बिस्तर, कपड़े, अनाज और अन्य कीमती घरेलू सामान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गये। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव न्यामतपुर ढिलावली निवासी राजीव पुत्र मेघनाथ सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपने भाई अनिल वं शालू पुत्र राजीव के साथ ग्राम ललई में राज कमल शाक्य बटाईदार के यहाँ गये थे, तभी धनदेवी पत्नी लक्ष्मी नारायण उनकी बेटी पूजा और लक्ष्मी अंजली ने आते ही हमारे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। राजीव को पिटता देख बीच बचाव के लिए आये अनिल व शालू को भी उक्त लोगों ने लात-घूसों, लाठी-डन्डो से मारा पीटा। वही दूसरे पक्ष से धनदेवी पत्नी लक्ष्मी नारायण ने पुलिस को तहरीर देकर जिसमें कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर राजीव, अनिल, शालू, राज कमल एक जुट होकर आए और आते ही हमारे साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। बीच बचाव के लिए आई मेरी बेटी पूजा व अंजली को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर राजीव, अनिल व धनदेवी, अंजली, पूजा का मेडीकल परीक्षण करवाया।



अस्पताल में भर्ती घायल को देखते परिजन

# तथागत के मार्ग से ही संभव है समाज का कल्याण: पीके वर्मा

**2570वीं बुद्ध जयंती पर उमड़ा जनसैलाब**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला कादरीगेट स्थित ऐतिहासिक होली मैदान में तथागत गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। क्षेत्रीय सभासद शक्ति सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में अनुयायियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान जहाँ एक ओर धम्म चक्र के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा।

वहीं दूसरी ओर वक्ताओं ने बुद्ध के विचारों को आज के युग की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उत्सव का शुभारंभ शाम 5 बजे एक विशाल धम्म यात्रा बाइक रैली के साथ हुआ। यह यात्रा कार्यक्रम स्थल होली मैदान से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो बस अड्डा स्टैंड, आवास विकास होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। सैकड़ों की संख्या में मोटर साइकिलों पर सवार युवा हाथों में पंचशील झंडे लिए बुद्धम शरणम गच्छामि के नारे लगा रहे थे। धम्म यात्रा जिस मार्ग से भी गुजरी, वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के समापन के पश्चात मंच पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना की गई। उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया। शांति और सद्भाव के इस वातावरण में लोगों ने भगवान बुद्ध के बताए करुणा और मैत्री के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



भंते को सम्मानित करते पूर्व मंत्री पीके वर्मा

उन्होंने कहा कि बुद्ध का दर्शन किसी अंधविश्वास या पाखंड पर नहीं, बल्कि तर्क और विज्ञान पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुद्ध ने कभी खुद को भगवान नहीं कहा, बल्कि उन्होंने कहा कि मैं केवल तुम्हारा मार्गदर्शक हूँ, मुक्तिदाता नहीं। अंचल सिंह शाक्य ने कहा समाज से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह अस्त्र है जिससे गरीबी और अज्ञानता को मिटाया जा सकता है। बौद्ध भिक्षुओं भंते का शाल उड़ाकर भगवान बुद्ध का चित्र भेट कर सभासद शक्ति सिंह कुशवाहा, जवाहर सिंह गंगवार, सूर्य प्रकाश, राम सिंह कुशवाहा, एस वर्मा, रामाश्रय कनौजिया, विजय कनौजिया ने सम्मानित किया। पूर्व मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हरदोई पीके वर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। संचालन सभासद धर्मेंद्र कन्नौजिया ने किया।

# डीएम ने ट्रॉमा सेंटर निर्माण में लापरवाह कार्यदायी संस्था पर लगायी पेनाल्टी

**अधूरे कार्यों को 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर किया जाये हैंडओवर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल परिसर में लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 50 बेड के ट्रॉमा सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण में पाया गया कि ट्रॉमा सेंटर में अभी तक विद्युत कनेक्शन स्थापित नहीं किया गया है तथा विद्युत सुरक्षा संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र भी प्राप्त नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त अग्निशमन विभाग से भी अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया गया है, जो कि सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लिफ्ट संचालन के संबंध में जानकारी करने पर अवगत कराया गया कि लिफ्ट संचालन हेतु आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए अभी तक आवेदन भी नहीं किया गया है। इन गंभीर कमियों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी अवशेष कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण कराया जाए। डीएम ने संबंधित कार्यदायी संस्था की लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए उस पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा कार्यों में अनावश्यक विलंब के लिए संबंधित एजेंसी की जवाबदेही तय की जाएगी।



निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण करती डीएम

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ट्रॉमा सेंटर की सभी खिड़कियों पर सुरक्षा के दृष्टिगत मजबूत जाली लगाई जाए। साथ ही भवन के अंदर विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, सीवरेज, प्रकाश व्यवस्था, ऑक्सीजन लाइन, वार्डों की फिनिशिंग, शौचालयों की उपयोगिता तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ट्रॉमा सेंटर में स्थापित की जाने वाली सभी चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यक मानव संसाधन की तैनाती हेतु संबंधित विभाग अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ करे, जिससे ट्रॉमा सेंटर के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधूरे कार्यों को 15 दिनों के भीतर पूर्ण करते हुए ट्रॉमा सेंटर को पूर्ण रूप से तैयार कर हैंडओवर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप संपन्न कराए जाएं। डीएम ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर के शीघ्र संचालन से जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे गंभीर रोगियों के उपचार में अत्यधिक सहूलियत प्राप्त होगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बांकेलाल हत्याकाण्ड में तीन आरोपी और गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बांकेलाल हत्याकाण्ड में पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गाँव उलियापुर निवासी बांकेलाल के परिवार के बीच 2025 में भैस जलाने व भैस चोरी के आरोप में संज्य अग्रवाल की गोदाम में कहा सुनी हुई थी। इसके बाद 12 अप्रैल को बांकेलाल के घर मे घुसकर लाठी-डंन्डे व धारधार हथियार से हमला कर बांकेलाल को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल ले जाते समय बांकेलाल की मौत हो गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर गोदाम मालिक सहित 13 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने अपने हमराहियों के साथ ग्राम लखनपुर मोड़ से जितेन्द्र उम्र 40 वर्ष, नागर उम्र 22 वर्ष तथा ममता उम्र 36 वर्ष निवासीगण घसिया चिलौली कोतवाली कायमगंज को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण करवाकर न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला सहित अभी तक 8 हत्या आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# सोहन अग्निहोत्री ने 94.4 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया मान

**हिस्ट्री/सिविक्स में 98 प्रतिशत अंक, डॉक्टर बनने का लक्ष्य**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में कस्बा अमृतपुर निवासी छात्र सोहन अग्निहोत्री ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। सोहन अग्निहोत्री जो अंकित अग्निहोत्री एवं कोपल अग्निहोत्री के पुत्र हैं, सीपी विद्या निकेतन विद्यालय के छात्र हैं। उन्होंने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से हिस्ट्री/सिविक्स विषय में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उन्होंने अपनी मेधा का परिचय दिया। उन्होंने इंग्लिश-1, इंग्लिश-2, हिंदी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, ज्योग्राफी, मैथमेटिक्स एवं कंप्यूटर जैसे विषयों में भी बेहतरीन अंक हासिल किए हैं। सोहन का सपना भविष्य में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। विद्यालय प्रबंधन ने भी सोहन की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



सोहन को मिठाई खिलाते परिजन

## करंट लगने से बालक अचेत, अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील परिसर में लगे फ्रीजर से पानी लेने आये बच्चे को जोरदार करंट लग गया। जिससे वह अचेत होकर वहीं गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में अचेत बच्चे को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसका उपचार किया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला चिलाँका निवासी विक्रम का 6 वर्षीय पुत्र आर्यन बच्चों के साथ तहसील में लगे फ्रीजर से पानी भरने आया था, तभी अचानक उसके करंट लग गया। जिससे वह अचेत होकर वहीं गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है।



# आगजनी से पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे सपा के प्रदेश सचिव

**डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने राहत सामग्री वितरित कर हर संभव मदद का दिया भरोसा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा 192 कायमगंज के ग्राम समैचीपुर चितार में चूल्हे की एक छोटी सी चिंगारी देखते ही देखते भीषण आग बन गई। इस आग में कई परिवारों का भारी नुकसान हुआ है। आग की घटना की जानकारी होने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव पीड़ित परिजनों के घर पहुंचे और उनका हालचाल जाना तथा आर्थिक मदद भी की।

बताते चले कि आग पीड़ित खुश मुहम्मद, ईद उल, शकील, अबरार, शमशाद, नौशाद और रुखसार के नाम शामिल है। आग ने इन गरीब परिवारों की मेहनत की कमाई और घर का सामान पूरी तरह से राख कर दिया।




पीड़ित परिवार के बीच डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

शुक्रवार को भीषण अग्निकांड के पीड़ितों की मदद के लिए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, उनका हाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिया। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि इस कठिन समय में हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। इस दौरान उनके साथ जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव, विनय यादव, अजीत यादव, रामपाल यादव, रानू गंगवार, अभय यादव शामिल रहे।

# गंगा स्नान करने आ रही श्रद्धालुओं से भरी बस टैंकर पलटी, 25 घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुद्ध पूर्णिमा पर हरदोई के हरपालपुर से फर्रुखाबाद पांचाल घाट गंगा स्नान करने 60 यात्रियों से भरी बस शाहजहांपुर के अल्लहगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास निजी बस टैंकर से टकराकर पलट गई। जिसमें 25 लोग घायल हो गए। घायलों में से 11 को फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस चालक बेहद तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था और यात्रियों द्वारा टोकने के बावजूद उसने रफ्तार कम नहीं की। इसी लापरवाही के चलते एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में बस सड़क किनारे पलट गई, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के हरपालपुर से सुबह प्राइवेट बस में करीब 60 यात्री सवार हुए। चालक बस को तेजी भगा रहा था। कुछ यात्रियों ने उससे सही से बस चलाने के लिए भी कहा। पर उसने एक नहीं सुनी। इस बीच गांव रघुनाथपुर के पास आगे चल रहे वाहन को ओवर टेक करने के प्रयास में बस टैंकर से टकराकर पलट गई। इससे चीख पुकार मच गई। पुलिस व आसपास के ग्रामीणों ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसमें 25 यात्री घायल हो गए। एंबुलेंस से 11 घायल यात्रियों को लोहिया अस्पताल भेजा गया है। इनमें से नौ को भर्ती कर लिया गया। दो यात्रियों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना की जानकारी होने पर एसीएमओ डॉ. रंजन गौतम, एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय तथा सीओ अभय वर्मा ने लोहिया अस्पताल पहुंच कर मरीजों का हाल जाना है। पुलिस के अनुसार हरदोई थाना पाली के गांव पांडेयपुरवा निवासी 45 वर्षीय राधिका, 60 वर्षीय नन्हीं देवी, सवायजपुर गांव सलउद्दीपुर निवासी 31 वर्षीय विश्व प्रताप सिंह, मिलरगवां निवासी 55 वर्षीय उमाकांती, माहरेपुर निवासी 55 वर्षीय गुड्डी, 65 वर्षीय रामदेवी, 8 वर्षीय अनुष्का पुत्री प्रदीप पाल, नंदबाग निवासी 47 वर्षीय रामलड़ैते, 60 वर्षीय जदुवीर सिंह, गोकुल बेहटा गांव रामपुर मानपुर निवासी रंजीत सिंह, अमरेखा निवासी 30 वर्षीय राजू को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं लोहिया अस्पताल में भर्ती हरदोई जिले के थाना सवायजपुर क्षेत्र के गांव मिरगवां निवासी घायल उमाकांती के पुत्र राहुल ने बताया कि बस पलटने पर उनकी मां के कुंडल व छह हजार रुपये वहीं गिर गए थे। बस से निकालने के दौरान एक सिपाही ने कुंडल व रुपये उठा लिए थे। मांगने उसने कहा कि पहले अस्पताल जाकर इलाज कराओ बाद में थाने आकर यह ले जाना। पर जब राहुल रुपये व कुंडल मांगने गया तो सिपाही ने रुपये व कुंडल लेने से ही इनकार कर दिया। इससे परेशान व्यवस्था कोसता रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों का उपचार जारी है।



लोहिया में भर्ती घायल

## दबंगों ने घर में घुसकर महिला को पीटा, जेवरात लेकर भागे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सोना जानकीपुर निवासी अर्चना देवी पत्नी अनिल कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 1 मई को समय करीब दिन के 12:30 बजे शिवम कुमार एवं दशरथ सिंह पुत्र नरेश चंद्र, राहुल कुमार पुत्र राजकुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर के मेरी पुत्रवधू लक्ष्मी वह पुत्र अनिल कुमार को गाली-गलौज किया। मना करने पर उक्त लोगों ने लात घूसो, लाठी-डंडों एवं बेल्टों से जमकर मारपीट की। एवं मेरी पुत्रवधू की शादी 4 दिन पहले हुई थी, जिसके हाथ गले से सोने का हार एवं एक जंजीर व कमर की करधनी वालों छीन ले गए। पुलिस में जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

## संकिसा में तीन झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को धम्मा लोको बुद्ध विहार संकिसा से सुबह 7:45 बजे भगवान बुद्ध की तीन झांकियां के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिससे पहले सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने फीता काटकर व पंचशील ध्वज दिखाकर शोभा यात्रा को बौद्ध स्तूप के लिए ढोल नगाड़ों के साथ रवाना किया। शोभायात्रा में जब तक सूरज चांद रहेगा बौद्ध धर्म का नाम रहेगा आदि नारे लगाते हुए शोभा यात्रा बौद्ध स्तूप पर पहुंची। बौद्ध अनुयायियों ने स्तूप के तीन चक्कर लगाए और मोमबत्ती व अगरबत्ती लगाकर पूजा अर्चना की। डॉ0 धम्मपाल महाथैरो ने बुद्ध वंदना एवं परित्राण पाठ कराया। डॉ. धम्मपाल महाथैरो ने बताया कि दुनिया में 84 हजार बौद्ध स्तूप है। बुद्ध पूर्णिमा को बुद्ध उपदेशों को याद करते हैं। ढाई हजार वर्ष पहले भगवान बुद्ध को एक पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। बुद्ध ने 80 वर्ष की आयु में कुशीनगर में उपदेश दिए थे। बुद्ध पूर्णिमा शांति का प्रतीक है। जहां-जहां बुद्ध की अस्थियां है वहां-वहां पूजा होती है भगवान बुद्ध ने 84 हजार उपदेशों में आधे उपदेश संकिसा में दिए थे। पूरे विश्व में 28 बुद्ध हुए सभी बुद्ध संकिसा आऐ। आगे जो मैत्री नाम के बुद्ध होंगे वह भी संकिसा में आएंगे। 23000 वर्ष पूर्व सम्राट अशोक ने स्तूप बनवाए थे। यह अचल चैत्य स्तूप केवल संकिसा की पावन धरती पर ही है। इस स्तूप की जमीन आठ वीघा 9 विश्वा बुद्ध जयंती के नाम से दर्ज है। सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने बताया कि सनातन की परिभाषा क्रिया है। बुद्ध को याद करने का उद्देश्य कि जो उन्होंने शिक्षा दी है उस पर चले, ज्ञान, मैत्री पर चले ज्ञान की शुरुआत बुद्ध की व्यवस्था है। परमात्मा को अपने अंदर खोजो बुद्ध ने नफरत का संदेश कभी नहीं दिया जितने भी महापुरुष हुए सभी का रास्ता एक है। बुद्ध की शिक्षा पर अमल करो प्रकृति का नियम नहीं बदल सकता है। पहले प्रकृति की पूजा अधिक होती थी। हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर भिक्षु करमापा, भिक्षु संघ कीर्ति, भिक्षु आनंद कीर्ति, भिक्षु संघ रक्षित आदि भिक्षुओं के अलावा काफी संख्या में बौद्ध अनुयायी उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमिकों के हितलाभ वितरण, श्रमिक पंजीयन एवं जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर, मुख्य विकास अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, व्यापारीगण एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीयन प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएमएसवाईएम) योजना के अंतर्गत कराएं। जिससे श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

डीएम ने श्रम विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में निर्माण स्थलों पर विशेष पंजीयन शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र श्रमिकों को योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विभिन्न उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रमिक कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया। श्रम विभाग के तत्वाधान में उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकत निर्माण श्रमिकों के कल्याणार्थ योजनाएं संचालित करता है।

मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना-देय हितलाभ' मातृत्व हितलाभ में पंजीकृत कामगारों को रु 6,000 एकमुश्त देय। महिला कर्मकार को संस्थागत प्रसव की स्थिति में 3 माह के न्यूनतम वेतन के समतुल्य धनराशि तथा रू 1,000 चिकित्सा बोनस के रूप में देय। महिला श्रमिक को गर्भपात होने की दशा में 06 सप्ताह के समतुल्य तथा नसबन्दी कराये आने पर 02 सप्ताह के समतुल्य न्यूनतम वेतन। शिशु के पुत्र होने की दशा में एकमुश्त 20,000 तथा पुत्री होने पर रू0 25,000 प्रति शिशु की दर से देय होगा। परिवार में पहली सन्तान बालिका होने अथवा दूसरी सन्तान के भी बालिका होने की दशा अथवा कानूनी रूप से गोद ली गयी बालिका की दशा में रू0 25,000 की सावधि जमा। जन्म से दिव्यांग बालिका की दशा में रु0 50,000 की सावधि जमा। परिपक्वता राशि बालिका के 18 वर्ष की आयु तक अविवाहित रहने की दशा में ही देय होगी। शर्त पूर्ण न होने पर कोई भी राशि देय नहीं। आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।




श्रमिकों को प्रमाण पत्र देते सांसद डीएम आदि

# 17 मई को आयोजित होगा आठवां फोटोग्राफी मेला



पोस्टर लॉन्च के दौरान मौजूद छायाकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद फोटो क्लब द्वारा लगने वाले 8वाँ फोटोग्राफी मेला एवं सम्मेलन का पोस्टर लॉन्च जोगराज स्थित एक स्टूडियो पर किया गया किया गया। मेले में फोटोग्राफर की कार्यशाला एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। फोटोग्राफर सम्मेलन 17 मई को केएम हाउस में आयोजित किया जाएगा। पोस्ट लॉन्चिंग के अवसर पर जोन प्रभारी अमित राठौर, नगर अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, नंदकिशोर चौरसिया, सोनू शुक्ला, अनुराग पांडेय, स्वतंत्र प्रकाश वर्मा, भारत सिंह, रुपेश कुमार, दीपक राठौर, जतिन गंगवार, लकी शाक्य, सनोज शाक्य, रवि शाक्य, अतुल शाक्य, अनिकेश राजपूत, आर्यन शाक्य, अतुल पाल आदि मौजूद रहे।

# विद्युत बंच केबिल डलवाने को लेकर व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन




डीएम को ज्ञापन सौंपते मनोज मिश्रा, विमलेश मिश्रा आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा व जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा ने जिलाधिकारी को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि नेकपुर खुर्द से गुरुगांव देवी मंदिर तक सड़क के दोनों ओर बंच केबिल डाला जाना पांच वर्ष से प्रस्तावित है। नेकपुर खुर्द में हरदेव शाक्य के मकान से अमर रेस्टोरेंट होते हुए काली मंदिर तिराहे तक दक्षिण तरफ कहीं नाली निर्माण कार्य नहीं है। आये दिन समस्यायें उत्पन्न होती है। नाली निर्माण व बंच केबिल डलवाने का काम कराये जाने की मांग की। विश्वास गुप्ता व लाखन सिंह, विमलेश मिश्रा, अनूप गुप्ता आदि ने मांग की। वहीं दूसरे ज्ञापन में गुरुगांव देवी मंदिर के निकट नगर पालिका द्वारा स्वागत गेट गुरु द्रोणाचार्य द्वार के सड़क के दोनों तरफ कामर्शियल एवं घरेलू विद्युत कनेक्शन है। जिनकी केबिल लगभग 250 मीटर दूर गुरुगांव देवी मंदिर के निकट आती है। नीची केबिल होने के कारण बंदर तार पर झूलते है और केबिल क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऐसे में कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

पूरे दिन आवागमन होता रहता है। इस ओर ध्यान दिया जाये और बंच केबिल डलवाने का कार्य किया जाये। काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया नगरीय स्वास्थ्य केंद्र होते हुए शनिदेव मंदिर, डॉ. घासीराम के निर्माणाधीन अस्पताल तक अनेको घरेलू कार्शियल विद्युत कनेक्शन है। ऐसे में विद्युत केबिल साधा पड़ी हुई है। विद्युत बंच केबिल की आवश्यकता है, जिसे डलवाया जाये, आदि मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा।

# जेएस इंटर कॉलेज के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



विद्यालय में अब्बल आने वाले छात्रों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जेएस इंटर कॉलेज के होनहार छात्रों ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधक डा0 नागेंद्र सिंह यादव द्वारा प्रेषित हाई स्कूल के 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को तीन-तीन हजार की चेक वितरित कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान शिवा, द्वितीय स्थान वैभव, तृतीय स्थान करन शर्मा ने प्राप्त किया। विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय प्रधानाचार्य ने तीनों विद्यार्थियों को चेक देकर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। अब से हर कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले एवं 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था साधना निकुंज द्वारा बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित परिचर्चा में अध्यक्षता कर रही राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि हिंसा और उन्माद के इस दौर में मानवता की रक्षा सिर्फ तथागत बुद्ध के अमृत वचन ही कर सकते हैं। साहित्यकार प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि तथागत बुद्ध सही मायने में भारतरत्न हैं वे विश्व के अनमोल प्रज्ञा पुरुष हैं। तथागत बुद्ध ने सनातन वैदिक दर्शन के बुद्धिवाद में करुणा का रस धोला। लोक भाषा पाली को माध्यम बनाकर उन्होंने अपनी बात जन-जन तक पहुंचा दी। प्रमाण के स्थान पर अनुभव और प्रयोग को मान्यता दी।



गोष्ठी में मौजूद मिथलेश अग्रवाल आदि

प्रधानाचार्य योगेश तिवारी ने कहा भगवान बुद्ध का हर शब्द चेतना जगाने का महामंत्र है। बौद्धिक स्वतंत्रता का मंगल गान है। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला एवं अमरनाथ शुक्ला ने कहा कि तथागत का उपदेश प्रज्ञा और करुणा का समन्वय है। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने कहा की तथागत बुद्ध ने आत्मा परमात्मा स्वर्ग नरक पूजा पाठ परिक्रमा का निषेध किया और वैचारिक क्रांति के अगुआ बने। वीएस तिवारी ने कहा भारत की सनातन ज्ञान परंपरा विभाजन नहीं समन्वय की पक्षधर है। हिंदी प्रवक्ता हरिनारायण उपाध्याय ने कहा कि हमारे धर्म में निंदा और विरोध को स्वीकृति दी गई है। एडवोकेट राजवीर शाक्य ने कहा कि भारतीय संविधान में बौद्ध, जैन एवं सिख मतों को सनातन हिंदू धर्म से अलग नहीं किया गया है। युवा कवि अनुपम मिश्रा, बलवीर सिंह, अभिषेक चतुर्वेदी, संजीव शुक्ला, शिव कुमार दुबे आदि ने भी विचार रखे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।



महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

## चिकित्सक पर युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चिकित्सक के पास उपचार के लिए गयी युवती के साथ छेड़छाड़ के मामले में पीड़िता ने चिकित्सक के विरुद्ध थाना मऊदरवाजा में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के क्षेत्र चिलसरा स्थित एक मुस्लिम का अस्पताल है। युवती दवा लेने के लिए गयी थी। युवती का आरोप है कि डाक्टर उसे अंदर अपनी केविन में देखने के बहाने बुलाकर ले गया। अश्लीलता की और छाती में हाथ डाल दिया। किसी तरह बचकर वहां से भागी और बचकर पूरी घटना अपनी मां को बतायी। जिसके बाद मां के साथ थाना मऊदरवाजा पहुंचकर पीड़िता ने चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। फिलहाल इस संदर्भ में थाना मऊदरवाजा की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# श्रमिक दिवस पर स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगला हूसा के पास भट्टा परिसर में विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा श्रमिक आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। यह मेला 28 अप्रैल से 5 मई तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य श्रमिक वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

आयोजित मेले में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक करीब 50 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेले में विभिन्न बीमारियों की जांच के साथ-साथ मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित जांच और साफ-सफाई के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही, जिसमें रोहित सिंह, शुभम शर्मा, शिवानी त्रिपाठी सहित सुनीता और कल्पना आशा कार्यकर्त्ता ने भी लोगों को मेले तक लाने और जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें अनिल, नीतू, शिवकांत, सुमित, कुलदीप और आशीष ने सहित अन्य मरीजों ने लाभ उठाया।



उपचार कराते लोग

मेले में पहुंचे श्रमिकों और स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया और सरकार की इस पहल की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के मेले आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# फार्मर रजिस्ट्री आईडी न बनाने वाले 60 पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> लेखपालों पर भी की गई कार्यवाही

फार्मर रजिस्ट्री आईडी न बनाने वाले लेखपालों पर कार्रवाई करते हुए 60 पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने वाले किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने का कार्य अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। भारत सरकार ने यह निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के समस्त लाभार्थियों को अगली किस्त का लाभ तभी मिलेगा, जब उनकी फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बन जाएगी। जनपद स्तर पर प्रत्येक राजस्व ग्राम के लिए कार्मिकों की ड्यूटी लगाते हुए किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है। एक सप्ताह में शून्य प्रगति वाले कर्मचारियों में विकास विभाग के अतुल अग्निहोत्री, मोहित यादव, विकास अधिकारी, पंचायत राज विभाग के पंचायत सचिव विवेक कुमार, मनीष साहू, नौशाद अहमद, राजस्व विभाग के लेखपाल अजीत द्विवेदी, अजय कुमार, सुबोध गुप्ता, अनुराधा यादर एवं मनरेगा के ग्राम रोजगार सेवक रेनुका, अर्जुन सिंह, सुरजन सिंह, विनोद कुमार, उमेश चन्द्र, संजय कुमार पर कार्यवाही की गई है।साथ ही पंचायत सहायकों को तत्काल सेवा से मुक्त करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये सीडीओ ने दिये है। कृषि विभाग के 03 कार्मिक संजेश कुमार, संजीव कुमार प्राविधिक सहायक एवं विवेक कुमार, बी0टी0एम0 के द्वारा भी कम प्रगति पर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। विकास खण्ड स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा हेतु नामित किये गये नोडल अधिकारियों को भी कम प्रगति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# डीएम ने लोहिया पुरुष चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> भर्ती बच्चों की माताओं से जाना हालचाल, फल किये वितरित

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने डॉ. राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय में संचालित एन.आर.सी. (पोषण पुनर्वास केंद्र) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य, उपचार एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। डीएम ने एन.आर.सी. वार्ड में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सभी बच्चों को समय से आयरन सिरप उपलब्ध कराया जाए एवं नियमित रूप से उनका हीमोग्लोबिन परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वार्ड की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वार्ड का तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस के मध्य बनाए रखा जाए, जिससे बच्चों को अनुकूल वातावरण मिल सके। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों एवं उनकी माताओं को प्रदान की जाने वाली पौष्टिक आहार (डाइट) का चार्ट स्पष्ट रूप से वार्ड में चस्पा किया जाए, ताकि परिजनों को भी इसकी जानकारी रहे। डीएम ने केंद्र में भर्ती 13 बच्चों एवं उनकी माताओं से संवाद स्थापित कर उनका हालचाल जाना गया तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों एवं उनकी माताओं को फल, बिस्किट, जॉनसन बेबी किट एवं साड़ियां वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एन.आर.सी. केंद्र में स्वच्छता, पोषण एवं उपचार की सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं तथा नियमित मॉनिटरिंग की जाए, जिससे कुपोषण उन्मूलन के प्रयासों को प्रभावी बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सकगण उपस्थित रहे।



लोहिया अस्पताल का निरीक्षण करती डीएम

## श्रमिक दिवस पर 35 से अधिक श्रमिकों को किया गया सम्मानित

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कायमगंज रेंज के शहीद विनोद कुमार पौधशाला शमशाबाद में श्रमिकों को उनके विभाग में योगदान के लिए सम्मानित किया गया और उनके के लिए उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया। प्रभागीय निदेशक ने 35 से अधिक कायमगंज रेंज के दैनिक श्रमिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक राजीव कुमार, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार और कायमगंज रेंज के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

# फिर एक दिव्यांग दंपत्ति को सपा नेता अजीत यादव ने दिया रोजगार



फीता काटकर उद्घाटन करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद के टिमरुआ निवासी बिट्टू कठेरिया तथा उनकी पत्नी दोनों दिव्याँग हैं, आमदनी का कोई साधन और कोई सहारा न होने की वजह से रोटी कपड़ा जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी दूसरों की मदद लेने को मजबूर हैं। बिट्टू कठेरिया की मजबूरी की जानकारी जब जिला संगठन को सोशल मीडिया के माध्यम से हुई तो जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव के सहयोग से लकड़ी की दुकान और उसमें परचून का सामान रखवाकर उनके गाँव भिजवाया।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव पार्टी पदाधिकारियों के साथ पहुंचे तथा फीता काटकर दुकान का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि यही है असली समाजवाद आज हम लोग डॉ0 राममनोहर की कर्मभूमि पर गाँव की अन्तिम झोपड़ी तक पीडीए के संदेश को पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा समाजवादी विचारधारा ही गरीबों के विकास और उनके कल्याण के बारे में सोच सकती है। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि नर सेवा को नारायण सेवा मानकर रोजगार देने का यह प्रयास लगातार जारी रहेगा, जिसका कोई सहारा नहीं होगा, समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी नजर आएगी।इस दौरान वीरेंद्र सिंह सोमवंशी, सूरज सिंह राठौड़, राजपाल यादव, रामपाल सिंह यादव, अनुराग यादव मौजूद रहे।

## रिश्वत लेते कानूनगो व उसके सहायक को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील सदर क्षेत्र के शमसाबाद के पूर्वी के राजस्व निरीक्षक कानूनगो व उसके सहयोगी को एंटीकरप्शन टीम ने शहर के मोहल्ला बजरिया स्थित किराए के मकान से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। खेत की पैमाइश कराने के नाम पर 40 हजार रुपये की मांग की थी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर नादी निवासी किसान सर्वेश शाक्य ने बताया कि उनका गांव में ही सात बीघा खेत है। मौके पर खेत कुछ कम है। जिसके चलते वह खेत की पैमाइश कराना चाहता है। कई माह से पैमाइश के लिए फतेहपुर के लखनऊ चौराहा निवासी सदर तहसील में तैनात कानूनगो विमल श्रीवास्तव के पास पैमाइश की गुहार लगा रहे थे। कानूनगो के साथ ही शहर के कादरीगेट निवासी सेवानिवृत्त लेखपाल अश्वनी सक्सेना का बेटा पवन सक्सेना निजी सहयोगी के रूप में रहता है। उसी के माध्यम से कानूनगो ने सर्वेश से खेत की पैमाइश करने के लिए 40 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। उसने इतने रुपये न होने की दुहाई दी। इसके बाद भी कानूनगो अपनी जिद पर अड़ा रहा। इससे परेशान होकर उसने कानपुर की एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। टीम ने कानूनगो को पकड़ने का जाल बिछाया। बजरिया फील्ड के पास एक दुकान पर पहुंची। वहां काफी देर तक टीम के सदस्य अलग-अलग स्थानों पर खड़े रहे। शाम को सर्वेश पवन सक्सेना के साथ कानूनगो विमल श्रीवास्तव को उसके बजरिया स्थित किराए मकान पर15 हजार रुपये रिश्वत देने पहुंचा। जैसे कानूनगो को 15 हजार रुपये दिए, वैसे ही टीम ने कानून व उसके सहायक को दबोच लिया। दोनों को एंटी करप्शन टीम फतेहगढ़ कोतवाली लेकर पहुंची। इसकी जानकारी होते ही लेखपाल एकत्र होकर फतेहगढ़ कोतवाली पहुंचे, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। काफी देर इंतजार करने के बाद लेखपाल वहां से चले आये।

## दबंगों ने घर में घुसकर बोला हमला, कई घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सोना जानकीपुर गांव में शुक्रवार को महिला पर उसकी जेठानी के घर हमला किया गया। पुरानी रंजिश के चलते हुए इस हमले में महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार सोना जानकीपुर निवासी कृष्णा देवी पत्नी राजकुमार शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे अपनी जेठानी कुंती देवी के घर बैठी थीं, तभी गांव के ही कुछ युवक वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर कृष्णा देवी से गाली-गलौज करने लगे। कृष्णा देवी, उनके जेठ नरेश सिंह, जेठानी कुंती देवी और पुत्रों शिवम व प्रांशु ने जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो युवकों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। कृष्णा देवी ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान उनके कान के कुंडल और मंगलसूत्र तोड़ दिए गए। साथ ही हमलावर जेठानी के कमरे में रखे जेवरात भी निकालकर ले गए और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में शिवम उर्फ मनोज और नरेश सिंह घायल हो गए। उन्हें नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। घटना का वीडियो किसी ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कृष्णा देवी ने गांव के ही नामजद लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## खबरें एक नजर में

### गाय के हमले से घायल पूर्व प्रधान की इलाज के दौरान मौत, गांव में पसरा मातम



**मितौली खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र के फतेपुर पुलिस चौकी अंतर्गत बोझिया, शिवपुरी गांव में एक दर्दनाक हादसे में घायल हुए पूर्व ग्राम प्रधान की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 69 वर्षीय भगवानदीन पुत्र सुंदरलाल बीते मंगलवार की सुबह रोज की तरह अपने घर पर गाय का दूध निकाल रहे थे। इसी दौरान अचानक एक कुत्ता वहां आ गया, जिससे घबराकर गाय बेकाबू हो गई और उछल पड़ी। इस दौरान गाय का पैर सीधे भगवानदीन के पेट पर जा लगा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली ले जाया गया, जहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। लखनऊ में दो दिन तक चले इलाज के बाद गुरुवार को भगवानदीन ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने लखनऊ में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराने के बाद शव को गांव लाया, जहां शुक्रवार सुबह पूरे गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। भगवानदीन गांव के सम्मानित व्यक्ति थे और पूर्व ग्राम प्रधान रह चुके थे। उनकी अचानक हुई मौत से ग्रामीणों में गहरा दुख है। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्र के लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस हादसे ने एक बार फिर पशुओं के बीच काम करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

### अशोक कनौजिया दोबारा बने डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसो. के जिला अध्यक्ष, कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव संपन्न



**लखीमपुर खीरी।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा लखीमपुर खीरी का द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान संगठन की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अशोक कुमार कनौजिया को पुनः अध्यक्ष और अनिल कुमार को मन्त्री चुना गया। अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (CMS) डॉ. राजकुमार कोली, विशिष्ट अतिथि मण्डलीय सचिव राजेश पाण्डेय और सहायक नियन्त्रक (विधिक माप विज्ञान) मनोज कुमार की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मन्त्री अनिल कुमार ने संगठन की प्रगति रिपोर्ट पेश की, जबकि कोषाध्यक्ष प्रसून श्रीवास्तव ने आय-व्यय का ब्यौरा सदन के सामने रखा। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से रिपोर्ट और आय-व्यय को ध्वनिमत से पारित किया। संगठन के प्रवक्ता सुशील कुमार शुक्ला ने जानकारी दी कि अधिवेशन की द्वितीय पाली में प्रान्तीय पर्यवेक्षक राजेश पाण्डेय के निर्देशन में चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी एम.यू. अन्सारी और ए.के. शर्मा (चीफ फार्मेसिस्ट, सीतापुर) ने पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराई, जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। मण्डलीय सचिव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। **नई कार्यकारिणी की सूची:** निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में अशोक कुमार कनौजिया (अध्यक्ष), विनीत कुमार गुप्ता (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), विजय कुमार तिवारी (उपाध्यक्ष), अनिल कुमार (मन्त्री), आशीष कुमार निरंकारी (संगठन मन्त्री), सर्वेश कुमार (संयुक्त मन्त्री), प्रसून श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष) और शेषनाथ यादव (सम्प्रेक्षक) शामिल हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी साथियों का आभार जताते हुए फार्मेसिस्टों के हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर बुध मंदिर चक कोटार में वितरण किया गया प्रसाद



**हलिया (मिर्जापुर)।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुध मंदिर, चक कोटार में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रिय बंधुओं से सुबह 10 बजे मंदिर पहुंचकर दीपदान करने के बाद प्रसाद ग्रहण करने की अपील किया गया है। भगवान बुद्ध के जन्म, बोधि प्राप्ति और महापरिनिर्वाण का प्रतीक है। इस दिन बौद्ध अनुयायी और श्रद्धालु विशेष पूजा-अर्चना कर शांति और करुणा का संदेश देते हैं। बुध मंदिर, चक कोटार में श्रद्धालु दीप प्रज्वलित कर भगवान बुद्ध को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया ।दीपदान के साथ ही प्रसाद वितरण भी किया गया है । मंदिर परिसर को फूलों और दीपों से सजाया गया है श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है। आयोजकों ने कहा कि सभी भक्तों की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ेगी और शांति व सद्भाव का संदेश फैलेगा ।इस दौरान सम्राट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष गौरी शंकर मौर्य, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्य,तुलसी मौर्य, सुरक्षा व्यवस्था में एसआई श्याम लाल आदि मौजूद रहे।

### विद्युत लाइन की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

**प्रतापगढ़।** लाइन मैन ट्रांसफॉर्मर मे फाल्ट ठीक कर रहा था कि विद्युत सप्लाई बहाल होने से वह चपेट में आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। कंधई थाना के मधुपुर गांव निवासी बहादुर यादव 50 लाइन मैन है वह शुक्रवार को फाल्ट ठीक करने के लिए मीरनपुर गांव पहुंचा, जहां स्कूल के पीछे लगे ट्रांसफार्मर पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा था कि अचानक विद्युत सप्लाई बहाल हो गई और वह उसकी चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। बताया जा रहा है कि वह चिलबिला ईस्ट लाईन अंतर्गत ट्रांसफार्मर में फाल्ट ठीक कर रहे थे, तभी दर्दनाक हादसा हो गया और उनकी मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। परिजनों में चीख पुकार मची हुई है।

### राजकीय औद्योगिक संस्थान सुखपाल नगर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक संस्थान, सुखपालनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न उद्योगों से जुड़े महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण श्रमिकों को दिखाया गया। मुख्यमंत्री के संबोधन में श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के संकल्प को प्रमुखता से रेखांकित किया गया ।इस अवसर पर जनपद के प्रमुख उद्यमी अनुराग खण्डेलवाल,चन्द्र प्रकाश शुक्ला,दिनेश वरनवाल, राज किशोर साहू एवं संतोष साहू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता के प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता भी सम्मिलित हुए ।जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक देश की आर्थिक प्रगति की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम एवं समर्पण के बिना औद्योगिक विकास की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने श्रमिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम के अंत में श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### संत एंथोनी कालेज में जनगणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ



**प्रतापगढ़।** संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ में जनगणना 2026-27 हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर की तीन दिवसीय प्रारंभ प्रशिक्षण में कुल 165 प्रगणक एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी लोग पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करे जिससे जनगणना करते समय किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। मन में जो भी शंकाएं हो उसका समाधान प्रशिक्षण कक्ष में अवश्य कर ले ।मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर इओ नगर पालिका राकेश कुमार ,खंड शिक्षा अधिकारी नगर संतोष वर्मा, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार उमरवैश्य ,संदीप कुमार यादव मौजूद रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**





थाना मितौली क्षेत्र के ग्राम कैमीभूड़ में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव उसके ही बाग में पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कैमीभूड़ निवासी करीब 40 वर्षीय प्रेमपाल सिंह का शव शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे गांव के पश्चिम दिशा में स्थित उनके बाग में पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल परिजनों को सूचना दी गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों के मुताबिक, प्रेमपाल सिंह गुरुवार दोपहर से घर से लापता थे। परिजनों ने उन्हें काफी तलाश किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। बताया गया कि गुरुवार रात में उनकी परिजनों से फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिससे किसी अनहोनी की आशंका नहीं थी। ऐसे में सुबह उनका शव पेड़ से लटका मिलने से परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक के परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि प्रेमपाल का किसी से कोई विवाद या घरेलू कलह नहीं था। ऐसे में आत्महत्या की बात आसानी से स्वीकार नहीं की जा सकती। परिजनों का आरोप है कि किसी ने उनकी हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया है, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

घटना की सूचना मिलते ही थाना मितौली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। साथ ही फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने की भी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मितौली महेश पाठक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच कर रही है और परिजनों के आरोपों की भी गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक प्रेमपाल सिंह के परिवार में दो बेटे हैं। बड़े बेटे की शादी हो चुकी है, जबकि छोटे बेटे की शादी अभी नहीं हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में दहशत व तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

## 'नगर पालिका आपके द्वार' अभियान से सैकड़ों को राहत, घर-घर पहुंची सुविधा

- कैंप लगाकर बने राशन कार्ड, सभागार में हुआ वितरण

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित 'नगर पालिका आपके द्वार' अभियान के तहत शहरवासियों को बड़ी राहत मिली है। अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में कुल 9 स्थानों पर कैंप आयोजित कर पात्र नागरिकों के राशन कार्ड बनाए गए। इसके बाद तैयार राशन कार्डों का वितरण नगर पालिका सभागार में किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परिषद लगातार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 'नगर पालिका आपके द्वार' अभियान का उद्देश्य आम लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना और पात्र लोगों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। राशन कार्ड प्राप्त करने वाले नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए नगर पालिका परिषद का आभार जताया। इस दौरान सभासद राजेश वर्मा, मोहम्मद इजरान, शाहिद, लिपिक अमित श्रीवास्तव, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी समेत पालिका कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

**अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस**

## 40 श्रमिकों का सम्मान, अंगवस्त्र व मिष्ठान भेंट

- 'श्रमेव जयते' के संदेश संग भारत विकास परिषद ने किया श्रमिकों का अभिनंदन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा छोटी काशी गोला द्वारा श्रमिकों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को अलीगंज रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में परिषद पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने 40 श्रमिकों को अंगवस्त्र भेंट कर एवं मिष्ठान खिलाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में परिषद की संरक्षिका एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने 'श्रमेव जयते' के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान करते हुए श्रमिकों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि देश और समाज के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिनके परिश्रम से विकास की नींव मजबूत होती है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक बीडी वर्मा, परिषद अध्यक्ष अनुज खरे, सचिव मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील वर्मा, नीरज सक्सेना, राम सागर वर्मा, डॉ. योगेश कन्नौजिया, आदित्य कुमार पाण्डेय, आदर्श कुमार जायसवाल, गौरव गुप्ता, शैलेन्द्र वर्मा, विक्रम वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**हलिया, (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत कठारी गांव में बिजली के करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी छोटेलाल दुबे की भैंस चरते हुए कठारी प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंच गई। इसी दौरान वहां लगे बिजली के खंभे के स्टे में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे भैंस उसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते खंभों में करंट उतर रहा है, जिससे आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने विभाग से शीघ्र जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने और पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की है।

## रोडवेज कर्मचारियों का गोला डिपो पर धरना, निजी बसों के अवैध संचालन पर उठी आवाज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

- 19 मई तक मांगें न मानीं तो 20 को होगा बड़ा आंदोलन, कर्मचारियों की चेतावनी



रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार को गोला डिपो बस स्टेशन परिसर में ट्रैफिक एवं स्टेशन शाखा के कर्मचारियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस आंदोलन में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन गोला डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेश चंद्र कमल को सौंपा। कर्मचारियों ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों के अवैध संचालन, डग्गामारी और परमिट शर्तों के उल्लंघन के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। वक्ताओं ने कहा कि इससे परिवहन निगम को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है और व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कर्मचारियों ने निगम की संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने की योजनाओं पर भी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही बताया कि 15 मार्च को भेजे गए मांग पत्र पर अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। सभा में मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में दी गई आर्थिक सहायता के लिए आभार जताते हुए कर्मचारियों ने जनहित में परिवहन निगम के हितों की रक्षा करने की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि 19 मई तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 20 मई को प्रस्तावित क्षेत्रीय धरना, रैली और आमसभा में बड़ी संख्या में भागीदारी कर आंदोलन को तेज किया जाएगा।

**निगम स्तर की समस्याएं भी उठाईः** कर्मचारियों ने संविदा परिचालकों को वरिष्ठता का लाभ देने, सेवा नियमावली बनाने और लंबे समय से कार्यरत संविदा व आउटसोर्स कर्मियों के नियमितीकरण की मांग की। इसके साथ ही वेतन कटौती समाप्त करने, ईपीएफ सीमा हटाने, ईएसआई व चिकित्सा सुविधा देने और न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग उठाई गई।

**शासन स्तर की प्रमुख मांगें**

कर्मचारियों ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों के अवैध संचालन और डग्गामारी पर रोक लगाने की मांग उठाई। साथ ही बस अड्डों के एक किलोमीटर दायरे में निजी वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध की मांग की गई। कर्मचारियों का कहना है कि पर्यटक परमिट के नाम पर निजी बसें नियमों का उल्लंघन कर निगम बसों के समानांतर चल रही हैं, जिससे निगम की आय और सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। अन्य मांगों में अतिरिक्त कर में समानता, बकाया कर को अंशपूंजी में बदलना, एक्सप्रेसवे व हाईवे को राष्ट्रीयकृत मार्ग घोषित करना शामिल है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में होने वाले घाटे को सरकार द्वारा वहन करने, निगम विरोधी योजनाओं पर रोक लगाने और बस स्टेशनों से निजी बस संचालन की योजनाओं को निरस्त करने की मांग भी उठाई गई। संविदा चालकों-परिचालकों के नियमितीकरण, महंगाई भत्ते के भुगतान और बकाया एरियर जारी करने की मांग भी प्रमुख रही।

कर्मचारियों ने बिना गलती के चालान वसूली रोकने और डीजल औसत के नाम पर कटौती बंद करने की भी मांग की। आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक में वृद्धि, नियमित भर्ती, कार्यशालाओं के निजीकरण पर रोक, पुरानी बसों को हटाने, उच्च पेंशन सुविधा और सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। धरना प्रदर्शन में केके वर्मा, आलोक कुमार अवस्थी, जुगेंद्र सिंह, सुशील गुप्ता, अनामिका सिंहा, अंशिका चौधरी, कृष्णा राज, रिकी पाल, अरुण मिश्रा, विपिन शर्मा, कमलेश यादव, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## सपा मजदूर सभा ने मनाया मजदूर दिवस

- शहिदों को नमन कर दी श्रद्धांजलि



**मिर्जापुर।** सपा मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष मेवालाल प्रजापति के अगुवाई में जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में श्रमिको के मौजूदगी में मजदूर दिवस मजदूरो का हथौडा, रींच, आदि औजार रखकर मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा की आज ही के दिन शिकागो में हजारो मजदूर शहिद हो गये थे। जिनके याद में आज हम उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन कर रहें हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मेवालाल प्रजापति ने कहा की मजदूरो से 8 घंटे ही काम लिया जाए। उन्होने लगे हाथ भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा की सरकार मजदूरो के हित में कोई कार्य नही कर रही है। मजदूर उत्तर प्रदेश से रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशो के लिए पलायन कर रहे है। आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में मजदूर भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगे।इस अवसर पर आधा दर्जन मजदूरो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अखिलेश सिंह, साहिल गोंड, सलीम बादशाह, जमाल अहमद, रवि सोनकर, दीनानाथ प्रजापति, चंदन यादव, जुम्मन खान, धंनजय सिंह, केशरीनंदन शर्मा, बजरंगी पाल, अजित यादव, राजकुमार प्रजापति, आजाद विश्वकर्मा, पप्पू प्रजापति, अभय यादव आदि मौजूद रहे।

## लाइसेंसी पिस्टल और कारतूस के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा

- मड़वा धनावल गांव में बुधवार की रात विवाद के दौरान आर्केस्ट्रा संचालक की लाइसेंसी पिस्टल छीनकर भागे थे मनबढ़ युवक
- आर्केस्ट्रा संचालक की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज, पुलिस मामले की कर रही थी जांच

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**




ड्रमंडगंज क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में बीते 29 अप्रैल को आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर हुए विवाद में आर्केस्ट्रा प्रबंधक की लाइसेंसी पिस्टल छीनकर भागने वाले इंद्रवार गांव निवासी मनबढ़ युवक को पुलिस ने शुक्रवार सुबह पिस्टल और कारतूस के साथ मड़वा धनावल गांव से गिरफ्तार कर लिया। जबकि पकड़े गए युवक के दो अन्य साथी पुलिस को देखकर भाग निकले। मड़वा धनावल गांव में लालगंज थाना क्षेत्र के सेमरी कलां गांव से बरात आई थी बरात में आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर विवाद हो गया था। आर्केस्ट्रा देखने पहुंचे ग्रामीणों के अनुसार आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर हुए विवाद के दौरान मनबढ़ युवकों ने आर्केस्ट्रा संचालक की लाइसेंसी पिस्टल छीनकर भाग निकले थे।वहीं इस मामले में गुरुवार को आर्केस्ट्रा संचालक सौरभ जायसवाल निवासी बल्ली का अड्डा थाना कोतवाली कटरा ने अज्ञात के विरुद्ध लाइसेंसी पिस्टल और 6 कारतूस चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ मूलचंद्र वर्मा हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव कांस्टेबल कुलदीप कुशवाहा ने मड़वा धनावल गांव स्थित तालाब के पास से इंद्रवार गांव निवासी किरन उर्फ अर्जुन को धर दबोचा जबकि मामले में लिप्त दो अन्य युवक रोहित पुत्र हीरा निवासी अमदह थाना ड्रमंडगंज व अमित पुत्र अरूण निवासी पवांरी कलां थाना हलिया पुलिस को देखकर मौके से भाग निकले। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि पकड़े गए युवक किरन उर्फ अर्जुन के पास से लाइसेंसी पिस्टल पांच कारतूस और एक खोखा बरामद हुआ है। पकड़े युवक के दो अन्य साथी पुलिस को देखकर मौके से भाग निकले। तीनों लोग लाइसेंसी पिस्टल लेकर कहीं भागने की फिराक में मड़वा धनावल गांव स्थित तालाब के पास मौजूद थे।फरार दोनों युवकों की तलाश की जा रही है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस मुठभेड़ में 2 शातिर गो-तस्कर घायल, 6 गोवंश बरामद

**अदलहाट (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



पुलिसने अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना अदलहाट पुलिस और गो-तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में दो शातिर अपराधी पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशानुसार जनपद में पशु तस्करी रोकने हेतु चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान, क्षेत्राधिकार चुनार मंजरी राव के कुशल नेतृत्व में अदलहाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गोवंशों को क्रूरतापूर्वक बांधकर पिकअप वाहन से बिहार ले जाया जा रहा है। पुलिस टीम ने ग्राम हाजीपुर नहर पुलिया के पास संदिग्ध पिकअप को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख तस्करों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाई, जिससे दोनों तस्कर घायल हो गए।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान भोला हरिजन (24 वर्ष), निवासी- विसौरा खुर्द, अदलहाट (अपराधिक इतिहास। 5 मुकदमे - गैंगस्टर एक्ट व गोवध निवारण अधिनियम)।बाबू उर्फरामजन्म सोनकर (22 वर्ष), निवासीरू रामपुर ढबही, अहरौरा (अपराधिक इतिहासरू 2 मुकदमे - गैंगस्टर एक्ट व गोवध निवारण अधिनियम)। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध असलहे और मवेशी बरामद किए हैं।छह राशि गोवंश (जिन्हें वध हेतु ले जाया जा रहा था)। दो अवैध तमंचे (.315 बोर) मय 04 जिंदा व 02 खोखा कारतूस। एक पिकअप वाहन जिसे एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों के विरुद्ध थाना अदलहाट में बी.एन.एस. की धारा 109(1), गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सेठ, उप-निरीक्षक विजय राय, उप-निरीक्षकअभयनारायण, उप-निरीक्षक अरुण, हरिनाथ और हेड का. बृजेश यादव, आरक्षी नवीन पटेल अजय सिंह शामिल रहे। एसपी ऑपरेशन और क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ने पुलिस टीम की तत्परता की सराहना की है।

## उपखण्ड अधिकारी के निर्देशन में चला बिजली चेकिंग अभियान



**मिर्जापुर।** गर्मियों के मौसम में बढ़ते हुए विद्युत लोड, ऊर्जा खपत एवं विद्युत चोरी की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उपखंड अधिकारी दीपक पटेल के निर्देशन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में अवर अभियंता प्रमोद कुमार स्टाफ टीम सम्मिलित रही। अभियान के अंतर्गत डंकीगंज, तेलियागंज, पक्की सराय, पैरिया टोला ,दुर्गा देवी, मकरीखो आदि क्षेत्रों में व्यापक रूप से विद्युत उपभोक्ताओं की जांच की गई। चेकिंग के दौरान कुल 10 विद्युत अनियमितताएं पाई गई तथा विद्युत चोरी के मामलों में 4 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग की मंशा है कि सभी उपभोक्ता विधिवत विद्युत संयोजन लेकर ही बिजली का उपयोग करें तथा कटिया डालकर अवैध रूप से बिजली का प्रयोग न करें। विद्युत चोरी एक दंडनीय अपराध है, जिससे न केवल विभाग को आर्थिक क्षति होती है, बल्कि अन्य उपभोक्ताओं को भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती है। विभाग द्वारा इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।